राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 322
लखनऊ, शुक्रवार 24 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



शमसाबाद में कृषि विभाग की कार्यशाला का हुआ आयोजन 10
राजनीतिक हित साधने की कोशिश कर रहा विपक्ष : केशव 03

# नीट पेपर लीक मामले में फास्ट-ट्रैकिंग न्याय

## जल्द न्याय दिलाने व कड़ी सजा देने के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू, चार राज्यों में स्थापित की जाएंगी अदालतें

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद सरकार ने पेपर लीक में शामिल लोगों को जल्द न्याय दिलाने और कड़ी सजा देने के लिए, फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

नीट पेपर लीक मामले में आरोपियों पर नए एंटी-चीटिंग कानून के तहत कार्रवाई होगी और उन पर पब्लिक एग्जामिनेशन एक्ट, 2024 के तहत मुकदमा चलाया जाएगा। विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार चार राज्यों में फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाने की प्रक्रिया में है। उन्होंने बताया कि इस कानून के तहत दोषी पाए जाने और सजा होने पर पांच साल की जेल और 10 लाख रुपए का जुर्माना हो सकता है। अभी हाईकोर्ट में लगभग चार मामले लंबित हैं और अब इन सभी मामलों की सुनवाई फास्ट-ट्रैक कोर्ट में होगी।



**नीट पेपर लीक मामले में आरोपियों पर नए एंटी-चीटिंग कानून के तहत होगी कार्रवाई**

सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार संबंधित राज्यों और हाईकोर्ट से इन मामलों के लिए विशेष फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाने का औपचारिक अनुरोध करने वाली है, ताकि रोजाना सुनवाई हो सके और मामलों का जल्द निपटारा हो सके। चूंकि नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट) एक ऐसी परीक्षा है जिसे एनटीए आयोजित करती है। इसलिए, इससे जुड़े पेपर लीक और अनुचित साधनों के मामले इस कानून के दायरे में आएंगे।

सूत्रों ने बताया कि नीट लीक के संबंध में अब तक इस कानून के तहत चार एफआईआर दर्ज की गई हैं। इन मामलों की सुनवाई के लिए बॉम्बे, कलकत्ता, दिल्ली और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के अधिकार क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर चार फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाए जा रहे हैं। इनमें से दो मामले बॉम्बे हाईकोर्ट के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। सूत्रों के मुताबिक, नए कानून में यूपीएससी, एसएससी, आरआरबी, आईबीपीएस और केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों के लिए भर्ती परीक्षाओं के साथ-साथ एनटीए द्वारा आयोजित सभी प्रवेश और भर्ती परीक्षाओं से जुड़े अन्य पेपर लीक के मामले भी शामिल होंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर देश के युवाओं के प्रति सरकार की गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाए जाएंगे। पीएम मोदी ने पोस्ट में कहा, हमारे युवाओं के कल्याण और भविष्य से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है। जो लोग हमारे युवाओं के भविष्य को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

### सरकार युवाओं के भविष्य व हितों की रक्षा करने के लिये प्रतिबद्ध : नड्डा



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि सरकार युवाओं के भविष्य और हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री नड्डा ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य और हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसी गंभीर चुनौती से निपटने के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाने और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का श्री मोदी का संकल्प, युवाओं के प्रति हमारी सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि इसके विपरीत विपक्ष और उसके नेता श्री गांधी संसद में इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर सार्थक चर्चा करने से बच रहे हैं। विपक्षी दल इसके बजाय सड़कों पर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत उनके गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार को दर्शाता है।

### समय और तारीख तय करे विपक्ष पेपर लीक पर चर्चा के लिए सरकार तैयार : किरेन रिजिजू



मानसून सत्र के चौथे दिन भी प्रश्नकाल और शून्यकाल नीट पेपर लीक मुद्दे पर हंगामे की भेंट चढ़ गए। गुरुवार को लोकसभा में शून्यकाल शुरू होने पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने फिर से अपील की कि विपक्ष समय और तारीख तय करे, सरकार पेपर लीक पर चर्चा के लिए तैयार है। हालांकि, लगातार नारेबाजी और हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। सदन में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, हमने कल अपील की थी। मैं आज आपके (पीठासीन) जरिए सदन से फिर अपील करना चाहता हूं। हमने कांग्रेस पार्टी के नेताओं और दूसरे विपक्षी सदस्यों से भी व्यक्तिगत स्तर पर बात की है। हमने उन्हें व्यक्तिगत रूप से मिलने और अपने सुझाव शेयर करने के लिए बुलाया है।

### धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तक जारी रहेगा प्रदर्शन, किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे : अभिजीत दिपके



सीजेपी अध्यक्ष अभिजीत दिपके ने गुरुवार को कहा कि यह प्रदर्शन किसी भी कीमत पर वापस नहीं लिया जाएगा और उनकी सभी मांगें पहले की तरह कायम हैं। जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते, तब तक प्रदर्शन ऐसे ही चलेगा। उन्होंने कहा कि साथ ही उन्होंने आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य को देखते हुए भूख हड़ताल समाप्त करने की अपील भी की। अभिजीत दिपके ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल का 26वां दिन चल रहा है और उनकी तबीयत को लेकर चिंता बढ़ रही है। उन्होंने कहा, हम नहीं चाहते कि सोनम सर अपनी जान जोखिम में डालें। उनकी जिंदगी इस देश के लिए बेहद कीमती है। इसलिए हम लगातार उनसे अनशन तोड़ने की अपील कर रहे हैं लेकिन हमारा आंदोलन तब तक खत्म नहीं होगा, जब तक धर्मेंद्र प्रधान अपने पद से इस्तीफा नहीं देते।

### दिल्ली छात्र आंदोलन के समर्थन में अन्ना हजारे का दो घंटे का मौन प्रदर्शन



जंतर-मंतर पर चल रहे छात्र आंदोलन के समर्थन में समाजसेवी अन्ना हजारे ने गुरुवार को महाराष्ट्र के अहिल्यानगर (पूर्व में अहमदनगर) स्थित वाडिया पार्क में दो घंटे का मौन प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों के भविष्य को लेकर चिंता जताई और सरकार से अपील की कि वह आंदोलनकारी छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर शांतिपूर्ण समाधान निकाले। मौन सत्याग्रह के दौरान जब अन्ना हजारे छात्रों की समस्याओं और उनके भविष्य का जिक्र कर रहे थे, तब वे भावुक हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने देखा कि उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार को छात्रों के साथ संवेदनशीलता के साथ सुनना और उनका समाधान निकालना लोकतांत्रिक व्यवस्था की जिम्मेदारी है। अन्ना हजारे ने कहा कि छात्र देश का भविष्य हैं और उनके मन में यदि किसी व्यवस्था को लेकर सवाल या असंतोष है, तो सरकार को उससे बातचीत करनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोकतंत्र में संवाद हमेशा टकराव से बेहतर विकल्प होता है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने वाले छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। उनका मानना है कि बातचीत के जरिए समाधान निकालना किसी भी लोकतांत्रिक सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,46,330/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,34,150/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,09,790/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,40,000/किग्रा |



# विकास कार्यों को द्रुत गति से आगे बढ़ा रही डबल इंजन सरकार : योगी

## मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में किया 995 करोड़ की 14 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब अच्छी सरकारें आती हैं, तो अच्छे कार्य होते हैं। विकास एवं विरासत का सम्मान होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार गोरखपुर सहित सम्पूर्ण प्रदेश में विकास कार्यों को द्रुत गति से आगे बढ़ा रही है। जरुरतमन्दों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव प्रदान किया जा रहा है।

प्रदेश में सुरक्षा के बेहतरीन वातावरण के कारण देश-दुनिया के निवेशक यहां निवेश हेतु आकर्षित हो रहे हैं। निवेश के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अनेक अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री गोरखपुर में शहर विधानसभा क्षेत्र की 995 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 14 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ट्रान्सपोर्ट नगर से पैडलेगंज तक फ्लाईओवर तथा देवरिया बाईपास को जोड़ने वाले फोरलेन मार्ग का लोकार्पण किया गया है। 2,658 मी0 लम्बाई का यह फ्लाईओवर 429 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हुआ है। इस फ्लाईओवर से लगभग 50 लाख से 01 करोड़ आबादी लाभान्वित होगी। 271 करोड़ रुपये की लागत से पैडलेगंज-कसया मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भी लोकार्पण किया गया है। यह

**ट्रान्सपोर्ट नगर से पैडलेगंज तक फ्लाईओवर, देवरिया बाईपास को जोड़ने वाले फोरलेन मार्ग का लोकार्पण**



मार्ग गोरखपुर को कुशीनगर से जोड़ता है। साथ ही, आज 104 करोड़ रुपये की लागत से एयरफोर्स स्टेशन गोरखपुर में नये एमईएस कॉम्प्लेक्स आदि निर्माण कार्यों और गुलरिहा थाने में निर्मित नये बैरक का भी लोकार्पण किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यहां नन्दानगर पुलिस चौकी से शमशेर गेट मार्ग पर अण्डरपास, 50 करोड़ रुपये की लागत के साइंस म्यूजियम तथा मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला हॉस्टल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। श्रमजीवी महिला हॉस्टल के लिए 47 करोड़ रुपये धनराशि निर्गत की गई है। इसमें 500 कामकाजी महिलाओं को हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध होगी। आज यहां राजकीय महिला पॉलीटेक्निक में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया है, जिसमें इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अनुसंधान हेतु आधुनिक लैब की व्यवस्था होगी। इसके माध्यम से एआई रोबोटिक्स, ड्रोन टेक्नोलॉजी आदि में लड़कियो को प्रशिक्षित किया जायेगा। गोरखपुर में विकसित इन्फ्रास्ट्रक्चर आवागमन को आसान बनाने का एक माध्यम है। आवागमन का माध्यम जितना तेज होगा, समय की बचत उतनी अधिक होगी तथा उतनी ही तीव्र गति से हमारी प्रगति भी होगी। प्रगति से समृद्धि स्वयं आ जायेगी। यह विकसित भारत की संकल्पना को पूर्ण करने की एक कड़ी है। बेहतरीन कनेक्टिविटी के कारण गोरखपुर से लखनऊ की दूरी मात्र 3 घण्टे में तय की जा सकती है।

# संसद परिसर में सरकार-विपक्ष आमने-सामने

## लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित, छात्र आंदोलन पर बढ़ा सियासी घमासान

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के दौरान गुरुवार को भी सरकार और विपक्ष के बीच तीखी टकराव की स्थिति देखने को मिली। नीट परीक्षा, छात्र आंदोलन और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

संसद परिसर में भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसद अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन करते नजर आए, जिससे पूरे परिसर का राजनीतिक माहौल गर्म हो गया। दिल्ली में जंतर-मंतर पर छात्रों का आंदोलन लगातार जारी है। 20 जुलाई को आयोजित चलो पार्लियामेंट मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों और दिल्ली पुलिस के बीच हुई झड़प के बाद आंदोलन और तेज हो गया है। प्रदर्शनकारी शिक्षा व्यवस्था में सुधार, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और अपनी अन्य मांगों को लेकर धरने पर डटे हुए हैं।

लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी और छात्रों से जुड़े मुद्दों पर तत्काल चर्चा की मांग उठाई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में शांति बनाए रखने और प्रश्नकाल चलने देने की अपील की, लेकिन लगातार हंगामे के कारण कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इसके कुछ ही समय बाद राज्यसभा में भी समान स्थिति बनी रही।

विपक्षी सदस्यों के विरोध के चलते उच्च सदन की कार्यवाही भी निर्धारित समय तक स्थगित कर दी गई। सरकार और विपक्ष दोनों का कहना है कि वे छात्रों से जुड़े मुद्दों पर संसद में चर्चा चाहते हैं, लेकिन चर्चा किस नियम के तहत होगी और उसकी अवधि क्या होगी, इस पर अभी सहमति नहीं बन सकी है।

### संसद भवन में राजग व इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन, छात्रों के मुद्दे पर एक-दूसरे पर लगाया राजनीति करने का आरोप



छात्रों के मुद्दे पर संसद के भीतर जारी गतिरोध के बीच सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी इंडिया गठबंधन के सांसदों ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में मकर द्वार पर एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की और प्रदर्शन करते हुए छात्रों के मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया। एनडीए सांसदों ने नीट प्रश्नपत्र लीक मामले पर संसद में चर्चा कराने की मांग करते हुए कांग्रेस पर बहस से बचने का आरोप लगाया। दूसरी ओर, इंडिया गठबंधन के सांसदों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए सरकार पर छात्रों की समस्याओं की अनदेखी करने तथा विरोध कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग कराने का आरोप लगाया। विपक्ष के प्रदर्शन में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सुप्रिया सुले तथा विपक्षी दलों के कई अन्य सांसद शामिल हुए। सांसदों ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग वाला बैनर भी प्रदर्शित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अनंतनाग में आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों के घर ध्वस्त

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में एक आतंकवादी हमले में पुलिसकर्मी की मौत के कुछ घंटे बाद प्रशासन ने लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों के मकान ढहा दिए। अधिकारियों ने बताया कि सक्रिय आतंकवादी आदिल ठोकर और हारून रशीद गनई के मकान बुधवार और बृहस्पतिवार की दरम्यानी रात ध्वस्त कर दिए गए। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई बुधवार दोपहर अनंतनाग के लाल चौक में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल आशिक हुसैन की एक आतंकवादी द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने के कुछ ही घंटे बाद की गई। कश्मीर में इससे पहले भी सक्रिय आतंकवादियों के मकान ढहाए गए हैं, लेकिन हिंसा की घटनाओं में कमी आने के कारण पिछले लगभग एक वर्ष से ऐसी कार्रवाई बंद थी।

### सिक्किम सुरंग त्रासदी : खोज व बचाव अभियान समाप्त, सभी 25 शव बरामद


**नाम्ची।** नाम्ची जिले के झोलुंगे अंतर्गत समरदुंग में निर्माणाधीन नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचपीसी) की तीस्ता स्टेज-6 जलविद्युत परियोजना की सुरंग में पिछले चार दिनों से चलाया जा रहा खोज एवं बचाव अभियान गुरुवार को समाप्त हो गया। सुरंग से सभी 25 पीड़ितों के शव बरामद कर लिए गए हैं। नाम्ची जिला प्रशासन के अनुसार आज के बचाव अभियान के दौरान तीन और शव बरामद किए गए। इसके साथ ही इस हादसे में मृतकों की कुल संख्या 25 हो गई। इसके बाद बचाव दल ने सुरंग का विस्तृत निरीक्षण किया और लापता सभी श्रमिकों के विवरण का मिलान करने के बाद पुष्टि की कि अब सुरंग के भीतर कोई भी व्यक्ति फंसा नहीं है। मृतकों में एनएचपीसी लिमिटेड, एआरएक्स और पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल हैं। वे भारत के 10 राज्यों के निवासी थे, जिनमें पश्चिम बंगाल के 11, झारखंड के 4, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के 2-2 तथा केरल, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम, पंजाब और असम के 1-1 व्यक्ति शामिल हैं। बरामद सभी शवों को आवश्यक कानूनी और चिकित्सकीय प्रक्रिया पूरी करने के लिए सिंगताम जिला अस्पताल, एसटीएनएम अस्पताल (गंगटोक), नाम्ची जिला अस्पताल और सेंट्रल रेफरल अस्पताल, मणिपाल भेजा गया है। जिन शवों की पहचान हो चुकी है, उन्हें उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

# शबरिमला स्वर्ण गुमशुदगी मामले में टीडीबी के पूर्व अध्यक्ष पी.एस. प्रशांत हिरासत में

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम्।**

शबरिमला से सोना गायब होने के मामले में त्राणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) के पूर्व अध्यक्ष पी एस प्रशांत को बृहस्पतिवार को विशेष जांच दल ने हिरासत में ले लिया।

सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी, टीडीबी के पूर्व सदस्य अजी कुमार और तिरुवाभरणम आयुक्त आर. रेजीलाल से भी पूछताछ कर रही है। एसआईटी उन दो मामलों की जांच कर रही है जो शबरिमला मंदिर के श्रीकोविल (गर्भगृह) के दरवाजों की चौखट और द्वारपालक की मूर्तियों से कथित तौर पर सोना गायब होने से जुड़े हैं। ये चीजें 2019 में



इलेक्ट्रोप्लेटिंग की प्रक्रिया के लिए ले जाई गई थीं। एसआईटी ने हाल में केरल उच्च न्यायालय को बताया कि वह 2025 में की गई ऐसी ही एक और इलेक्ट्रोप्लेटिंग प्रक्रिया की भी जांच कर रही है जब प्रशांत टीडीबी के अध्यक्ष थे। प्रशांत 2023 से 2025 तक बोर्ड के प्रमुख रहे।

# बांग्लादेश में बड़ा राजनीतिक भूचाल! राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन दे सकते हैं इस्तीफा

**एजेंसी, ढ़ाका।**

ढ़ाका बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के अपने कार्यकाल की समाप्ति से लगभग दो साल पहले ही जल्द इस्तीफा देने की संभावना है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह दावा किया। शहाबुद्दीन को पिछली संसद द्वारा देश के सर्वोच्च पद के लिए निर्वाचित किया गया था और वह एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं, जो जुलाई-अगस्त 2024 में हुए छात्रों के हिंसक आंदोलन के काफी समय बाद भी अपने संवैधानिक पद पर बने हुए हैं।

छात्रों के आंदोलन के कारण तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की



अवामी लीग सरकार सत्ता से बाहर हो गई थी। इसके बाद हसीना भारत चली गई थीं और पांच अगस्त 2024 से वहीं रह रही हैं। प्रधानमंत्री तारिक रहमान की सत्तारूढ़ बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, उनके (शहाबुद्दीन) जल्द ही इस्तीफा देने की संभावना है। उन्होंने हालांकि इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दी। समाचार पत्र प्रोथोम आलो ने एक उच्च पदस्थ सरकारी सूत्र के हवाले से कहा कि सरकार उन खबरों से नाराज है, जिनमें दावा किया गया था कि शहाबुद्दीन ने हाल में हसीना से दोबारा संपर्क स्थापित करने की कोशिश की थी। बीएनपी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि शहाबुद्दीन और हसीना के बीच हाल में टेलीफोन पर हुई बातचीत उनके संभावित इस्तीफे का एकमात्र कारण नहीं है, इसके बजाय यह मुद्दा काफी जटिल है क्योंकि हसीना के स्वदेश लौटने की घोषणा के बाद बांग्लादेश का राजनीतिक परिदृश्य और अधिक संवेदनशील हो गया है।

# अंजना ने खेसारी समेत चार पर एआई से अश्लील तस्वीरें वायरल करने का लगाया आरोप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री अंजना सिंह ने लखनऊ के साइबर क्राइम थाने में तहरीर देकर भोजपुरी अभिनेता शत्रुघ्न कुमार उर्फ खेसारी लाल यादव, उनके मैनेजर व फिल्म राइटर अखिलेश कश्यप, कृष्णा बेदर्दी, संजय यादव समेत अन्य अज्ञात लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर उनके और उनकी 11 वर्षीय नाबालिग बेटी की एआई मॉर्फ्ड अश्लील तस्वीरें प्रसारित की गई, अभद्र टिप्पणियां की गई और आपराधिक धमकियां दी गई।

उन्होंने मामले में एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



तहरीर के अनुसार, कुछ समय पहले एक पॉडकास्ट में अंजना सिंह ने अभिनेता खेसारी लाल यादव को लेकर अपनी व्यक्तिगत राय रखी थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ कथित तौर पर सुनियोजित अभियान शुरू हो गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उनके साथ-साथ उनकी करीब 11 वर्षीय नाबालिग बेटी के खिलाफ भी अश्लील, अभद्र और यौन प्रकृति की टिप्पणियां की गई।


राजा रघुवंशी हत्याकांड

# सुप्रीम कोर्ट ने सोनम की जमानत रद्द की

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हनीमून के दौरान हुई हत्या के मामले में आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सर्वोच्च अदालत ने जमानत रद्द करते हुए तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया है।

अदालत ने यह भी कहा कि यदि मुकदमे की सुनवाई में देरी होती है तो छह महीने बाद सोनम रघुवंशी दोबारा जमानत याचिका दाखिल कर सकती हैं। सोनम रघुवंशी को मिली जमानत के खिलाफमेघालय सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसी पर सुनवाई के बाद अदालत ने यह फैसला सुनाया। सुनवाई के दौरान सोनम रघुवंशी के वकील ने कहा कि मामले में कुल 94 गवाह हैं, लेकिन अब तक सिर्फ चार गवाहों के बयान दर्ज हुए हैं।



**सरेंडर का आदेश, कड़ी शर्तों के साथ मिली थी जमानत**

सप्लीमेंट्री चार्जशीट भी दाखिल हो चुकी है और सोनम को कड़ी शर्तों के साथ जमानत मिली थी। सोनम ने सरेंडर नहीं किया था, बल्कि उन्हें उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से गिरफ्तार किया गया था। उनकी गिरफ्तारी को सरेंडर बताया जा रहा है। उन्होंने अदालत से कहा कि सोनम जमानत की सभी शर्तों का पालन कर रही हैं और उनके फरार होने का कोई खतरा नहीं है। वहीं, मेघालय सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि गिरफ्तारी के आधार को लेकर दी जा रही दलीलों का कोई आधार नहीं है, क्योंकि आरोपी ने खुद सरेंडर किया था और इस बात का उल्लेख चार्जशीट में भी दर्ज है। जिस दस्तावेज को लेकर विवाद किया जा रहा है, उसमें सिर्फएक कानूनी धारा का नंबर टाइप करने में तकनीकी गलती हुई थी। इतनी छोटी तकनीकी त्रुटि के आधार पर जमानत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जमानत बरकरार रहती है तो सोनम रघुवंशी के फरार होने की आशंका बनी रहेगी। पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सोनम रघुवंशी के वकील को दो विकल्प दिए थे। अदालत ने पूछा था कि क्या सोनम स्वयं सरेंडर करेंगी या फिर कोर्ट उनकी जमानत रद्द करने पर फैसला सुनाए। अपने जवाब में सोनम रघुवंशी ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि वह बेगुनाह हैं और उन्हें इस मामले में झूठा फंसाया गया है।

मौसम

## आईएमडी ने आंधी-तूफान व बिजली गिरने की चेतावनी की जारी

# दिल्ली-यूपी समेत कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

देशभर में मानसून एक बार फिर पूरी तरह सक्रिय हो गया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने उत्तर भारत, मध्य भारत, पूर्वोत्तर, पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों के लिए अगले कुछ दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। इसके साथ ही कई क्षेत्रों में तेज आंधी, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की चेतावनी भी दी गई है।

मौसम विभाग ने लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने और स्थानीय प्रशासन की सलाह का पालन करने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 27 से 29 जुलाई के बीच भारी बारिश हो सकती है। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 28 और 29 जुलाई को तेज बारिश का अनुमान है। इसके अलावा 23 से 27 जुलाई के दौरान भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में 23 से 29 जुलाई तक लगातार बारिश होने का अनुमान है। इन क्षेत्रों में भूस्खलन और अचानक बाढ़ जैसी स्थितियां भी बन सकती हैं। पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान में अलग-अलग दिनों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने 25 से 29 जुलाई के बीच कई इलाकों में तेज बारिश के साथ आंधी और बिजली गिरने की आशंका



जताई है। मध्य भारत की बात करें तो मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और विदर्भ में भी अगले कई दिनों तक मानसून सक्रिय रहेगा। पश्चिमी और पूर्वी मध्य प्रदेश में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। कई जिलों में गरज-चमक और बिजली गिरने की भी संभावना है।बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और ओडिशा में भी भारी बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। वहीं अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 23 से 29 जुलाई तक लगातार भारी वर्षा का पूर्वानुमान है। कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश भी दर्ज की जा सकती है। पश्चिमी भारत में कोंकण, गोवा, गुजरात, सौराष्ट्र, कच्छ, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। लगातार हो रही बारिश के कारण नदियों और जलाशयों का जलस्तर बढ़ सकता है। दक्षिण भारत में तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, कर्नाटक और लक्षद्वीप में भी अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर शिकायतकर्ता को मिला त्वरित न्याय



▸ जनता दर्शन में प्राप्त शिकायत का तत्काल निस्तारण, शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराई गई खतौनी
▸ अंश निर्धारण की कार्रवाई पूर्ण

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए आयोजित कलेक्ट्रेट जनता दर्शन में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा प्राप्त शिकायतों पर संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम बगुलही, तहसील सदर, जनपद गोण्डा निवासी हजारी लाल पुत्र जोखू ने जनता दर्शन में उपस्थित होकर अपने हिस्से की भूमि का अंश निर्धारण न होने संबंधी समस्या जिलाधिकारी के समक्ष रखी। शिकायतकर्ता ने बताया कि अंश निर्धारण न होने के कारण उन्हें विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तथा आवश्यक राजस्व अभिलेख भी उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने तत्काल संबंधित राजस्व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए अंश निर्धारण की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने तथा शिकायतकर्ता को अद्यतन खतौनी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के स्पष्ट एवं प्रभावी निर्देशों के अनुपालन में तहसील सदर प्रशासन ने बिना विलंब आवश्यक राजस्व प्रक्रिया पूर्ण कर शिकायतकर्ता की भूमि का अंश निर्धारण कराया। कार्रवाई पूर्ण होने के उपरांत जनता दर्शन के दौरान स्वयं जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ता हजारी लाल को उनकी अद्यतन खतौनी उपलब्ध कराई। अपनी समस्या का त्वरित समाधान होने पर शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी एवं तहसील प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान होने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता दर्शन में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति को समय पर न्याय एवं राजस्व संबंधी सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## तरबगंज में धान की रोपाई के दौरान ट्रैक्टर चालक पर हमला क्षेत्र में मची अफरा-तफरी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद गोंडा के तरबगंज क्षेत्र में धान की रोपाई के लिए खेत की लेवा कर रहे ट्रैक्टर चालक पर कुछ ग्रामीणों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक खेत की तैयारी का कार्य कर रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर कुछ ग्रामीणों से कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। हमले के कारण चालक को चोटें आई। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बाल श्रम के विरुद्ध मोनालिसा जौहरी की कड़ी कार्रवाई

▸ 9 बच्चे कराए गए मुक्त, 7 नियोक्ताओं पर विधिक कार्यवाही



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के नेतृत्व में तहसील प्रशासन नानपारा द्वारा नानपारा नगर क्षेत्र में बाल श्रम के विरूद्ध सघन छापामारी अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान 9 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया, जबकि 7 प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 (संशोधित-2016) के तहत विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई। एसडीएम श्रीमती जौहरी ने बताया कि राजस्व विभाग, श्रम विभाग, पुलिस विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई व रोज़ संस्थान की संयुक्त टीम द्वारा शिवपुर रोड, बाईपास चौराहा तथा नगर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों में स्थित ऑटो सर्विस सेंटर, वेल्डिंग वर्क्स, प्रोविजन स्टोर, वस्त्रालय एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई स्थानों पर नाबालिग बच्चों से कार्य कराए जाने की पुष्टि होने पर उन्हें तत्काल श्रम से मुक्त कराया गया और संबंधित नियोक्ताओं को नोटिस जारी करते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। छापामारी की कार्यवाही के दौरान एसडीएम द्वारा लोगों को जागरूक किया गया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी व्यवसाय में कार्य कराना पूर्णतः प्रतिबंधित है तथा 14 से 18 वर्ष आयु के किशोरों से खतरनाक कार्य कराना भी कानूनन अपराध है। ऐसे मामलों में दोषी नियोक्ताओं के विरुद्ध जुर्माना एवं कारावास का प्रावधान है। उन्होंने व्यापारियों एवं व्यवसायियों से अपील की कि बच्चों से कदापि मज़दूरी न करायें बल्कि उन्हें विद्यालय भेंजे क्योकि बच्चों के हाथों में औज़ार नहीं पुस्तक होनी चाहिए।

## खबरें एक नजर में


### बदनाम समोसे बेवफा पकोड़े प्रतिष्ठान का उद्घाटन आज

कुंवारी कन्याओं द्वारा फीता काटकर किया जाएगा शुभारंभ

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** शहर के रानी बाजार स्थित रेलवे रनिंग रूम के सामने एक अनोखा नाम की दुकान का उद्घाटन 24 जुलाई 2026 को दोपहर 1:00 बजे होना सुनिश्चित किया गया है, उक्त जानकारी देते हुए प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर पवन जायसवाल ने बताया कि जिस प्रकार कानपुर में एक प्रतिष्ठान बदनाम कुल्फी, ठग्गू के लड्डू के नाम से प्रचलित है और वहां की क्वालिटी बहुत ही जबरदस्त है और भी कई स्थानों पर लोगों द्वारा विभिन्न टाइटल का उपयोग किया जाता है, इन्हीं सबको देखते हुए मैंने भी अपने प्रतिष्ठान का नाम बदनाम समोसे, बेवफा पकोड़े दिया है, जो हमारी फर्म प्रज्ञा इंटरप्राइजेस की एक यूनिट है। हमारी कोशिश होगी कि शहर के जो नामचीन समोसे के काउंटर हैं उन्हीं के रेट पर और बेहतर क्वालिटी एवं मात्रा बढ़ाकर लोगों को खिलाने का प्रयास होगा एवं स्वाद एवं चटनी पर विशेष ध्यान रहेगा। वहीं इसका उद्घाटन नारी शक्ति अभियान के तहत विभिन्न छात्राओं द्वारा कराया जाएगा।

### उषा का विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप-2026 के लिए चयन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल की प्रतिभाशाली



खिलाड़ी सुश्री उषा का चीन के निंगबो शहर में आयोजित होने वाले 'विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप-2026'(World Weightlifting Championships 2026) के लिए चयन हुआ है। यह उपलब्धि न केवल लखनऊ मंडल, बल्कि भारतीय रेलवे के लिए गर्व का विषय है। सुश्री उषा पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के कोचिंग डिपो, ऐशबाग में टेक्नीशियन-।।। के पद पर कार्यरत हैं। 'विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप-2026' में चयन के लिए मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने सुश्री उषा को शुभकामनाएँ दी और कहा कि खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहन, आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएँ तथा हरसंभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिस कारण लखनऊ मंडल के खिलाड़ी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। इसके लिए मण्डल क्रीड़ाधिकारी श्री धनन्जय मिश्रा, मण्डल क्रीड़ा सचिव उदित मिश्रा तथा अन्य पदाधिकारियों ने भी शुभकामनाएँ दी।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाईक सवार की मौत



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार सुबह सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। तेज रफ्तार चौपहिया वाहन ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे कर्नलगंज स्थित गोंडा-लखनऊ हाईवे पर सिकिहा मोड़ के पास बाइक सवार एक व्यक्ति को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार चौपहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल सीएचसी कर्नलगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बब्लू पुत्र हरिशंकर उम्र 54 वर्ष निवासी कोंचा कासिमपुर मुरावनपुरवा, थाना कर्नलगंज के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि बब्लू सोनवारा स्थित ईंट भट्ठे पर मुंशी का काम करते थे और ड्यूटी के लिए कर्नलगंज आ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे को अंजाम देने वाला वाहन चौरी के पास स्थित एक दूध डेयरी का बताया जा रहा है। हादसा करके चालक वाहन सहित फरार हो गया। सूचना पर पहुंची कर्नलगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस फरार वाहन की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। मृतक के घर में कोहराम मचा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### दुकान पर चढ़कर महिला व उसके भाई की पिटाई, थाने में दी तहरीर



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मोतीपुर थाना क्षेत्र के गूढ़ कस्बे में एक महिला ने कुछ लोगों पर पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना मोतीपुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गूढ़ निवासी शिवकुमारी जायसवाल ने अपनी शिकायत में बताया कि गुरुवार सुबह करीब 10 बजे वह गूढ़ चौराहे पर स्थित अपनी दुकान की सफाई कर रही थीं। इसी दौरान गांव के कुछ लोग पुरानी रंजिश को लेकर उनकी दुकान पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसों और डंडों से उनकी पिटाई कर दी। महिला का आरोप है कि शोर सुनकर उनका भाई दीपक जायसवाल उन्हें बचाने पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की।

## वज़ीरगंज में जनपद का पहला पंजीकृत होम स्टे स्थापित



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद को ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में एक नई पहचान मिली है। विकास खंड वज़ीरगंज की ग्राम पंचायत वज़ीरगंज में जनपद का पहला पंजीकृत होम स्टे स्थापित किया गया है। इस उपलब्धि के साथ वज़ीरगंज पूरे जिले का पहला ऐसा गांव बन गया है, जहां आधिकारिक रूप से होम स्टे की शुरुआत हुई है। ग्राम प्रधान सुशील जायसवाल के प्रयासों से यह पहल साकार हुई। उनके मार्गदर्शन में विनोद मौर्य के आवास को उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के तहत होम स्टे के रूप में पंजीकृत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने होम स्टे का प्रमाण-पत्र प्रदान कर इस पहल को सम्मानित किया। ग्राम प्रधान सुशील जायसवाल ने बताया कि करीब चार माह पहले जिलाधिकारी ने उनसे वज़ीरगंज में होम स्टे पंजीकृत कराने की बात कही थी। उन्होंने इसे चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर जनपद का पहला पंजीकृत होम स्टे स्थापित कराया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल एक प्रमाण-पत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण पर्यटन, स्थानीय रोजगार, स्वरोजगार और गांव की आर्थिक प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# रायल पैराडाइज मैरिज हाल में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

▸ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक मनकापुर, विधायक गौरा, डीएम तथा सीडीओ ने 293 नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद






**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत रायल पैराडाइज मैरिज हाल गोण्डा में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सफलतापूर्वक, सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद के विकासखण्ड व नगरपालिका परिषद/नगर पंचायतों को मिलाकर कुल 355 जोड़े पंजीकृत थे जिसमें से 293 जोड़ों का विवाह पूरे रीतिरिवाजों के साथ सम्पन्न कराया गया। जिसमें 280 जोडें का हिन्दू रीति रिवाज से विवाह सम्पन्न हुआ है तथा 13 जोड़ों का इस्लामिक पद्धति से मौलवी साहिबे आलम द्वारा निकाह कराया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद, सांसद गोंडा/केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री प्रतिनिधि यूपी सिंह, जिला विकास अधिकारी आदित्य तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए सुशील कुमार पाण्डेय, डीसी एनआरएलएम जेएन राव, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, संबंधित खण्ड विकास अधिकारीगण तथा अन्य सभी जनप्रतिनिधिगण ने विवाह मण्डप पर बैठे जोडों को आर्शीवाद देते हुए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ दी।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में किसी भी गरीब की बेटी के हाथ पीले होने से नहीं बचेंगे वो चाहे किसी जाति व धर्म की हो। सामूहिक विवाह हेतु हमारी सरकार रुपये 64000/- प्रति जोडे के कन्या के खाते में दिया जाता है। शेष उपहार सामग्री दी जाती है। स्टील का डिनर सेट, प्रेशर कुकर, कड़ाही, कन्या को पांच साड़ी सेट, वर हेतु एक पैंट शर्ट, दीवाल घड़ी, सौन्दर्य प्रशासन किट आदि गृहस्थी का सम्मिलित होता है।

# तेंदुए ने महिला को बनाया निवाला, मवेशियों के लिए चारा काटने गई थी

▸ महिला का गला दबोचकर जंगल में ले गया, मिला अधखाया शव

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



बहराइच और लखीमपुर खीरी की सीमा से सटे दुर्गा गौड़ी गांव में तेंदुए के हमले में एक महिला की मौत हो गई। महिला खेत में मवेशियों के लिए चारा काटने गई थी। इसी दौरान गन्ने के खेत में छिपे तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया।
ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। मृतका की पहचान दुर्गा गौड़ी गांव निवासी 51 वर्षीय राजकुमारी के रूप में हुई है। वह प्रेमनगर मजरे स्थित अपने खेत में गन्ने की पत्तियां काट रही थीं, तभी तेंदुए ने उनके गले पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

**चीख सुनकर पहुंचे ग्रामीण, तेंदुआ जंगल में भागा**

महिला की चीख सुनकर पास के खेत में परवल की फसल की रखवाली कर रहे किसान मनोहर मौके पर पहुंचे। उन्होंने अन्य ग्रामीणों को सूचना दी। बड़ी संख्या में ग्रामीण शोर मचाते हुए घटनास्थल पर पहुंचे, जिसके बाद तेंदुआ महिला को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया।

**वन विभाग और पुलिस ने संभाला मोर्चा**

घटना की सूचना मिलने पर धौरहरा रेंज के वनकर्मी और मुर्तिहा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बहराइच भेज दिया। रात होने के कारण पोस्टमॉर्टम गुरुवार दोपहर कराया गया।

**परिजनों ने तेंदुए के हमले की जताई आशंका**

मृतका के देवर ननकऊ ने बताया कि जब तक परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, तब तक जंगली जानवर वहां से जा चुका था। उन्होंने महिला के गले और शरीर पर मिले घावों के आधार पर आशंका जताई कि हमला तेंदुए ने किया था। वन विभाग मामले की जांच कर रहा है।

## जौहर यूनिवर्सिटी ध्वस्तीकरण नोटिस रद्द हो

सामाजिक संगठन की मांग, बोले: छात्रों पर लाठीचार्ज की जांच हो

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** सामाजिक संगठन सीरत वेलफेयर कमेटी ने गुरुवार दोपहर राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। इसमें मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के ध्वस्तीकरण नोटिस रद्द करने और दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। कमेटी के सचिव शादाब हुसैन ने ज्ञापन में कहा कि सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं लागू करती है।

## बेटे ने की कुल्हाड़ी से मां की हत्या, गर्दन पर किया कई वार



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र के पुरैना बाजार में बृहस्पतिवार को घरेलू विवाद के चलते एक हृदयविदारक घटना सामने आई। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, 27 वर्षीय छैलू पुत्र भगवानदीन ने कथित तौर पर अपनी मां कन्या देवी उम्र लगभग ( 55) पत्नी भगवानदीन पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संदीप कुमार द्विवेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा आरोपी पुत्र को हिरासत में ले लिया।मृतका के पति नें तहरीर में घरेलू विवाद के चलते हत्या किए जाने की बात कही गई है। इसी आधार पर आरोपी छैलू के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (ब्हस्) की धारा 103(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है। सीओ पयागपुर हर्षिता तिवारी ने बताया कि विशेश्वरगंज के पुरैना गांव में महिला की हत्या के मामले में आरोपी पुत्र छैलू वर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर ली गई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में विधिक कार्रवाई जारी है।

**पिता ने कहा- अच्छा खाना नही बनाने को लेकर हुआ वारदात**

मृतका के पति भगवानदीन वर्मा के अनुसार, गुरुवार सुबह उनकी पत्नी कन्यादेवी अपने पिता को चाय देकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे आरोपी पुत्र छैलू वर्मा ने उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। गर्दन पर गंभीर वार होने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पति ने बताया कि आरोपी का लंबे समय से अपनी मां से विवाद चल रहा था। उसका आरोप था कि उसकी मां ठीक से खाना नहीं बनाती थीं और भोजन में गंदगी (मल) मिला देती थीं। इसी कथित और पुराने विवाद को लेकर आरोपी ने इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और शोक का माहौल है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। **पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया**

पुलिस ने आरोपी पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की जा रही है। पोस्टमार्टम के लिए शव भेजने की तैयारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है।

# हाइवे पर दर्दनाक हादसा: अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौके पर मौत, सिर के हुए चिथड़े, पहचानना मुश्किल

▸ गूढ़ के पास नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर हुआ हादसा, पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शुरू की जांच



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गूढ़ गांव के पास नानपारा-लखीमपुर हाईवे पर गुरुवार की शाम करीब 3 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक गंभीर रूप से कुचल गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक सड़क पार कर रहा था तभी तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।
टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक के सिर के परखच्चे उड़ गए और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।
हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।
घटना की सूचना मिलते ही मोतीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई शुरू की।
पुलिस मृतक की शिनाख्त कराने के साथ ही हादसे को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।
मोतीपुर थाना प्रभारी ब्रह्म गौड़ ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना अज्ञात युवक की मौत हुई है लेकिन पहचान नहीं हो पाई है कि युवक कहा का रहने वाला है।

## सम्मिलियन विद्यालय में बाल संसद चुनाव संपन्न

छात्र-छात्राओं ने सीखा लोकतांत्रिक प्रक्रिया और मतदान का महत्व

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मिहींपुरवा विकास खंड के सम्मिलियन विद्यालय बर्दिया में देहात इंडिया संस्था के सहयोग से बाल संसद का चुनाव संपन्न हुआ। इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना और उन्हें देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा मतदान के महत्व से परिचित कराना था। यह चुनाव पूरी तरह से वास्तविक निर्वाचन प्रणाली की तर्ज पर आयोजित किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न मंत्रालयों के पदों के लिए उत्साहपूर्वक नामांकन दाखिल किए। इसके बाद चुनाव प्रचार हुआ, जिसमें भावी बाल नेताओं ने विद्यालय के अनुशासन को लेकर अपने-अपने घोषणा पत्र प्रस्तुत किए।

# 7 साल के मासूम से रेप-हत्या में फांसी की सजा

▸ कोर्ट ने एक महीने में सुनाया फैसला, गला कटा मिला था शव



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** पॉक्सो कोर्ट ने मासूम से दुष्कर्म और हत्या के मामले में आरोपी मुकेश निषाद को फांसी की सजा सुनाई है। अदालत ने चार्जशीट दाखिल होने के एक महीने के अंदर ही सुनवाई पूरी कर यह फैसला सुनाया। यह घटना दो महीने पहले 13 मई को कैसरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। यहां झाड़ियों में 7 साल के मासूम का गला कटा शव मिला था। एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव और एएसपी आयुष विक्रम सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया कर थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए थे।बच्चे के पिता ने पुलिस को बताया था- उनका बेटा गांव के मुकेश निषाद के साथ पड़ोस में शादी में गया था। रात तक वह वापस नहीं लौटा। अगली सुबह घर से लगभग 500 मीटर दूर झाड़ियों में उसका गला कटा शव मिला। पुलिस ने मुकेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की। सख्ती करने पर उसने कुकर्म के बाद मासूम की हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंकने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजकर गवाहों और साक्ष्य जुटाए। इसके बाद 22 जून को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया गया। शासकीय अधिवक्ता संत प्रताप सिंह ने बताया- पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश अरविंद गौतम ने गुरुवार को आरोपी मुकेश निषाद को दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनाई। उन्होंने यह भी बताया कि आरोप पत्र दाखिल होने के एक महीने में ही यह महत्वपूर्ण फैसला आया है। मां सुमन ने अदालत के फैसले पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा उन्हें अपने बेटे के हत्यारे को सजा मिलने से न्याय मिला है।

## गोरखपुर इंटरसिटी की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत

▸ ट्रैक पार करते समय हुआ हादसा



**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** रेलवे ट्रैक पर हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कान्धी कुइयां रेलवे गुमटी के पास गुरुवार को एक हृदयविदारक दुर्घटना घटी। यहाँ गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला रेलवे गुमटी के समीप ट्रैक पार कर रही थी, तभी अचानक तेज रफ्तार से आ रही गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आ गई। हादसा इतना भीषण था कि महिला को संभलने तक का मौका नहीं मिला और उसकी मौके पर ही सांसें थम गईं। दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय निवासियों की मदद से मृतका की पहचान नीलम (पत्नी राजीव तिवारी) के रूप में हुई, जो गोबरे बाग की रहने वाली थीं। जैसे ही हादसे की खबर उनके घर पहुँची, परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही पयागपुर पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की टीम मौके पर पहुँची। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए शव को कब्जे में ले लिया और आवश्यक लिखापढ़ी के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# राजनीतिक हित साधने की कोशिश कर रहा विपक्ष : केशव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



▶ देश के युवाओं के भविष्य के साथ किसी को भी खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को राजधानी लखनऊ में कहा कि देश और दुनिया भर में यह माना जाता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदैव युवाओं को भारत की सबसे बड़ी शक्ति बताया है। प्रधानमंत्री का स्पष्ट मानना है कि भारत युवाओं का देश है, युवाओं की ऊर्जा ही राष्ट्र की ताकत है और युवा ही देश, प्रदेश तथा प्रत्येक परिवार के उज्ज्वल भविष्य के आधार हैं। आज भारत का युवा आत्मविश्वास से परिपूर्ण है और विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि नीट परीक्षा में अनियमितताओं की शिकायतें सामने आने के बाद केंद्र सरकार ने अत्यंत गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ तत्काल कार्रवाई की है। मामले की जांच के आदेश दिए जा चुके हैं तथा इस प्रकरण में कई आरोपियों की गिरफ्तारी भी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की व्यवस्था की गई है ताकि अपराधियों को शीघ्र एवं कड़ी से कड़ी सजा मिल सके।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि देश के युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। छात्र शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है और सरकार उनके हितों की रक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। केशव मौर्य ने राज्यसभा में सदन के नेता एवं केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा के संदर्भ में कहा कि वे केंद्र सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों में से एक हैं। जब सरकार किसी मंत्री को सदन में अपनी बात रखने के लिए अधिकृत करती है, तो वह सरकार का अधिकृत पक्ष प्रस्तुत करता है। यदि किसी विषय पर व्यक्तिगत अथवा सामूहिक निर्णय की आवश्यकता होती है, तो वह मंत्रिपरिषद एवं संबंधित पक्षों से विचार-विमर्श के बाद ही लिया जाता है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा)के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव स्वयं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं, इसलिए उन्हें भली-भांति ज्ञात होना चाहिए कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मुख्यमंत्री अथवा सरकार का कोई भी निर्णय मंत्रिपरिषद की सामूहिक सलाह एवं संवैधानिक प्रक्रिया के अनुसार लिया जाता है, न कि किसी एक व्यक्ति द्वारा।

### छात्रों को आगे कर देश का माहौल खराब करने का प्रयास

उप मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी तथा आम आदमी पार्टी (आआपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दल छात्रों के हित में नहीं है। विपक्ष छात्रों और युवाओं की वास्तविक समस्याओं के समाधान के बजाए उन्हें राजनीतिक लाभ का माध्यम बनाने का प्रयास कर रहा है। कभी किसानों को ढाल बनाया जाता है, तो कभी युवाओं और छात्रों को आगे कर देश का माहौल खराब करने का प्रयास किया जाता है। इस प्रकार की राजनीति न तो लोकतंत्र के लिए हितकारी है और न ही युवाओं के भविष्य के लिए।

# समरसता संकल्प अभियान शुरू करेगी भाजपा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संत रविदास की 650वीं जयंती पर 29 जुलाई से प्रदेश भर में समरसता संकल्प अभियान शुरू करेगी। इस दौरान प्रदेश के सभी मण्डलों में सामूहिक आरती, सत्संग व गोष्ठियां आयोजित की जायेंगी। प्रदेश भर में कार्यक्रम के संचालन की दृष्टि से भाजपा विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में गुरुवार को कार्यशाला का आयोजन किया है।

समरसता संकल्प अभियान की कार्यशाला का शुभारम्भ भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने दीप जलाकर किया।

इस कार्यशाला में प्रदेश भाजपा के सभी पदाधिकारी व अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारियों को बुलाया गया है। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह कार्यशाला में समरसता संकल्प अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे।

भाजपा के प्रदेश मंत्री राहुल वाल्मीकि ने बताया कि वर्तमान समय में जब विभाजनकारी शक्तियाँ समाज को जाति व वर्ग के आधार पर बांटने का प्रयास कर रही हैं, तब ऐसे समय में हमें संत शिरोमणि रविदास जी के जीवन-संदेश को समझकर समाज की एकता व समरसता के लिए कार्य करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण, प्रदेश महामंत्री गीता शाक्य, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी, प्रदेश मंत्री महामेधा नागर, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### अयोध्या मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य की उच्चस्तरीय जांच के आदेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने अयोध्या स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार की वित्तीय अनियमितता मामले में उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। डा. ज्ञानेंद्र कुमार पर आरोप है कि उन्होंने बीमारी के दौरान अवकाश पर रहते हुए वित्तीय अनियमितताएं कीं। साथ ही इस दौरान सामान खरीद के जैम अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए। इसी अवधि में सवा करोड़ से अधिक के चेकों पर हस्ताक्षर भी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्राम्भिक जांच में दोषी पाये जाने पर डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार पर कार्यवाही की संस्तुति उप मुख्यमंत्री ने की है। मामले की जांच महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा नेहा शर्मा को सौंपी गयी है। डा. ज्ञानेंद्र कुमार ने पूर्व कार्यवाहक प्राचार्य डा. सत्यजीत वर्मा से ही 21 सितंबर 2023 को चार्ज लिया था। इसी साल चार जनवरी से 19 जनवरी 2023 के बीच अवकाश पर जाने पर उन्होंने चार्ज डा. सत्यजीत को न देकर डा. पारस खरबंदा को सौंपा दिया था। जिसकी पत्र के माध्यम से शासन को शिकायत की गई। शिकायती पत्र में बताया गया कि डा. ज्ञानेंद्र कुमार द्वारा छुट्टी पर होते हुए भी सात व 10 जनवरी को करीब 84 लाख का जैम कांट्रैक्ट जारी किया। आरोप है कि आठ से 10 जनवरी बीच ही 17 चेकों के जरिए एक करोड़ 28 लाख 90 हजार 990 रुपये के भुगतान भी करा दिए गए। पत्र में लिखा है कि 2.12 करोड़ से अधिक के सरकारी धन का व्यय किया गया। पत्र में डा. ज्ञानेंद्र कुमार द्वारा वित्तीय अनियमितता करने की बात कही गई है। बता दें कि डा. ज्ञानेंद्र कुमार को 16 जनवरी 2023 को पद से हटाने का आदेश दिया गया था। ऐसे में अवकाश पर रहने के दौरान भुगतान व जैम अनुबंध किए जाने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### इलेक्ट्रॉनिक्स शॉप में सात लाख की चोरी, शटर उखाड़कर घुसे चोर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** काकोरी थाना क्षेत्र में चोरों ने एक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मोबाइल दुकान का शटर तोड़कर लाखों रुपये का सामान चुरा लिया। टिकरिया मोड़ स्थित बहरू रोड पर राधा-कृष्ण मार्केट में विश्वजीत इलेक्ट्रॉनिक्स नामक दुकान को निशाना बनाया गया। पीड़ित दुकानदार विश्वजीत के अनुसार, चोरी हुए सामान की अनुमानित कीमत करीब सात लाख रुपये है। बदमाश दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसे और दर्जनों महंगे स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण और अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। गुरुवार सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा। उसने शटर टूटा और दुकान के अंदर सामान बिखरा हुआ पाया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही काकोरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, आसपास के लोगों से पूछताछ की और साक्ष्य जुटाए। चोरों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। इस घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। उन्होंने पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल उठाए हैं। व्यापारियों का कहना है कि बहरू रोड जैसे व्यस्त मार्ग पर इतनी बड़ी चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। फिलहाल पीड़ित दुकानदार की ओर से अभी तक तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी है।

### आउटर रिंग रोड पर भीषण सड़क हादसा, रॉन्ग साइड आए डंपर ने ट्रॉला में मारी टक्कर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के पारा थाना क्षेत्र में किसान पथ (आउटर रिंग रोड) पर गुरुवार तड़के डंपर और ट्रॉला में भीषण टक्कर हो गई। दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। जिससे लंबा जाम लग गया। राहगीरों को घंटों तक परेशानी का सामना करना पड़ा। यह घटना खुशहालगंज के पास गुरुवार तड़के करीब 4 बजे हुई। बताया गया कि डंपर गलत दिशा में आ रही थी। उसने ट्रॉला में टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे के बाद का डंपर चालक निर्मल निवासी कानपुर मौके से फरार हो गया। दूसरे वाहन का चालक भी दुर्घटनास्थल से चला गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी। सूचना मिलने पर पीआरवी टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पारा थाना पुलिस काफी देर तक घटनास्थल पर नहीं पहुंची, जबकि हादसे के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। हादसे की जानकारी मिलने पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की एंबुलेंस और हाईवे गश्ती दल भी मौके पर पहुंचा। क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाने के लिए हाइड्रा और जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया। वाहनों को हटाने के बाद मार्ग साफकराया गया, जिसके बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका। फिलहाल, इस हादसे में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं हुई है। दोनों वाहन चालकों को मामूली चोट लगने की बात सामने आई है। दोनों फरार हैं।

# संसद में चर्चा से भाग रहा विपक्ष, हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार सरकार : पंकज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार संसद में हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष लोकतांत्रिक प्रक्रिया से दूर भागकर सड़क की राजनीति कर रहा है। उन्होंने कहा कि संसद चर्चा और समाधान का मंच है। लोकतंत्र में हर समस्या का समाधान संवाद के माध्यम से ही संभव है।

गुरुवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का संसद में चर्चा करने के बजाय धरने पर बैठना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी युवाओं को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास में ऐसा कभी नहीं देखा गया कि प्रधानमंत्री आवास के सामने इस प्रकार धरना-प्रदर्शन किया गया हो। प्रधानमंत्री का आवास केवल किसी व्यक्ति का नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का प्रतीक है। उसके समक्ष धरना देना लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अनादर को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने विपक्ष से बातचीत के लिए अपने मंत्रियों को भेजा। इसके बावजूद विपक्ष अपनी जिद पर अड़ा रहा। यदि विपक्ष के पास कोई मुद्दा है तो उसे संसद के भीतर उठाना चाहिए। सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है और तथ्यों के साथ अपना पक्ष रखने को भी तैयार है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश का युवा भारत का भविष्य है। भारतीय जनता पार्टी सदैव युवाओं के हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा से जुड़े मामलों में सरकार ने संवेदनशीलता के साथ कदम उठाए हैं। जिन घटनाओं से छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ, उनके बाद दोबारा परीक्षाएं आयोजित कर लाखों विद्यार्थियों के हितों की रक्षा की गई।

चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फास्ट ट्रैक कोर्ट जैसी व्यवस्थाओं को मजबूत किया गया है, ताकि अपराधियों को शीघ्र सजा मिल सके। सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि भविष्य में छात्रों और युवाओं के साथ किसी प्रकार का अन्याय न हो।

पंकज चौधरी ने विपक्ष से संसद की कार्यवाही में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यदि सदन नहीं चलने दिया जाएगा तो महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा कैसे होगी। उन्होंने कहा कि सड़क पर राजनीति करने के बजाय विपक्ष को संसद में आकर चर्चा करनी चाहिए, जिससे देशहित में सकारात्मक और स्थायी समाधान निकल सके।

# आजमगढ़ के वयोवृद्ध सपा विधायक आलम बदी का निधन, सतीश महाना ने व्यक्त किया गहरा शोक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जनपद की निजामाबाद विधान सभा क्षेत्र से वयोवृद्ध विधायक आलम बदी का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने आजमगढ़ जनपद की निजामाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलम बदी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव समेत अन्य नेताओं ने भी विधायक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

विधान सभा अध्यक्ष महाना ने गुरुवार को जारी अपने शोक संदेश में कहा कि आलम बदी का निधन प्रदेश की राजनीति एवं सार्वजनिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में जनसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा सामाजिक सरोकारों के प्रति उल्लेखनीय योगदान दिया। उनका सादगीपूर्ण व्यक्तित्व और जनकल्याण के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा।

विधान सभा अध्यक्ष ने दिवंगत पुण्यात्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि वे उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों, समर्थकों एवं उनके असंख्य शुभचिंतकों को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने ओमप्रकाश राजभर को सौंपा ज्ञापन



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 69 हजार शिक्षक भर्ती के अंतर्गत नियुक्ति की मांग को लेकर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी लगातार मंत्री और नेताओं के दरवाजे खटका रहे हैं लेकिन उन्हें अभी तक न्याय नहीं मिला। इसी क्रम में गुरुवार को इरशाद अहमद के नेतृत्व में अभ्यर्थियों ने पंचायती विभाग के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से अभ्यर्थियों ने मंत्री को अवगत कराया कि बीती 21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान विभाग ने एक एफिडेविट प्रस्तुत किया। एफिडेविट में दिये गए आंकड़ों से अभ्यर्थी असंतुष्ट हैं। एफिडेविट में कुल 8270 पदों का आंकड़ा सूची सहित दिया गया है, जिसमें यह बताया गया कि 3324 पद ओबीसी वर्ग के ऐसे हैं जिन्हें नौकरी में पहले से होना चाहिए था लेकिन नौकरी में नियुक्त नहीं हो पाए। विभाग ने 4946 पदों का एक आकड़ा ऐसा दिया हैं जो विरोधाभासी है। 4946 पदों का आंकड़े को बताया गया कि यह उन अभ्यर्थियों का है जिन्हें नौकरी के लिए बुलाया गया था लेकिन कोई ज्वॉइन नहीं किया।

अभ्यर्थियों का कहना है कि जब 4946 पद पर कोई अभ्यर्थी ज्वॉइन करने नहीं आए तो उनका नाम अभी तक क्यों बरकरार रखा गया है। होना यह चाहिए कि मैरिट डाउन करके नीचे के अभ्यर्थियों को अवसर दिया जाए। एफिडेविट के मुताबिक जनरल वर्ग के 1144 ओबीसी वर्ग के 2524 एससी के 1244, एसटी 34 सीट रिक्त हैं।

कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने अभ्यर्थियों का ज्ञापन लेने के बाद तत्काल प्रभाव से मुख्यमंत्री को पत्र लिखने व कार्यवाही कर मामले के निस्तारण का आश्वासन दिया।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के गौ गर्जना अक्षौहिणी संकल्प का स्वरूप बदला

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



अब हर विधानसभा में होगा आयोजन

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के आह्वान पर 24 जुलाई को प्रस्तावित गौ गर्जना अक्षौहिणी संकल्प कार्यक्रम का स्वरूप बदल दिया गया है। आयोजन समिति ने लखनऊ प्रशासन पर असहयोग का आरोप लगाते हुए घोषणा की है कि अब लखनऊ में एक स्थान पर कार्यक्रम करने के बजाय प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दोपहर 12 बजे स्थानीय स्तर पर आयोजन किया जाएगा।


दरअसल, कांशीराम स्मृति उपवन में कार्यक्रम के लिए समय से आवेदन किया गया था और 25 जून को 4.64 लाख रुपये से अधिक का शुल्क भी जमा कर दिया गया था। इसके बावजूद प्रशासन ने अंतिम समय तक अनुमति को लेकर स्पष्ट स्थिति नहीं बताई, जिससे देशभर से आने वाले गौभक्तों और आयोजन की तैयारियों पर असमंजस की स्थिति बनी रही।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया है। साथ ही कार्यक्रम को डिजिटल स्वरूप देने का निर्णय लिया गया है। अब सभी विधानसभा क्षेत्रों में गोमाता के चित्र या प्रतिमा के समक्ष पूजन के बाद स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम होंगे और दोपहर एक से दो बजे के बीच स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के प्रवचन का सामूहिक प्रसारण किया जाएगा। इसके बाद गौ संरक्षण का संकल्प लिया जाएगा। आरोप है कि पिछली शंखनाद सभा की तरह इस बार भी अंतिम समय तक संशय की स्थिति बनाई गई। समिति का यह भी दावा है कि कई आयोजकों और प्रतिनिधियों को हाउस अरेस्ट किया गया है।

इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने देशभर के गौभक्तों से लखनऊ नहीं आने तथा अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# सैफई सिंडिकेट सत्ता के लिए देश तोड़ने पर अमादा : धर्मपाल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के पशुधन और दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि सपाइयों ने जैसा हंगामा नई दिल्ली में किया है, उससे मुझे चोर मचाए शोर वाली बात याद आ गई।

मंत्री धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि ये वही निर्लज्ज लोग हैं, जिन्होंने यूपी की कई पीढ़ियों का भविष्य खराब कर दिया। नकल और पेपर लीक का पूरा संगठित गिरोह चलाने वाला सैफई सिंडिकेट कैसे आज सत्ता के लिए देश तोड़ने पर अमादा गया है। जब कल्याण सिंह ने नकल विरोधी कानून लागू किया था, तब यही समाजवादी पार्टी (सपा) छात्रों को बोर्ड परीक्षा में नकल कराने के लिए पूरे प्रदेश में हंगामा कर रही थी। बाद में स्व. मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में जैसे ही सपा सत्ता में आई, तो शपथ ग्रहण के 30 मिनट के अंदर ही प्रदेश से नकल विरोधी कानून को वापस ले लिया।

पशुधन मंत्री ने लिखा कि सपा प्रमुख तो इससे भी और दो हाथ आगे निकले। सैफई सिंडिकेट का विस्तार करते हुए इन्होंने यूपी लोक सेवा आयोग को ही भ्रष्ट करने का काम कर दिया। सारे नियमों को ताक पर रखकर सीधे चेयरमैन पद पर अपने आदमी को बिठा दिया। 2015 में पीसीएस जैसी पवित्र परीक्षा का पेपर लीक करा दिया गया।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि हालात ऐसे थे कि इन लोगों ने यूपी लोक सेवा आयोग को सैफई सिंडिकेट का हिस्सा बना दिया और नियुक्तियां परिवार की पर्ची से होने लगी। दरअसल, ये वही सैफई सिंडिकेट है जो दशकों तक यूपी में नकल, पेपर लीक, सॉल्वर गैंग, मुन्नाभाई गैंग और भर्ती घाटाले का पूरा ईको सिस्टम चलाया जाता था।

### दिल्ली के छात्रों के समर्थन में भीम आर्मी का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर भीम आर्मी से जुड़े छात्रों और पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर एकत्र हुए और केंद्र सरकार के खिलाफनारेबाजी करते हुए दिल्ली में धरना दे रहे छात्रों की मांगों का समर्थन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि दिल्ली में छात्रों के समर्थन में चल रहे आंदोलन के साथ वे पूरी मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने भीम आर्मी प्रमुख एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद द्वारा दिल्ली में किए जा रहे प्रदर्शन का भी समर्थन जताया और शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन को देखते हुए बाबा साहेब आंबेडकर प्रतिमा के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

परंपरा

## भगवान विष्णु योगनिद्रा में जाएंगे

# मांगलिक कार्य अब चार माह तक थमेंगे

- 25 जुलाई से शुरू होगा चतुर्मास, देवोत्थान एकादशी के बाद 20 नवंबर से फिर बजेंगी शहनाइयां
- क्षीरसागर में विश्राम करेंगे विष्णु, महादेव संभालेंगे सृष्टि की बागडोर, अब जप-तप का समय



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सनातन परंपरा में विशेष महत्व रखने वाला चतुर्मास इस वर्ष 25 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी यानी देवशयनी एकादशी के साथ भगवान विष्णु क्षीरसागर में योगनिद्रा के लिए चले जाएंगे। इसके साथ ही अगले चार माह तक विवाह, गृह प्रवेश, उपनयन संस्कार समेत अन्य मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा।

मान्यता है कि भगवान विष्णु के योगनिद्रा में जाने के बाद सृष्टि की व्यवस्था का दायित्व भगवान शिव के हाथों में आ जाता है। इसलिए चतुर्मास में भगवान महादेव की पूजा-अर्चना, जप और साधना का विशेष महत्व बताया गया है। ज्योतिर्विद सतीश मणि ने बताया कि इस वर्ष एकादशी तिथि का प्रारंभ 24 जुलाई की रात से होगा। उदया तिथि की मान्यता के अनुसार वैष्णव धर्मावलंबी 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी का व्रत रखेंगे। इसके बाद कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की देवोत्थान एकादशी तक चतुर्मास रहेगा। 20 नवंबर को भगवान विष्णु के योगनिद्रा से जागने के साथ ही मांगलिक कार्यों का शुभारंभ फिर से हो जाएगा।

### चतुर्मास में साधना का विशेष महत्व

चतुर्मास को धर्म, तप और साधना का समय माना जाता है। इस दौरान साधु-संत और संन्यासी भ्रमण रोककर एक ही स्थान पर रहकर जप, तप और धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। श्रद्धालु भी इस अवधि में पूजा-पाठ, व्रत और धार्मिक कार्यों को विशेष महत्व देते हैं।

### ज्योतिषीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण

ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार चतुर्मास में सूर्य देव दक्षिणायन हो जाते हैं। इस दौरान पृथ्वी पर सूर्य का प्रभाव अपेक्षाकृत कम होने से वातावरण में परिवर्तन आता है। बारिश के कारण जल की मात्रा बढ़ती है और कई प्रकार के जीव-जंतुओं की उत्पत्ति होती है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की संभावना भी बढ़ जाती है। इसलिए इस समय संयमित जीवन और धार्मिक अनुशासन का महत्व बताया गया है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का एहसास : मनीष शुक्ला

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान न केवल पर्यावरण की रक्षा करता है, बल्कि यह हमें प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का एहसास भी कराता है। यदि हम सभी मिलकर इस अभियान में भाग लें और पेड़ लगाएं, तो हम एक स्वच्छ, हराभरा और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित कर सकते हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी लाभकारी होगा।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने गुरुवार को गोमती नगर में शास्त्रार्थ फाउंडेशन की ओर से आयोजित %एक पेड़ मां के नाम% कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता को रेखांकित करते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में एक वृक्ष को 10 पुत्रों के समान कहा गया है।

इस कार्यक्रम को मां के सम्मान से जोड़ने के नाते प्रत्येक नागरिक अपने को सहभागी महसूस कर रहा है। पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक राजीव रंजन सिंह, समाजसेवी जाह्नवी सिंह, भाजपा युवा नेता आशीष जायसवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इसके पूर्व पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षा तथा 2047 में प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत परिकल्पना पूर्ण होने के लिए एक हवन का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मिथलेश मिश्रा, शक्ति श्रीवास्तव, मोनी सिंह, शैलेन्द्र अवस्थी विनोद अग्रवाल आदि लोग थे।

## खबरें एक नजर में

### कोटेदार के निधन से गांव में शोक की लहर




**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव बरौरा निवासी एवं कोटेदार शिवरतन लाल वर्मा का इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर से गांव और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई तथा परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। पूर्व प्रधान फूलचंद वर्मा ने बताया कि 18 जुलाई की सुबह शाहजहांपुर में टहलने के दौरान शिवरतन लाल वर्मा सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए थे। हादसे के बाद उन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर बरेली रेफर कर दिया। बरेली में भी स्वास्थ्य में सुधार न होने पर उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। वहां उनका उपचार चला, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद चिकित्सक उन्हें बचा नहीं सके और इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग, शुभचिंतक और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। आजाद पार्टी के नेता हरिराम वर्मा भी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और गहरा दुख व्यक्त किया। विशाल दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजीत वर्मा तथा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अजय पाल वर्मा ने भी अंतिम संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### आयोग सदस्य 25 को जिले में रहेगी

**शाहजहांपुर।** राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए 25जुलाई को सुबह 11 बजे विकास भवन सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। जनसुनवाई में आयोग सदस्य सुजीता कुमारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना तथा उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। आयोग महिलाओं के अधिकारों एवं सुरक्षा से जुड़े मामलों, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, संपत्ति विवाद, मानसिक उत्पीड़न आदि विषयों पर शिकायतों की सुनवाई करेगा। जानकारी देते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि यदि किसी महिला को कोई शिकायत दर्ज करानी हो तो वह अपने प्रार्थना पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ जनसुनवाई में उपस्थित हो सकती हैं। उन्होंने महिलाओं से अपील है कि वह अधिक से अधिक संख्या में इस जनसुनवाई में भाग लें और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी शिकायतें दर्ज कराएं।

### मासूम लापता, परिवार में मचा हड़कंप



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव दिवाली से छह वर्षीय मासूम के लापता होने से परिवार में हड़कंप मच गया। गांव निवासी रामू ने बताया कि उनका पुत्र छोटू कनौजिया (6 वर्ष) बुधवार दोपहर करीब 12.30 बजे घर से निकला था, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के गांवों में काफी तलाश की, लेकिन बच्चा नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने सिंधौली थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बच्चे की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया बच्चों की तलाश की जा रही है। पुलिस भी अपने स्तर से तलाश कर रही है।

### सपा ने जौहर यूनिवर्सिटी और छात्र आंदोलन को लेकर किया प्रदर्शन



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मुख्य रूप से रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण आदेश और दिल्ली में छात्र आंदोलन के दौरान छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में आयोजित किया गया था। विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल सिंह यादव के नेतृत्व में सैकड़ों सपा कार्यकर्ता डाक बंगला से जुलूस की शक्ल में तहसील की ओर बढ़े। हालांकि, सुरक्षा में तैनात पुलिस बल ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया, जिसके बाद कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। प्रदर्शन के दौरान सपाइयों ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि शिक्षण संस्थानों को टारगेट करने से हजारों छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। प्रदर्शन के अंत में सपा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम मधुसूदन गुप्ता और सीओ दीपक सिंह को देश के राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल सिंह यादव के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में ज्योत्सना कश्यप, नगर अध्यक्ष संजीव गुप्ता,नगर अध्यक्ष अल्हागंज अबरार खां, ब्लॉक अध्यक्ष अवनेश यादव, राष्ट्रीय सचिव छात्रसभा दीपक यादव, अमन पांडेय, रामदास राठौर व अभिषेक यादव आदि मौजूद रहे।

# भाजपा की हर ऐतिहासिक जीत के पीछे बूथ स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण है: खन्ना

- नगर विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन गांधी भवन में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में नगर विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन गांधी भवन में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। दीपप्रज्वलन एवं भारतमाता, दीनदयाल उपाध्याय जी व श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात सामूहिक वन्दे मातरम् गायन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सम्मेलन में बूथ अध्यक्षों, मंडल पदाधिकारियों व भाजपा कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाना, सभी बूथ अध्यक्षों को डिजिटल माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करना, आगामी संगठनात्मक अभियानों की रूपरेखा तय करना तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक घर तक पहुँचाने के लिए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने की। कार्यक्रम का संचालन महानगर उपाध्यक्ष अभिषेक यादव व महानगर महामंत्री अंशुल चैहान ने किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री सुभाषिनी जायसवाल रहीं एवं विशिष्ट अतिथि सदस्य विधान परिषद हरि सिंह ढिल्लो उपस्थित रहे। विधानसभा प्रभारी एमएलसी डा. सुधीर गुप्ता एवं कार्यक्रम संयोजक महानगर उपाध्यक्ष आशीष शुक्ला, महानगर अध्यक्ष भाजपा शिल्पी गुप्ता, जिला अध्यक्ष भाजपा केसी मिश्रा आदि उपस्थिति रहे। मुख्य अतिथि सुभाषिनी जायसवाल ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ अध्यक्ष पार्टी का सबसे महत्वपूर्ण प्रतिनिधि है और उसकी सक्रियता ही संगठन की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से नियमित जनसंपर्क, नए मतदाताओं को जोड़ने, महिलाओं, युवाओं एवं समाज के सभी वर्गों तक पार्टी की विचारधारा और सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से पहुँचाने का आह्वान किया। वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है, जिसकी सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता और बूथ अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की हर ऐतिहासिक विजय के पीछे बूथ स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे मेरा बूथ, सबसे मजबूत के संकल्प को आत्मसात करते हुए प्रत्येक मतदाता तक पहुँचें, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ तथा समाज के प्रत्येक वर्ग का विश्वास जीतने का कार्य करें। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सदस्य विधान परिषद हरि सिंह ढिल्लो ने कहा बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते हैं, चुनाव सिर्फ मंच पर भाषण देने से नहीं वल्कि जमीन पर पसीना बहाने वाले बूथ अध्यक्षों की मेहनत से जीते जाते हैं। महानगर अध्यक्ष भाजपा शिल्पी गुप्ता ने कहा कि बूथ स्तर पर मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुशासन, सेवा, समर्पण और संगठन की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करता है। उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों से अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित संवाद, जनसमस्याओं के समाधान और संगठन के विस्तार पर विशेष ध्यान देने की अपील की। सम्मेलन के दौरान बूथ अध्यक्षों को संगठनात्मक दायित्वों, सदस्यता विस्तार अभियान, मतदाता संपर्क, सोशल मीडिया की प्रभावी भूमिका, केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ पर नियमित बैठकें आयोजित करने, नए स्वयंसेवकों को जोड़ने और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुँचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित बनाने में विशेष भूमिका शाश्वत श्रीवास्तव, अभिषेक यादव, अमन सक्सेना, शशांक गौरव, शिवांशु, आयुष शंखधार, शिवा सक्सेना, काव्य गुप्ता, नीलमणि त्रिवेदी, अभिषेक तिवारी, सुमित, काव्यांश आदि ने निभाई।

## विवि ने गठित की अनापत्ति समिति

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं नियामकीय प्रक्रियाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके अंतर्गत नवीन महाविद्यालयों एवं संस्थानों की स्थापना तथा वर्तमान में संचालित महाविद्यालयों व संस्थानों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर नए विषयों एवं पाठ्यक्रमों को आरम्भ करने हेतु अनापत्ति प्रदान किए जाने की प्रक्रिया के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। समिति की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह करेंगे। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी तथा जिलाधिकारी द्वारा नामित सदस्य को उक्त समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है, जबकि विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री वीरेंद्र कुमार मौर्य उक्त समिति के सदस्य सचिव होंगे। यह समिति निरीक्षण के उपरांत नियमानुसार अनापत्ति प्रदान करने संबंधी निर्णय लेगी। इस समिति के गठन से नए शिक्षण संस्थानों की स्थापना तथा वर्तमान महाविद्यालयों में रोजगारपरक एवं नवाचार आधारित पाठ्यक्रमों के विस्तार की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं समयबद्ध होगी। नतीजतन जिले में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के सुनिश्चयन के साथ विद्यार्थियों को। विविध शैक्षणिक अवसर उपलब्ध होंगे।

- नए महाविद्यालयों एवं पाठ्यक्रमों को मिलेगी गति

## शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए खुदागंज पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** क्षेत्र में कानून-व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के उद्देश्य से थाना खुदागंज पुलिस ने गुरुवार को थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में कस्बा खुदागंज में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने मुख्य बाजार, प्रमुख चैराहों तथा संवेदनशील स्थानों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं राहगीरों से संवाद करते हुए आपसी भाईचारा, शांति एवं



सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है और आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## जौहर यूनिवर्सिटी को जमींदोज करने के आदेश के खिलाफ समाजवादी छात्र सभा का प्रदर्शन

**शाहजहांपुर।** समाजवादी छात्र सभा के प्रदेशीय आवाहन पर मौलाना मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों को जमींदोज करने के आदेश के खिलाफ समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया के नेतृत्व में गाँधी फैज-ए-आम महाविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। तमाम छात्र-छात्राओं ने अपनी सहमति से हस्ताक्षर करके बता दिया कि किसी भी शिक्षण संस्थान या शिक्षा पर हमला होगा तो हम सब मजबूती से एक साथ खड़े होगे। इस अवसर पर समाजवादी छात्रसभा के जिला महासचिव चैधरी सौमित्र यादव, कॉलेज के इकाई अध्यक्ष सैय्यद अमान, छात्र नेता सम्राट प्रवीण यादव, समाजवादी छात्र सभा जिला कोषाध्यक्ष सूरज यादव,




समाजवादी छात्र सभा के जिला सचिव पुष्पेन्द्र राजपूत, समाजवादी छात्र सभा के नगर विधानसभा अध्यक्ष शिवम वर्मा, भाई अभय शंकर सहित तमाम छात्र मौजूद रहे।

## हाईवे पर कंटेनर ने बाइक को रौंदा, युवक की मौके पर मौत

- कंटेनर की नीचे फंसी बाइक दूर तक घिसटने बनी आग का गोला
- फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू, पुलिस ने यातायात कराया सुचारू

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

हाईवे पर कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं कंटेनर में फंसी बाइक दूर तक घिसटने से धमाके के साथ आग लग गई। पुलिस व फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाते हुए कंटेनर को हटवा कर यातायात सुचारू करवाया। जानकारी के मुताबिक सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव पैगापुर



निवासी सत्यम पुत्र शिव शंकर 24 गुरुवार को अपरान्ह करीब ढाई बजे बंथरा स्थित मेडिकल कॉलेज से दवाई लेकर बाइक संख्या यूपी 27 बीडी 0985 से अपने घर बापस जा रहा था। इसी दौरान बंथरा ओवर ब्रिज पर पीछे से बाइकें भरकर जा रहे तेज रफ्तार कंटेनर संख्या यूपी 78 डी एम 3743 ने पीछे से बाइक को रौंद दिया। जिससे सत्यम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक कंटेनर की नीचे फंसी दूर तक घिसटने से जोरदार धमाके के साथ कंटेनर के नीचे ही धूं धूं कर जलने लगी। सूचना मिलते ही नगरिया मोड़ चैकी इंचार्ज सौरभ शुक्ला पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। और फायर ब्रिगेड को बुलाया । फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया ।गनीमत यह रही कि कंटेनर में लदी बाईकों में आग नहीं लग सकी। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया । उधर जली हुई बाइक को पुलिस ने कब्जे में लेकर कंटेनर को हटबाकर यातायात सुचारू करवाया। पुलिस की सूचना पर मृतक के परिजन भी पहुंच गए।

## दबंगों ने घर में घुसकर किया जानलेवा हमला

**एक ही परिवार के चार लोग गंभीर घायल, एक मेडिकल कॉलेज रेफर**

**तिलहर–शाहजहांपुर।** दलित महिला ने दबंगों द्वारा घर में घुसकर जानलेवा हमला कर चार लोगोंबको लहूलुहान करने का आरोप लगाते हुए तीन लोगों को नमाजद व आधा दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बरहा मोहब्बतपुर निवासी ममता पत्नी मुकेश ने पुलिस को बताया कि वह दलित है। पुरानी रंजिश के चलते गांव धमनपुर निवासी राजवीर सिंह व वैभव सिंह ने बीती 11 जुलाई को घर में घुसकर मारपीट की थी। जिसकी बाबत उसने थाना पुलिस और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया था। आरोप है कि इसी बात को लेकर राजवीर और वैभव उनसे और उनके परिवार से रंजिश मानने लगे तथा लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे थे। 22 जुलाई की शाम करीब साढ़े सात बजे राजवीर सिंह व वैभव सिंह अपने साथ रामदास, हैप्पी, रामगोपाल, राहुल, राजू, कृष्णपाल, लखन, अर्जुन और करन समेत अन्य लोगों के साथ लाठी– डंडे व भाले और लोहे की रॉड लेकर घुस आए। और जाति सूचक गालियां देते हुए जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि वैभव सिंह ने उसके पति मुकेश पर भाले से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गए। पति भी उक्त लोग हमलावर हो गए। शोर सुनकर मुकेश के भाई वीरपाल और बेटा अमन उन्हें बचाने आया तो आरोपियों ने उनके साथ भी लाठी–डंडों और लोहे की रॉड से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। घटना में वह , पति मुकेश , उनका बेटा अमन 16 और भाई वीरपाल घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से घायलों को उपचार के लिए तिलहर सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर से प्राथमिक उपचार देकर मुकेश की हालत गंभीर होने पर जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर घटना क्रम की जांच की जा रही है।

## नाले के पास विशालकाय मगरमच्छ दिखने से दहशत, वन विभाग सतर्क

**सिंधौली (शाहजहांपुर), समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के गांव दिवाली में नाले के किनारे एक विशालकाय मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मगरमच्छ गांव के दक्षिण दिशा में स्थित नाले के पास देखा गया। नाला आबादी के बेहद करीब होने के कारण ग्रामीणों में भय का माहौल है, क्योंकि इसी रास्ते से लोगों का रोजाना आवागमन होता है।

ग्रामीणों का कहना है कि नाले के किनारे कई मकान बने हुए हैं। ऐसे में मगरमच्छ की मौजूदगी से किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़कर किसी अन्य स्थान पर छोड़ने की मांग की है। डॉ. तौफीक, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद मजीद, वसीम मंसूरी समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सभी चिंतित हैं। उन्होंने लोगों से भी नाले के आसपास जाने से बचने की अपील की। वन दरोगा वीरेंद्र गंगवार ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी, लेकिन घटनास्थल पर भारी भीड़ और शोर-शराबा होने के कारण मगरमच्छ नाले में वापस चला गया। फिलहाल वन विभाग की टीम क्षेत्र में निगरानी कर रही है और मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

## दो साल में धंसने लगा हाईवे, पुल एप्रोच के पास हादसे का खतरा

**जैतीपुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

तिलहर-दातागंज को जोड़ने वाले हाईवे पर बनी बहगुल नदी का पुल ही अब लोगों के लिए खतरा बन गया है। दो साल पहले करोड़ों की लागत से बना यह मार्ग पुल के एप्रोच के पास करीब दो फीट धंस गया है। सड़क का एक हिस्सा बैठ जाने से आवाजाही रोक दी गई है। फिलहाल वाहनों को एक ही साइड से बेहद धीमी गति से निकाला जा रहा है।

यह पहली बार नहीं हुआ। निर्माण के कुछ दिन बाद ही मार्ग पर बनी पुलिया धंस गई थी। तब आनन-फानन में मरम्मत कर काम चला दिया गया था। लेकिन अब फिर से वही स्थिति सामने आ गई है। बरसात में मिट्टी धंसने से गड्ढा और गहरा हो गया




है। रात में बिना बैरिकेडिंग के हादसे की आशंका बनी हुई है। राहगीरों का कहना है कि इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों भारी वाहन, बसें और स्कूली वाहन गुजरते हैं। पुल के पास अचानक धंसाव होने से दोपहिया चालक कई बार गिरकर चोटिल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने कई बार विभाग से शिकायत की, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हुआ। जैतीपुर कस्बे के लोगों ने आरोप लगाया कि घटिया निर्माण सामग्री और मानकों की अनदेखी के चलते सड़क समय से पहले बैठ रही है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी दो साल में सड़क का यह हाल सवाल खड़े करता है। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने धंसे हुए हिस्से पर बैरिकेड लगाकर आवागमन प्रतिबंधित कर दिया है। अब एक तरफ से ही ट्रैफिक चल रहा है, जिससे जाम की स्थिति बन रही है। लोगों ने मांग की है कि विभाग तुरंत मौके पर पहुंचकर वैज्ञानिक तरीके से मिट्टी भराई और पक्का निर्माण कराए, वरना बरसात में बड़ा हादसा हो सकता है। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि अगर अब भी लापरवाही बरती गई तो पुल का एप्रोच पूरी तरह बैठ सकता है और आवागमन ठप हो जाएगा।

## बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण- वृक्षारोपण से संबंधित मॉडल तैयार किए

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




लीड कॉन्वेंट स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण से संबंधित आकर्षक मॉडल और प्रोजेक्ट भी तैयार किए। कक्षा 1 से 3 तक के विद्यार्थियों ने श्एक पेड़ मां के नामश् और पर्यावरण पर आधारित सुंदर कविताएं प्रस्तुत कीं। कक्षा 4 से लेकर कक्षा 6 तक के विद्यार्थियों ने एक पेड़ मां के नाम विषय पर नुक्कड़ नाटक एवं कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों ने एक रैंप वॉक प्रस्तुत की। इसके अलावा कुछ छात्र-छात्राओं ने वृक्षारोपण के महत्व और इस अभियान से जुड़ी प्रेरणादायक कहानियां सुनाकर सभी का मन मोह लिया। घ्कार्यक्रम शुभारंभ विशिष्ट अतिथि नगर निगम के सैफ सिद्दीकी, परितोष मिश्रा,आमिर एवं लायंस क्लब सहेली की प्रेसिडेंट कुमुद गुप्ता, रूपा पांडे पदमा गुप्ता, प्रधानाचार्या तराना जमाल और निदेशक मोहम्मद जमाल ने संयुक्त रूप से पपीता और अमरूद का पेड़ लगाकर किया। तत्पश्चात प्रधानाचार्या तराना जमाल ने कहा कि हमें बहुतायत में पेड़ लगाने होंगे, तभी पृथ्वी पर ग्लोबल वार्मिंग में कमी आएगी।और विद्यार्थियों से कहा कि हम लोगों को खुद भी वृक्ष लगाने हैं और साथ ही अन्य लोगों को भी जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि हम छोटी-छोटी बातों से पेड़ लगाने का बहाना ढूंढ सकते हैं।

वृक्षों को न ही काटें और न ही काटने दें, अपने और अपने परिवारजन के जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाएं या भेंट स्वरूप प्रदान करें, तथा कोई भी शुभ कार्य करने से पहले एक पौधा रोपित करें। तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि कुमुद गुप्ता ने प्रांगण में मौजूद विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को प्रण दिलवाया कि वे हर किसी को एक-एक पौधा रोपित करने के लिए जागरूक करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने और प्रकृति की रक्षा करने का संदेश दिया। तत्पश्चात कुमुद गुप्ता व सैफ सिद्दीकी ने बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मिनाहिल, आराध्या, सफीका, सानवी, अक्षरा, भार्गवी, मोहम्मद जोहान, नव्या, हुसैन, नंदिनी, आयजा, माहिरा, अजमा, सनाया, आव्या, अंशरा, आतिफा, इनाया खान, शानवी, इरफत, पीयूष, अयांश, आयजा खान, हरम, मोहम्मद अरमान याफी, मोहम्मद हुसैन, नंदिनी रॉय, सृष्टि मौर्य, मोहम्मद अजैन, हम्द, मोहम्मद हसनैन, जैना अंसारी, व्योम बाजपाई, सैयद मुज्तबा रयान, अब्दुल रहमान, अभिराम अग्निहोत्री, नोमान हुसैन खान, रहम फातिमा, मोहम्मद अफ्फान, सात्विक मिश्रा, दक्ष, दिव्यांशी, अबीरा, आरिश, मायशा, जोहरा, काव्या, जानवी अक्षत, नकुल, दीपेंद्र आदि बच्चों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन ग्रीन हाउस के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से किया तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इसमें अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के निदेशक मोहम्मद जमाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## महान क्रांतिकारी थे चंद्रशेखर आजाद: रवि सूर्या

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को क्षेत्र के गांव बितौनी स्थित सृष्टि मेडिकल स्टोर पर केशव शाखा बितौनी द्वारा महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई गई। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला ज्वॉइन प्रमुख रवि सूर्या ने बताया चंद्रशेखर आजाद जी एक महान क्रांतिकारी थे उनके जीवन से हम सभी युवाओं को काफी प्रेरणा मिलती है एवं हम सभी को उनका जीवन परिचय पढ़ना चाहिए एवं उसे अपने जीवन में उतारना चाहिए। इस अवसर पर डॉ विनय मिश्रा, तहसील अध्यक्ष सुमित यादव, सत्यम शुक्ला, कृष्णा त्रिवेदी,



दीपांशु, अजय, उत्कर्ष त्रिवेदी, आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**मदनापुर, शाहजहांपुर।** अपराध एवं अवैध असलहों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मदनापुर थाना पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग और रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम झपका दिलावरपुर जाने वाले कच्चे रास्ते पर घेराबंदी कर संजू सिंह पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम प्रतापपुर लक्ष्मी, थाना मदनापुर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक 12 बोर का अवैध देशी तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3\25 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का पूर्व से भी आपराधिक इतिहास है। उससे पूछताछ की जा रही है और उसके आपराधिक नेटवर्क व अन्य गतिविधियों की भी जांच की जा रही है। अभियान के तहत क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की लगातार चेकिंग और गश्त जारी रहेगी।

### शिकायत के बाद अवैध मेडिकल स्टोर पर औषधि विभाग की कार्रवाई, दवाएं जब्त



**खुटार, शाहजहांपुर।** नवदिया नवाजपुर गांव में बिना वैध लाइसेंस संचालित एक मेडिकल स्टोर पर औषधि विभाग ने खुटार पुलिस के साथ संयुक्त छापेमारी कर कार्रवाई की। जांच के दौरान दुकान में रखी बड़ी मात्रा में औषधियों को सील कर जब्त कर लिया गया, जबकि कुछ दवाओं के नमूने परीक्षण के लिए भेजे गए हैं। मामला उस समय सामने आया जब गांव के एक युवक ने शिकायत की कि पैरों में झनझनाहट की परेशानी के चलते उसने उक्त मेडिकल स्टोर से इलाज कराया। आरोप है कि संचालक ने इंजेक्शन लगाने के बाद उसकी हालत और बिगड़ गई तथा पैर में गंभीर संक्रमण हो गया। बाद में लखनऊ में इलाज के दौरान डॉक्टरों ने संक्रमण अधिक होने पर पैर काटने की सलाह दी। इसके बाद पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस और औषधि विभाग से की। शिकायत मिलने पर औषधि निरीक्षक ने सबसे पहले मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर संचालक से लाइसेंस और अन्य जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद गुरुवार को विभागीय टीम दोबारा मौके पर पहुंची। इस दौरान मेडिकल संचालक कोई भी वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके चलते दुकान में रखी दवाओं को सील कर कब्जे में ले लिया गया। कार्रवाई के दौरान खुटार थाना पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। शिवेंद्र प्रताप सिंह, जिला औषधि निरीक्षक, शाहजहांपुर ने कहा कि प्राप्त शिकायत के आधार पर नवदिया नवाजपुर स्थित मेडिकल स्टोर की जांच की गई। संचालक वैध लाइसेंस एवं आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। इसलिए मौके पर उपलब्ध दवाओं को सील कर जब्त कर लिया गया है। मामले में औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### एक्सईएन ने विद्युत अधिकारियों के साथ ट्रांसफार्मरों की स्थिति देखी



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** विद्युत व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ एवं निर्बाध बनाए रखने के उद्देश्य से विद्युत विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को खुदागंज क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं नगर में स्थापित विद्युत ट्रांसफार्मरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ट्रांसफार्मरों की तकनीकी स्थिति, विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों तथा रखरखाव कार्यों का जायजा लिया। इस निरीक्षण का नेतृत्व एक्सईएन कृष्ण गोपाल ने किया। उनके साथ अवर अभियंता (जेई) अमित कुमार चैधरी, नगर अवर अभियंता सतीश चंद्र, तथा विभागीय कर्मचारी अनिल सिंह एवं मो. अनीस मौजूद रहे। अधिकारियों ने दीपपुर, जलालपुर तथा खुदागंज टाउन में स्थापित विद्युत ट्रांसफार्मरों का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को ट्रांसफार्मरों के नियमित रखरखाव, ओवरलोडिंग पर नियंत्रण तथा संभावित तकनीकी खामियों को समय रहते दूर करने के निर्देश दिए, ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति मिल सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से भी संवाद किया और उनकी विद्युत संबंधी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आश्वस्त किया कि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए विभाग निरंतर कार्य कर रहा है तथा किसी भी तकनीकी खराबी का त्वरित समाधान कराया जाएगा। विद्युत विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र के उपभोक्ताओं में भरोसा बढ़ा है और उम्मीद जताई जा रही है कि नियमित निरीक्षण एवं समय पर रखरखाव से विद्युत आपूर्ति और अधिक सुचारु एवं सुरक्षित बनी रहेगी।

# समाज बदलेगा तो बेटियां- महिलाएं होंगी अधिक सुरक्षित: डीएम

- मिशन शक्ति से पुलिस की बदली छवि, महिला सुरक्षा मजबूत हुई: एसपी
- जनभागीदारी के बिना मिशन शक्ति का उद्देश्य पूरा नहीं होगा: नगरायुक्त
- सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए आगे आएं लोग: सीडीओ



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति के तहत आयोजित कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि समाज बदलेगा तो बेटियां- महिलाएं होंगी अधिक सुरक्षित होगी।उत्तर प्रदेश सरकार का 'मिशन शक्ति' अभियान महिलाओं को सुरक्षित वातावरण, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता और आत्मविश्वास प्रदान करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। एसपी सौरभ दीक्षित ने कहा कि मिशन शक्ति से पुलिस की बदली छवि, महिला सुरक्षा मजबूत हुई और आज महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। मिशन शक्ति जन जन तक पहुंच रहा है।उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने पुलिस के साथ मिलकर महिलाओं और बालिकाओं तक सहायता पहुंचाने का काम किया है। इससे पुलिस की कार्यशैली में भी सकारात्मक बदलाव आया है और लोगों के बीच पुलिस की संवेदनशील एवं सहयोगी छवि मजबूत हुई है। नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने कहा कि किसी भी सरकारी योजना की सफलता जनभागीदारी पर निर्भर करती है। यदि समाज का सहयोग नहीं मिलेगा तो योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंच पाएगा। इसलिए मिशन शक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में समाज, स्वयंसेवी संस्थाओं और जागरूक नागरिकों की सक्रिय भूमिका जरूरी है। सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने 14 से 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान में जनसहभागिता बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह बीमारी समय पर टीका लगवाकर काफी हद तक रोकी जा सकती है। कार्यक्रम में मिशन शक्ति से जुड़कर प्रशासन के कार्यों में सहयोग करने वाली 18 महिलाओं को सम्मानित किया गया। विशेष अतिथि के रूप में एसपी सौरभ दीक्षित, विशिष्ट अतिथि के रूप में सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी और एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र मौजूद थे।

**इनको मिला सम्मान** सम्मान पाने वालों में डा. संगीता मोहन संस्थापक, समर्पण संस्था, अमृता दीक्षित जिला मिशन को-ऑर्डिनेटर, महिला कल्याण विभाग, नमिता यादव प्रबंधक, वन स्टॉप सेंटर, श्वेता सक्सेना प्रतिनिधि, भोर फाउंडेशन, नमिता सिंह सदस्य, रानी लक्ष्मी विंग, नेहा सक्सेना निदेशक, मातृत्व सोशल वेलफेयर सोसाइटी, अल्पना श्रीवास्तव समाजसेवी, ललिता यादव अध्यक्ष, इंटरनेशनल लायंस क्लब शक्ति, वर्षा गोस्वामी जिला प्रभारी, वीआईपी ग्रुप, डा. मधुर कश्यप, नीतू गुप्ता जिलाध्यक्ष, वीआईपी ग्रुप, महिमा शुक्ला पूर्व अध्यक्ष, लायंस क्लब सहेली, रश्मि अग्निहोत्री प्रभारी निरीक्षक, महिला थाना, नीतू मलिक महिला आरक्षी, थाना सदर बाजार, राजेंद्री महिला आरक्षी, कोतवाली, जूली चैधरी महिला आरक्षी, थाना पुवायां, साधना बाजपेयी जन शिकायत प्रकोष्ठ तथा डोली चैहान महिला आरक्षी, थाना जलालाबाद शामिल रही।

# तीन-चार साल आप लोग मेहनत कर लो जिंदगी भर आराम करिए: सीडीओ

- जीएफ कालेज में अभ्युदय कोचिंग के शुभारंभ पर बोले सीडीओ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



तीन-चार साल आप लोग सब कुछ भूलकर मेहनत से पढ़ाई करिए और अपने लक्ष्य को हासिल कर लो। फिर पूरी जिंदगी आराम से जिए बगैर किसी टेंशन के, उक्त विचार सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने जीएफ कालेज में अभ्युदय कोचिंग के शुभारंभ अवसर पर विद्यार्थियों के समक्ष रखें। सीडीओ बोले कि मेरी मां कहा करती थी कि तीन चार साल मेहनत कर लो और फिर आराम से रहो, आज उनके मोटिवेशनल काम आ रहे हैं। कोई भी चीज हो, उसकी अच्छे से प्रैक्टिस करो। क्योंकि बगैर प्रैक्टिस के कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता है। असफलता जिंदगी का वो हिस्सा हैं, जोकि आपको मजबूत बनाता है। इसलिए जब भी असफलता हाथ लगे तो निराश मत होना और अधिक मेहनत कर मुकाम हासिल करना। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा ने कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के माध्यम से उपलब्ध निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन का अधिकतम लाभ उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि हम लोग बीच बीच में आप लोगों के बीच में आते रहेगे। आप लोग खूब मेहनत से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करिए, और जनपद का नाम प्रदेश स्तर तक रोशन करिए। इस अवसर पर जीएफ कॉलेज के प्राचार्य मोहसिन हसन, कोर्स कोऑर्डिनेटर राहुल यादव, महाविद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# रामलीला मैदान की दीवार तोड़े जाने पर फूटा जनाक्रोश

- भाजपा बूथ अध्यक्षों व सभासदों ने किया इस्तीफे का एलान

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा खुदागंज के ऐतिहासिक रामलीला मैदान की दीवार तोड़े जाने के विरोध में गुरुवार को जनाक्रोश खुलकर सामने आया। भारतीय जनता पार्टी के कई बूथ अध्यक्षों, सभासदों तथा स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का कड़ा विरोध करते हुए पार्टी से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया। विरोध कर रहे पदाधिकारियों का कहना था कि जिस कार्य को उनके अनुसार पूर्व की सपा और बसपा सरकारों में भी नहीं किया गया, वह वर्तमान सरकार के कार्यकाल में होने से क्षेत्र की जनता की भावनाएं आहत हुई हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि रामलीला मैदान केवल एक सार्वजनिक स्थल नहीं, बल्कि क्षेत्र की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और वर्षों पुरानी परंपराओं का केंद्र है। यहां प्रतिवर्ष रामलीला, धार्मिक आयोजन एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं, जिससे लाखों लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। उनका आरोप है कि मैदान की दीवार तोड़े जाने का निर्णय बिना स्थानीय जनता और संबंधित समिति की सहमति के लिया गया, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है। विरोध कर रहे भाजपा बूथ अध्यक्षों एवं सभासदों ने कहा कि यदि उनकी भावनाओं और मांगों की अनदेखी की गई तो वे अपना इस्तीफा भाजपा मंडल अध्यक्ष को सौंप देंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों से जुड़े मामलों में जनता की भावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए तथा प्रशासन को इस मामले में उचित समाधान निकालना चाहिए। विरोध प्रदर्शन के दौरान पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृपाशंकर रस्तोगी, बालिस्टर सिंह, सौरभ गुप्ता, राजीव गुप्ता, विश्वमोहन बंसल, सियाराम नायक, वेदराम राठौर, बालकृष्ण राठौर, प्रकाश राठौर, शिवम सिंह, गुरुपाल सिंह, राजीव कश्यप (बजरंग दल), अंशु जैन सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। इस विरोध प्रदर्शन को विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह नवादा एवं सुरभि सिंह ने भी अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों से जुड़े मामलों में जनता की भावनाओं का सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए तथा विवाद का समाधान आपसी संवाद और सहमति से किया जाना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष समीक्षा कर जनता की भावनाओं के अनुरूप निर्णय लिया जाए, जिससे क्षेत्र में व्याप्त असंतोष समाप्त हो सके। विरोध के दौरान लोगों ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आगे व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा।

# छेड़खानी व दंपति पर जानलेवा हमला का मुख्य आरोपी करन भूटिया गिरफ्तार

- उम्र कम होने के चलते भेजा गया बाल सुधार गृह

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



चार दिन पूर्व रात में बाजार से लौटने के दौरान महिला से छड़खानी करने और विरोध करने पर चाकुओं से प्रहार कर घायल करने वाले मुख्य आरोपी करन भूटिया को पुलिस ने तमंचा समेत गिरफ्तार कर लिया।

नाबालिग होने के चलते बाल अपचारी को बाल सुधार गृह भेज दिया गया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने निजामगंज में गैंसरा रोड पर जागेश्वर धाम के समीप से तमंचा व कारतूस समेत धर दबोचा। बता दें कि कटरा के मोहल्ला आतिशबाजान निवासी तनु सिंह पत्नी सनी वर्मा ने 19 जुलाई की रात करीब नौ बजे उसके साथ अश्लीलता करने व विरोध करने पर चाकुओं से प्रहार कर उसके पति को घायल करने के साथ ही तमंचे से गोली चलाने की करन भूटिया समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### राज्य महिला आयोग सदस्य 25 को शाहजहांपुर

**शाहजहांपुर।** राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए 25 जुलाई को सुबह 11 बजे विकास भवन सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। इस जनसुनवाई में आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना तथा उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। आयोग महिलाओं के अधिकारों एवं सुरक्षा से जुड़े मामलों, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, संपत्ति विवाद, मानसिक उत्पीड़न आदि विषयों पर शिकायतों की सुनवाई करेगा। जानकारी देते हुए डीपीओ ने बताया कि यदि किसी महिला को कोई शिकायत दर्ज करानी हो तो वह अपने प्रार्थना पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ जनसुनवाई में उपस्थित हो सकती हैं। उन्होंने महिलाओं से अपील हैं कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस जनसुनवाई में भाग लें और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी शिकायतें दर्ज कराएं।

# मुख्यमंत्री जी! गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाइए, तभी किसान भी खुश होंगे और छुट्टा गोवंश भी

**शैलेन्द्र पाण्डेय दीपक**



मिर्जापुर, शाहजहांपुर। किसानों की सबसे बड़ी समस्या छुट्टा गोवंश से फसलों की सुरक्षा करने की है। छुट्टा गोवंश खेतों से लेकर सड़कों तक किसानों के साथ ही आमजन के दुश्मन बने हुए हैं। सरकार ने जो गोवंश संरक्षण केंद्र बनाए हैं,उन्हें जब तक आत्मनिर्भर नहीं बनाया जाएगा। तब तक न गोवंश सुखी रहेगा और न ही किसानों की फसलें सुरक्षित बचेंगी। हालांकि सरकार ने न्याय पंचायत स्तर पर गौ संरक्षण केंद्र बनाए हैं। जो छुट्टा गोवंश की संख्या को देखते हुए अपर्याप्त हैं। जिम्मेदार क्षेत्रीय अधिकारी फर्जी रिपोर्टिंग करके सरकार को गुमराह कर रहे हैं, कि सभी छुट्टा गोवंश गौ संरक्षण केंद्रों में पहुंच गए है। जबकि सैकड़ों छुट्टा गोवंश सड़कों से लेकर खेतों तक किसानों की फसलों को बरवाद करने के साथ ही सड़कों पर चलने वाले वाहनों में यात्रा करने वाले यात्रियों और किसानों की जान ले रहे हैं। सरकार गौ संरक्षण केंद्रों में संरक्षित गोवंश के चारा, पानी, दवा, इलाज, रखरखाव और गौ सेवकों को प्रतिमाह दिए जाने वाले पारिश्रमिक पर प्रतिमाह लाखों रुपए खर्च का रही है। फिर भी न तो छुट्टा गोवंश से किसानों की फसलें सुरक्षित रह पा रही हैं और न ही रोड पर चलने वाले वाहनों में यात्री। सरकार को चाहिए कि न्याय पंचायत स्तर पर बृहद गोशाला बनवाकर सड़कों पर घूम रहे सम्पूर्ण गोवंश को गौ संरक्षण केंद्रों में संरक्षित कर गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाए। जिससे सरकार और किसान दोनों को ही लाभ होगा। सरकार को चाहिए कि प्रत्येक गोशाला में गोवंश के गोबर का उपयोग करने के लिए गोबर गैस प्लांट लगवाए जाएं। जिससे गोबर गैस प्लांट में बनने वाली ज्वलनशील गैस को कुकिंग गैस में परिवर्तित कर सिलेंडर में रिफिलिंग की व्यवस्था की जाए। यह गैस एलपीजी से सस्ती और सुलभ होगी। गोबर गैस से निकलने वाले गोबर के कचड़े को बर्मिंग कम्पोस्ट खाद में परिवर्तित करने की व्यवस्था की जाए। यह बर्मिंग कम्पोस्ट खाद किसानों को फास्फोरस खाद की कमी पूरी करेगी। यह सस्ती और सुलभ भी होगी। जिससे यूरियाध्डीएपी की निर्भरता भी कम होगी। गोमूत्र से कृषि रक्षा/फसल सुरक्षा के लिए गौशालाओं में कैमिकल मुक्त खरपतवार और कीट नाशक सस्ते हानि रहित रसायन तैयार करवाकर भी गौशालाओं को आत्मनिर्भर निर्भर बनाया जा सकता है। छुट्टा गोवंश को कृत्रिम गर्भाधान के जरिए मनचाही नस्ल की निश्चित बछिया भी प्रजनन करवाकर गायों की नस्ल सुधार करवाया जा सकता है। अच्छी नस्ल की बछिया बिक्री से भी गौशालाओं को लाभ होगा। गौशालाओं में उक्त व्यवस्थाएं करवाए जाने में उतनी भी लागत नहीं आएगी, जितना सरकार गौशालाओं में संरक्षित गोवंश के चारा,पानी,दवा, इलाज, गोशालओं के रखरखाव पर खर्च कर रही है।

### सांड की टक्कर से बाइक सवार घायल

**पुवायां, शाहजहांपुर।** आवारा सांड की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव उमरसंडा निवासी अजय कुमार पुत्र राजाराम अपनी बाइक से पुवायां आ रहे थे। तभी पुवायां-नाहिल रोड पर गांव घनश्यामपुर के पास अचानक सड़क पर घूम रहे एक सांड ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अजय कुमार बाइक से उछलकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से चोटिल हो गए। जिसके बाद राहगीरों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर घायल अजय कुमार को सीएचसी पहुँचाया। जिसके बाद डॉक्टर ने देखा ओर इलाज शुरू कर दिया।

**सूचना**

शैक्षणिक अभिलेखों में मेरी जन्मतिथि 07.05.2014 दर्ज है, जोकि गलत है। मेरी सही जन्मतिथि 16.03.2013 है, जिसे पढ़ा और लिखा जाए। **यश कुमार अवस्थी पुत्र अनिल नि.ग्रा. रघुनाथपुर खण्डहर, थाना- जलालाबाद, शाहजहांपुर**

**सूचना**

मेरी मां के बैंक खाते में नॉमनी में मेरा नाम राजेश्वरी दर्ज हैं, जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम गुड्डी हैं, दोनों नाम एक ही महिला के हैं। **गुड्डी देवी पत्नी स्व. राजेंद्र कुमार सक्सेना नि.मो. मोहम्म्मजई,थाना- कोतवाली, तह.- सदर, शाहजहांपुर**

# नशा मुक्त भारत से ही होगी विकसित भारत की पहचान

- राजकीय महाविद्यालय में गूंजा जागरूकता का संदेश

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




भारत सरकार के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना और महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में गुरुवार को प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय में एक विशेष जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। घ्महाविद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य थीम नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान रही। कार्यक्रम में युवाओं को नशे जैसी भयानक सामाजिक बुराई से दूर रहने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) श्री कृष्णा सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के समग्र विकास की दिशा में नशा मुक्त भारत अभियान एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावी कदम है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं सहित समाज के सभी वर्गों को नशे के दुष्प्रभाव से बचाना है। जब हमारा युवा नशे से मुक्त होगा, तभी एक स्वस्थ, जागरूक और सशक्त भारत का निर्माण संभव हो सकेगा। घ्इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को जीवन भर नशा न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यादवेंद्र कुमार आर्य ने किया। घ्इस जागरूकता अभियान और संगोष्ठी के अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक और गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिनमें डॉ. राकेश वर्मा, डॉ. अवधेश कुमार, डॉ. जयेंद्र कुमार, पवन सिंह यादव और सत्य प्रकाश दुबे आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए नशा मुक्ति के इस महाअभियान को अपना समर्थन दिया।

## कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांक:-434/न0पं0 टेण्डर नोटिस/2026-27/शमसाबाद — दिनांक 22 जुलाई, 2026

### अल्पकालीन ई-निविदा (निविदा सूचना)

नगर पंचायत शमसाबाद के अधिकृत संविदाकारों को सूचित किया जाता है कि **" राज्य वित्त आयोग"** के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय में निम्नांकित कार्य ई टेण्डरिंग के माध्यम से कराया जाना हैं जिसके डाक्यूमेंट बेबसाइड **www.etender.up.nic.in** पर दिनांक 24/07/2026 को प्रातः 10:00 बजे से 07/08/2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक उपलब्ध हैं जो कि बेबसाइड से डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते हैं तथा दिनांक 07/08/2026 को अपरान्ह 4:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। आगणन धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमसाबाद के नाम बन्धक कर जमां करना अनिवार्य होगा।

| क्र0सं0 | नगर पंचायत | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 24.07.2026 10:00 बजे | |
| 2 | Tender Close Date | 07.08.2026 2:00 बजे | |

श्रीकिशन, अवर अभियंता सिविल, न0पं0शमसाबाद (फर्रुखाबाद)

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत शमसाबाद, जनपद फर्रुखाबाद

जोया शाह, अध्यक्ष, नगर पंचायत शमसाबाद, जनपद फर्रुखाबाद

## संसद से सड़क तक विपक्ष की लड़ाई

राहुल गांधी की नाक से बहता खून, एक पैर में जूता, एक में नहीं। प्रियंका गांधी को धक्का देकर बस में बिठाया जाना। देर रात पुलिस स्टेशन में खड़ी सोनिया गांधी। ये महज तस्वीरें नहीं हैं, न ही संयोग से बने दृश्य हैं, बल्कि सोशल मीडिया और जनता के मानस पर छा जाने के लिए पैदा हुए क्षण हैं। विपक्षी राजनीति में हिरासत की तस्वीरें कई बार वास्तविक बहसों से ज्यादा असर छोड़ जाती हैं। यह राजनीति का पुराना और कारगर हथियार है। आपातकाल का नाम लें तो जॉर्ज फर्नांडीस की हथकड़ी लगी तस्वीर सबसे पहले याद आती है। अब सवाल यह है कि क्या कांग्रेस और बाकी विपक्ष को अपनी बात रखने के लिए ऐसी ही किसी तस्वीर की दरकार थी। क्योंकि 20 जुलाई को जब जंतर-मंतर पर हजारों लोग संसद की तरफ बढ़ने का इरादा लिए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के लिए उतरे तो बेहद क्रूरता से उन्हें कुचलने की कोशिश की गई। इस दौरान कॉकरोच जनता पार्टी की तरफ से अभिजित दिपके समेत मंच पर पहले बैठे लोगों को तो कुछ नहीं हुआ, लेकिन उनके आह्वान पर जुटे युवाओं को चोटें आईं। हालांकि उनके हौसले इससे कम नहीं हुए, बड़ी संख्या में युवा और उनका साथ देते अन्य लोग अब भी जंतर-मंतर पर डटे ही हैं। सोमवार को एक सवाल कई बार उठा कि विपक्ष के नेता कहां हैं, राहुल गांधी क्यों छात्रों का साथ देने जंतर-मंतर नहीं आ रहे। इससे पहले जब वे विदेश में थे, तब भी सवाल उठ रहे थे कि देश में इतना कुछ चल रहा है और राहुल कहां हैं। लिहाजा राहुल ने जवाब दे दिया। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री आवास के सामने विपक्षी सांसदों के साथ खड़े होकर सीधे नरेन्द्र मोदी से इस्तीफे की मांग ही की। ऐलान कर दिया कि मोदी जब तक विपक्ष की और छात्रों की बात नहीं सुनेंगे, वे यहां से हटेंगे नहीं। इसके बाद ही पुलिस को ऐसा एक्शन लेना पड़ा कि एक झटके में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव जैसे तमाम विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। बुधवार को जब राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस की तब भी उनसे सवाल किया गया कि आप प्रधानमंत्री आवास के सामने ही क्यों गए। इस पर राहुल गांधी ने जवाब दिया कि जब छात्र अपनी मांगों के साथ सड़क पर हैं, तो हमें लगा कि हमें भी सड़क पर होना चाहिए। लेकिन उससे पहले हमारी स्वाभाविक जगह संसद है। इसलिए मंगलवार सुबह हम लोकसभा अध्यक्ष के पास गए कि इस मुद्दे पर चर्चा हो, तो उनका जवाब था कि सरकार से पूछेंगे। इसके बाद हम प्रधानमंत्री आवास के सामने धरने देने गए। राहुल गांधी के इस जवाब पर आश्चर्य नहीं होता क्योंकि देश पिछले 12 सालों में देख चुका है कि कितनी बार जरूरी मुद्दों पर विपक्ष ने चर्चा की मांग की, लेकिन सत्ता पक्ष ने व्यवधान खड़ा किया। विपक्ष के लोगों को बोलने न देना और जब वे बोलें तो कई बार टोकना या उनके बयानों को रिकार्ड से हटवाना, ऐसे सारे धतकरम विपक्ष की आवाज दबाने के लिए किए गए हैं। वंदेमातरम पर चर्चा के लिए सरकार के पास वक्त है, जीएसटी लागू करवाना हो तो आधी रात को प्रधानमंत्री संसद में दिखेंगे। लेकिन देश के भविष्य यानी युवाओं पर बात करना है, उस शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा करना है, जिसके भरोसे ही देश सही अर्थों में आगे बढ़ेगा, तो उस मुद्दे पर मोदी बात ही नहीं करना चाहते। जबकि कायदे से उन्हें खुद इस मुद्दे पर चर्चा की पहल करनी चाहिए थी। सरकार बहस से बचती दिख रही है, तो विपक्ष के पास दो ही रास्ते बचते हैं- या तो वह थोड़ी बहुत शिकायतें कर विपक्ष होने की खानापूरी कर ले या फिर इस मुद्दे को सड़क पर ले जाए। राहुल गांधी समेत बाकी विपक्ष ने दूसरा रास्ता चुना। एक शंका यह भी जताई जा रही थी कि राहुल सड़क पर आ गए हैं तो जंतर-मंतर पर जो आंदोलन खड़ा हुआ, वह फीका पड़ जाएगा। यानी राहुल पर सबका ध्यान जाएगा, छात्रों की मांग पर नहीं तो इस आशंका को भी खुद राहुल गांधी ने ध्वस्त कर दिया। उन्होंने अपनी प्रेस कांफ्रेंस में साफ कहा कि धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा, जिन लोगों ने छात्रों के साथ मारपीट की और उनका अपमान किया, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, नरेंद्र मोदी छात्रों के साथ हुए व्यवहार के लिए माफी मांगें, इन तीन मांगों पर कोई समझौता नहीं होगा। हम छात्रों के साथ पूरी तरह से खड़े हैं। जब उनके साथ हुई बदसलूकी पर सवाल हुए कि कभी नेता प्रतिपक्ष के साथ ऐसा नहीं किया गया, तब भी राहुल गांधी ने कहा कि मैं ऐसे कई और प्रहार छात्रों के लिए झेलने तैयार हूं। इन जवाबों के बाद कांग्रेस के खिलाफ जो नैरेटिव बनाने की कोशिश की गई थी, वो बेकार हो गई। संसद में तो मोदी सरकार बहस से बच सकती है, लेकिन जब विपक्ष सीधे प्रधानमंत्री के घर के सामने खड़ा हो जाए, तो यही संदेश जाता है कि बात अब किसी मंत्री के इस्तीफे तक नहीं बल्कि सरकार के शीर्ष पर बैठे लोगों की जवाबदेही तक पहुंच चुकी है। हालांकि विपक्ष की असली परीक्षा अब भी बाकी है कि क्या इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने में वह सफल होगी। जब तक नीट पेपर लीक के कारण अपनी जान गंवा चुके छात्रों को न्याय नहीं मिलता, जब तक शिक्षा प्रणाली की खामियां दूर नहीं होंगी, जिम्मेदार लोगों को कटघरे में नहीं खड़ा किया जाता, क्या विपक्ष इस मुद्दे को जिंदा रखेगा।

# यूपी में स्वयं सहायता समूहों से संवरती नारी शक्ति व ग्रामीण स्वावलंबन की नई राह

*डॉ0 सीमा गुप्ता*

उत्तर प्रदेश में प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर अभियान संचालित किए जा रहे हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से गाँव-गाँव तक आत्मनिर्भरता की अलख जगी है, जिससे प्रदेश की लाखों महिलाओं के जीवन स्तर में अप्रत्याशित और सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के स्थायी अवसरों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी कड़ी में राज्य के विभिन्न जिलों में गठित लाखों स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत धुरी बनकर उभर रहे हैं। इन समूहों से जुड़कर महिलाएँ न केवल अपनी बचत बढ़ा रही हैं, बल्कि सूक्ष्म उद्यम स्थापित कर स्वावलंबन की नई गाथा लिख रही हैं। स्वावलंबी महिलाओं की ऐसी ही एक प्रेरणादायक कहानी ग्राम मोहम्मदपुर धैदा की निवासी नीतू कुंडू की है, जो पार्वती महिला ग्राम संगठन और महिला शक्ति क्लस्टर, धैदा से जुड़ी हुई हैं। एक समय ऐसा था जब साधारण ग्रामीण परिवार से ताल्लुक रखने वाली नीतू कुंडू के समक्ष पारिवारिक आर्थिक तंगी और दैनिक खर्चों को पूरा करना एक बड़ी चुनौती बनी हुई थी। परंतु उन्होंने विपरीत परिस्थितियों के आगे हार मानने के बजाय अपनी स्थिति को बदलने का दृढ़ संकल्प लिया।

वर्ष 2021 में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित राधिका स्वयं सहायता समूह से जुड़कर नीतू कुंडू ने अपने जीवन में स्वावलंबन का एक नया अध्याय प्रारंभ किया। समूह की बैठकों में नियमित सहभागिता और वित्तीय अनुशासन सीखने के उपरांत उनके भीतर छोटी-छोटी बचत करने, आत्मनिर्भर बनने और स्वरोजगार स्थापित करने के प्रति अभूतपूर्व आत्मविश्वास जागृत हुआ।

इसी दौरान कृषि विज्ञान केंद्र और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत नीतू कुंडू को खाद्य प्रसंस्करण/विशेषकर स्वादिष्ट अचार एवं मुरब्बा निर्माण का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला। इस प्रशिक्षण में उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ वैज्ञानिक एवं स्वच्छ विधियों से खाद्य सामग्री तैयार करने, उनकी बेहतर पैकेजिंग और गुणवत्ता नियंत्रण की बारीकियों को सीखा।



प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात उन्होंने अपने गृह स्तर से ही छोटे पैमाने पर अचार एवं मुरब्बा बनाने का व्यवसाय प्रारंभ किया। प्रारंभिक अवस्था में संसाधनों की सीमितता के बावजूद उन्होंने अपने निर्मित उत्पादों की शुद्धता, प्रामाणिकता और विशिष्ट स्वाद पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। उनके इस समर्पण और गुणवत्तापूर्ण दृष्टिकोण के चलते शीघ्र ही उनके उत्पादों की मांग केवल उनके गाँव तक सीमित न रहकर आसपास के संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों में फैलने लगी।

स्वयं सहायता समूह के निरंतर संबल, मार्गदर्शन और प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की गई वित्तीय एवं तकनीकी सुविधाओं के बल पर नीतू कुंडू का यह लघु प्रयास आज एक अत्यंत सफल और लाभदायक व्यावसायिक उद्यम का रूप ले चुका है। आज उनकी मासिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे वे न केवल अपने परिवार को सुदृढ़ आर्थिक आधार प्रदान करने में सफल हुई हैं, बल्कि अपने और अपने परिवार के सपनों को भी साकार कर रही हैं।

वर्तमान समय में नीतू कुंडू क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणापुंज भी हैं। वे अपने गाँव तथा आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने तथा वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए निरंतर जागरूक एवं प्रेरित कर रही हैं। उनका मानना है कि शासन और जिला प्रशासन के सहयोग तथा व्यक्तिगत इच्छाशक्ति के समन्वय से कोई भी महिला कठिन से कठिन चुनौती को पार कर सकती है।

नीतू कुंडू जैसी लाखों महिलाओं की सफलता की यह कहानी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे अभूतपूर्व और दूरगामी प्रयासों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं ने ग्रामीण अंचल की महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक प्रतिष्ठा और प्रबंधकीय दक्षता प्रदान करने में महती भूमिका निभाई है।

प्रदेश सरकार द्वारा प्रारंभ की गई बी.सी. सखी (बैंकिंग करेस्पॉन्डेंट सखी) योजना ने राज्य की ग्रामीण बैंकिंग



प्रणाली में एक नई क्रांति का सूत्रपात किया है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी शिक्षित एवं प्रशिक्षित महिलाएँ अब गाँव-गाँव और घर-घर जाकर ग्रामीणों को त्वरित, पारदर्शी एवं सुलभ वित्तीय सेवाएँ उपलब्ध करा रही हैं। इससे न केवल महिलाओं को नियमित आजीविका प्राप्त हो रही है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल वित्तीय समावेशन को भी अभूतपूर्व गति मिली है।

इसके साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी राशन की दुकानों (कोटे की दुकानों) के संचालन का दायित्व भी स्वयं सहायता समूहों की सक्षम महिलाओं को सौंपा जा रहा है। महिला समूहों द्वारा पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ खाद्यान्न वितरण का कार्य संचालित किया जा रहा है, जिसने महिलाओं की उत्कृष्ट प्रबंधकीय और प्रशासनिक क्षमताओं को संपूर्ण समाज के सामने सिद्ध किया है।

बाल विकास एवं पुष्टाहार कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से वितरित किए जाने वाले टेक होम राशन (पोषाहार) के निर्माण एवं आपूर्ति की कमान भी अब राज्य सरकार द्वारा महिला समूहों को सौंपी जा रही है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थापित की जा रही आधुनिक सूक्ष्म पोषाहार निर्माण इकाइयों के माध्यम से जहाँ एक ओर कुपोषण के विरुद्ध अभियान को नई ऊर्जा मिली है, वहीं दूसरी ओर हज़ारों ग्रामीण महिलाओं के लिए स्थानीय स्तर पर स्थायी रोजगार के द्वार खुले हैं। एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्थानीय हस्तशिल्प, पारंपरिक कलाओं और स्थानीय कृषि उत्पादों के संवर्धन एवं विपणन से जोड़ा गया है। इसके अतिरिक्त प्रदेश सरकार तथा केंद्र सरकार के सहयोग से आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मेलों, प्रदर्शनी उत्सवों तथा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों के माध्यम से इन महिला समूहों द्वारा निर्मित सामग्रियों को बड़े बाजारों से जोड़ा जा रहा है।

उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण महिलाओं के समग्र एवं सर्वांगीण विकास, उन्हें वित्तीय सुरक्षा का वातावरण प्रदान करने तथा वित्तीय साक्षरता को जन-जन तक पहुँचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के व्यापक विस्तार और उसमें महिलाओं की निरंतर बढ़ती भागीदारी इस बात की स्पष्ट साक्षी है कि उत्तर प्रदेश में विकास और नारी सशक्तिकरण की एक ऐतिहासिक गाथा लिखी जा रही है। शासन और जिला प्रशासन की दूरदर्शी नीतियों, निरंतर प्रोत्साहन और बुनियादी सुविधाओं की सुलभ उपलब्धता के कारण आज उत्तर प्रदेश की ग्रामीण महिलाएँ केवल अपने परिवार का ही सहारा नहीं बन रही हैं, अपितु राज्य की प्रगतिशील अर्थव्यवस्था में भी अपनी प्रभावी एवं अतुलनीय भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं। आर्थिक स्वावलंबन के साथ-साथ स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण क्षेत्रों में एक गहरा सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव भी प्रेरित किया है। आत्मनिर्भर बनीं महिलाएं आज शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ग्रामीण समाज को जागरूक करने का नेतृत्व कर रही हैं। समूहों से जुड़ी महिलाओं की पारिवारिक आय बढ़ने से उनके बच्चों को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं, जिससे आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित हो रहा है।

स्थानीय पंचायती राज व्यवस्था और ग्राम विकास की योजनाओं में भी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने शासन और प्रशासन को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ग्राम सभा की बैठकों में महिलाओं की मुखर उपस्थिति और विकास कार्यों में उनकी सहभागिता ने ग्रामीण लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संवेदनशील और उत्तरदायी बनाया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न केंद्रीय और राज्य स्तरीय जनकल्याणकारी योजनाओं का राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ किया गया अभिसरण (कन्वर्जेन्स) ग्रामीण विकास को एक समग्र गति प्रदान कर रहा है। मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन और जन-धन योजना जैसी पहलों के साथ तालमेल स्थापित कर ग्रामीण परिवारों को सर्वांगीण सुरक्षा और स्वावलंबन का मजबूती से अवसर दिया जा रहा है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) ग्रामीण उत्तर प्रदेश के आर्थिक नवनिर्माण, महिला सशक्तिकरण और गरीबी उन्मूलन का सबसे सशक्त और पारदर्शी माध्यम बनकर उभरा है। नीतू कुंडू जैसी लाखों लाभार्थियों को स्वयं सहायता समूहों के जरिए गांवों में आई यह स्वावलंबन की क्रांति न केवल आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि अंत्योदय के संकल्प को सिद्ध करते हुए नए उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास को एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व गति प्रदान कर रही है।

***लेखिका से0 नि0 सहा0 निदे0 हैं।***

विचार

# किराए की कोख की दुकानों पर अंकुश

*प्रमोद भार्गव*

केंद्र सरकार 'किराए की कोख' यानी सरोगेसी मदर की क्लीनिक के नाम पर खुली मनमानी दुकानों पर अंकुश लगने जा रही है। अब कुकुरमुत्तों की तरह देशभर में खुल रही नई दुकानें खोलने पर सख्ती बरती जाएगी। सरोगेसी केंद्रों और इनमें होने वाले फर्जीवाड़े को रोकने के लिए सरकार ने इसमें पंजीयन और संचालन के नियमों में बदलाव किया है। नए नियमों के तहत इन केंद्रों को अब उपग्रहों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। अब केवल राष्ट्रीय पोर्टल और ऑनलाइन आवेदन ही होंगे। इस पर निगरानी ऑनलाइन सॉफ्टवेयर से होगी। कागजी आवेदन व दस्तावेजीकरण की सुविधा पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गई है। ये क्लीनिक अन्य दूसरे क्लीनिक को चिकित्सा सुविधा नहीं दे सकेगा। केंद्र सरकार ने राज्यों को निर्देश दिए हैं कि नए नियमों का सख्ती से पालन किया जाए।

दरअसल, किराए की कोख का व्यवसायीकरण हो रहा है। यह इस तथ्य से पता चला कि कुछ ही सालों के भीतर देश में 35 से 50 प्रतिशत केंद्रों की संख्या बढ़ गई। इसी अनुपात में देश-विदेश में ठगी की घटनाएं भी बढ़ी हैं। हैदराबाद में ऐसा गिरोह पकड़ा गया, जो 2 से 4 लाख में कोख किराए पर लेकर 30 लाख रुपए तक में बेच देते थे। यहां तक कि विदेशों से भी शुक्राणु दानदाता लाए गए। यानी देश के बाहर भी बच्चे बेचे गए। हालांकि 2025 में सरकार ने शुक्राणु दाता नियमों में बदलाव किया था लेकिन कारोबारियों ने इन नियमों की अनदेखी की। नाबालिग और अविवाहित लड़कियों की कोख का भी अवैध इस्तेमाल किया गया। भारत में कोख किराए से लेने का खर्च 10 से 25 लाख है, जबकि विदेशों में 80 लाख से डेढ़ करोड़ रुपए तक है। इसलिए सरोगेसी क्लीनिकों में किराए की कोख अवैध कारोबार का बड़ा धंधा बनती जा रही है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और तमिलनाडु में सरोगेसी के अनेक ठगी के मामले सामने आए हैं। इसलिए सरकार को नियमों में बदलाव करना पड़ा। इसके पहले 2025 में लिव इन और समलैंगिक युगलों को किराए की कोख के जरिए माता-पिता बनने का अधिकार देने से साफ मना कर दिया था।

अब ऑनलाइन जानकारी होने से निगरानी तंत्र के पास सरोगेसी क्लीनिक संचालन व नवीनीकरण संबंधी जानकारी हर वक्त सामने होगी। इससे अनियमितता को आसानी से चिन्हित कर लिया जाएगा। क्लीनिक के पास क्या वैध दस्तावेज हैं, इसकी भी पुख्ता जानकारी मिलती रहेगी। कोई भी कमी पाए जाने पर संस्था को प्रतिबंधित किया जा सकेगा। इन केंद्रों के कर्मचारियों और बच्चों के जन्म की जानकारी भी मिलती रहेगी। सरकार इन नियमों को एक साथ लागू करने की बजाय चरणबद्ध अमल में लाएगी। वर्तमान कानून के अनुसार किसी अन्य महिला की कोख के प्रयोग की अनुमति तब मिलती है, जब कानून के अनुसार विवाहित जोड़ा षारीरिक रूप से अक्षम हो या फिर गर्भधारण करने में पत्नी की जान को खतरा हो। अर्थात इस हालात में वैवाहिक जोड़ा सरोगेसी मदर का साहरा ले सकता है। कानून के अनुसार यह भी बाध्यकारी शर्त है कि किराए की कोख देने वाली महिला विवाहित होनी चाहिए और कम-से-कम उसका एक बच्चा भी हो। साथ ही पति की आयु 26 से 55 वर्ष और पत्नी की आयु 23 से पचास वर्ष के बीच होना आवश्यक है।

किराए की कोख के कानून में परिवर्तन इसके बढ़ते अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने की दृष्टि से किया गया है। अब केवल निःसंतान दंपति जो बच्चे पैदा करने में शारीरिक रूप से अक्षम हैं, वे अपने किसी करीबी रिश्तेदार की मदद ले सकते हैं। इस सुविधा को कानूनी भाषा में 'अल्ट्रस्टिक सर्जरी सरोगेसी' कहा जाता है। भारत दुनिया के दंपतियों के लिए किराए की कोख का बड़ा व्यावसायिक नाभिकेंद्र बनता जा रहा है, जो सुविधा वास्तविक जरूरतमंदों के लिए शुरू की गई थी, वह अमीर दंपतियों के लिए शौक में तब्दील होती जा रही है। सूचना तकनीक के बाद भारत में प्रजनन का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। इसमें किराए पर कोख दिए जाने का धंधा भी शामिल है। चिकित्सा पर्यटन के बहाने विदेशी पर्यटक भारत प्रसूति पर्यटन के लिए भी आ रहे हैं।

भारत में किराए की कोख का कारोबार अरबों डॉलर का हो गया है लेकिन यह धंधा अंततः प्रकृति की प्रतिरूप महिला की कोख पर टिका है, ठीक उसी तरह जिस तरह, उदारवादी अर्थव्यवस्था प्रकृति के गर्भ में समाई खनिज संपदाओं के दोहन पर टिकी है। इस धंधे की भारी कीमत उन महिलाओं को चुकानी पड़ी है, जिन्हें अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए हर हाल में धन की जरूरत रहती है। अतएव 2016 में प्रजनन सहायक तकनीक विधेयक लाकर केंद्र सरकार ने इस गोरखधंधे पर अकुंश लगाने की पहल कर दी थी। जो एक सही कदम रहा है। लेकिन इस कानून से उन्हें परेशानी है, जिन्होंने स्त्री की आर्थिक कमजोरी को वस्तु में डालकर उसकी कोख को बाजार के हवाले कर दिया है। वे यह भी दलील दे रहे हैं कि कठोर कानून से विदेशी मुद्रा का आगमन रुक जाएगा। सरोगेसी मां बनने के लिए महिला को इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन की प्रक्रिया से गुजरना होता है। इसके लिय जैविक माता-पिता के शुक्राणु और अण्डाणु को परखनली में निषेचित करने के बाद जब भ्रूण पनप जाता है, तब उसे अन्य स्त्री की कोख में प्रत्यारोपित किया जाता है। गर्भाधान का यही एकमात्र उपाय है। इसका शरीर पर विपरीत असर पड़ता है, इसके गर्भपात होने की 80 फीसदी आशंका रहती है। ऐसी 90 प्रतिशत प्रसूति शल्यक्रिया के जरिए होती हैं। ऐसे में महिला की जान का संकट भी बना रहता है। इस स्थिति में कोख किराए से देने वाली महिला का न तो कोई बीमा होता था, न ही उसके पति और बच्चों की कोई गारंटी लेता था। इस परिप्रेक्ष्य में यह भी बड़ा सवाल था कि जैविक अविभावक यदि जन्म के बाद बच्चे को छोड़कर नौ-दो-ग्यारह हो जाते हैं तो उसके पालन-पोषण की जबावदेही किसकी थी? यदि नवजात शिशु विकलांग या ऐसी लाइलाज बीमारी के साथ पैदा होता है और जैविक माता-पिता उसे लेने से इनकार कर देते हैं तो उस बच्चे की जिम्मेदारी कौन लेता? ऐसी स्थिति में उन महिलाओं को और ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता था, जो किश्तों पर कोख किराए पर देती थीं। ऐसी ही सुविधाओं के चलते भारत में किराए की कोख वैश्विक राजधानी बन गया था।

इस बाबत एक स्वयंसेवी संगठन के अध्ययन ने चौंकाने वाले सवाल भी उठाए थे। खासतौर से विदेशी धनवान जब किराए की कोख से संतान पाने के इच्छुक होते हैं तो वे भारत आकर एक साथ कई महिलाओं को गर्भधारण करा देते हैं। इनमें से कुछ महिलाओं में यह प्रयोग सफल हो जाता है तो वह किसी एक महिला को छोड़ बाकी का गर्भपात करा देते हैं। गर्भपात कराई गई महिलाओं को कोई धन भी नहीं दिया जाता था। यह सरासर अन्याय व अनैतिकता थी। इसी अध्ययन से खुलासा हुआ था कि कोख की कीमत कई हजार डॉलर है लेकिन इस राशि में से सरोगेसी मां को महज 1 या 2 प्रतिशत धनराशि ही बामुश्किल मिल पाती है। बाकी अस्पताल के चिकित्सक और बिचौलिये हजम कर जाते थे।

अप्रवासी भारतीयों में सरोगेसी की मांग बहुत ज्यादा थी। यदि स्त्री स्वस्थ व सुंदर होने के साथ उच्च जाति और उत्तम पारिवारिक पृष्ठभूमि से होती थी तो उसे ज्यादा पैसा दिया जाता था। अप्रवासी दंपति भारत आकर किराए की कोख द्वारा बच्चा पैदा करना इसलिए भी अच्छा मानते थे क्योंकि वे मनौवैज्ञानिक स्तर पर अपने को भारत से जुड़ा पाते थे, नतीजतन भारत में सरोगेसी की मांग तेजी से बढ़ रही रही थी। वर्तमान में अमीर घरों की स्त्रियां शौक के लिए या बच्चा पैदा करने के कठिन दायित्व से बचने के लिए किराए की कोख से संतान पैदा कर रही हैं। अतएव यह कारोबार निरंतर बढ़ रहा था। यहां तक कि नाबालिग और अविवाहित लड़कियां भी इस धंधे में धन कमाने के लिए उतरती चली आ रही थीं। इसलिए इस कानून में नए बदलाव जरूरी थे।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

साहित्य




## ज्ञान चुनो, बवाल नहीं...!

**संजय एम तराणेकर**

कलम पकड़ो, मशाल नहीं, ज्ञान चुनो, बवाल नहीं,
तुमसे कल का सूरज है, तुम राजनीतिक ढाल नहीं।
सत्ता हो या फिर विपक्ष, दोनों ही करें विचार-विमर्श,
छात्र केवल मोहरा बनें, यह लोकतंत्र का नहीं है हर्ष।

कक्षा की चौखट-ग्रंथ का मान, ये भारत की पहचान,
प्रश्न उठाना अधिकार हैं, न बने वह नफ़रत की तान।
पेपर लीक हो, शिक्षा पीर, उस पर हो गंभीर तदबीर,
वाद-विवाद हो तथ्य सहित, नहीं हो नारों की लकीर।

युवा शक्ति राष्ट्र की आस, उनमें बसें भविष्य प्रकाश,
राजनीति यदि करनी है, पहले सीखो सेवा विश्वास।
न बनों किसी का हथियार, देश का वे सच्चा आधार,
ज्ञान, विवेक, सत्य के पथ पे, ये हर पीढ़ी के संस्कार।



## राशिफल

**मेषः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। घर में खुशहाली होगी।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कार्य में आलस्य का त्याग करें।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुलाः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिकः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठ बढ़ेगी। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीनः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

# बिहार में यूरिया व डीएपी की स्थिति : चुनौती, कारण और समाधान

*डॉ. अरविंद नाथ तिवारी*

बिहार देश के प्रमुख कृषि प्रधान राज्यों में से एक है, जहां राज्य की बड़ी आबादी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से खेती पर निर्भर है। धान, मक्का, गन्ना, गेहूं, दलहन, तिलहन तथा सब्जियों की खेती यहां की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। इन फसलों की अच्छी पैदावार के लिए समय पर और संतुलित मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक होती है। विशेष रूप से यूरिया और डीएपी (डाई-अमोनियम फॉस्फेट) किसानों की सबसे अधिक उपयोग में आने वाली खाद हैं। हर वर्ष खरीफ और रबी सीजन के दौरान इनकी मांग कई गुना बढ़ जाती है। यदि समय पर उर्वरक उपलब्ध नहीं होते तो बुवाई, पौधों की वृद्धि और अंततः उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

वर्तमान खरीफ मौसम में बिहार के कई जिलों से यूरिया और डीएपी की कमी की शिकायतें सामने आई हैं। अनेक स्थानों पर किसानों को उर्वरक प्राप्त करने के लिए घंटों कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है। कुछ क्षेत्रों में निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने, कृत्रिम कमी पैदा करने और कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आई हैं। इससे किसानों की आर्थिक परेशानी बढ़ी है और खेती की लागत में भी वृद्धि हुई है। छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह स्थिति और अधिक कठिन हो जाती है क्योंकि उनके पास अतिरिक्त संसाधन नहीं होते।

विशेषज्ञों के अनुसार बिहार में उर्वरकों की कमी का सबसे बड़ा कारण यह है कि राज्य में यूरिया और डीएपी का पर्याप्त उत्पादन नहीं होता। बिहार अपनी अधिकांश आवश्यकता अन्य राज्यों के उर्वरक संयंत्रों से प्राप्त करता है। इन उर्वरकों की आपूर्ति रेलवे रैक, सड़क परिवहन और गोदामों के माध्यम से होती है। यदि रेलवे रैक समय पर उपलब्ध नहीं होते या परिवहन व्यवस्था बाधित होती है तो जिलों तक उर्वरकों की आपूर्ति प्रभावित हो जाती है। कई बार गोदामों से खुदरा विक्रेताओं तक वितरण में भी विलंब होता है, जिससे कृत्रिम संकट की स्थिति बन जाती है।

उर्वरक संकट का एक अन्य कारण असंतुलित उपयोग भी है। अनेक किसान वैज्ञानिक सलाह के बजाय केवल यूरिया पर अधिक निर्भर रहते हैं। इससे यूरिया की मांग अचानक बढ़ जाती है, जबकि फसल को संतुलित पोषण नहीं मिल पाता। कृषि वैज्ञानिक लगातार सलाह देते रहे हैं कि नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश का संतुलित उपयोग ही अधिक उत्पादन और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने का सबसे प्रभावी उपाय है। केवल यूरिया के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है और दीर्घकाल में उत्पादन क्षमता भी घट सकती है। केंद्र और राज्य सरकार समय-समय पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाती रही हैं। उर्वरक की आपूर्ति की नियमित निगरानी, जिला स्तर पर भंडारण की समीक्षा, कालाबाजारी रोकने के लिए छापेमारी तथा लाइसेंसधारी विक्रेताओं का निरीक्षण जैसे प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। कई जिलों में कृषि एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा खाद-बीज दुकानों की जांच भी की जा रही है, ताकि किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके। इसी क्रम में हाल ही में वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार ने नई दिल्ली में उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय की संयुक्त सचिव वंदना प्रेयसी तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के निदेशक (मूवमेंट) अभय कुमार से मुलाकात कर बिहार, विशेष रूप से वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र में यूरिया और डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने अधिकारियों को अवगत कराया कि खरीफ सीजन में उर्वरकों की कमी के कारण किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने से खेती का पूरा चक्र प्रभावित हो सकता है इसलिए आवश्यक है कि बिहार को उसकी मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जाए।

बैठक के दौरान केंद्रीय अधिकारियों ने सांसद को आश्वस्त किया कि बिहार की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यूरिया एवं डीएपी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि रेलवे रैक की उपलब्धता बढ़ाने, वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाने तथा समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय किया जा रहा है। दीर्घकालिक समाधान के लिए केवल आपूर्ति बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं होगा। बिहार में उर्वरक वितरण व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी तथा तकनीक आधारित बनाना होगा। प्रत्येक जिला में मांग के अनुरूप अग्रिम भंडारण, ऑनलाइन निगरानी प्रणाली, नियमित निरीक्षण तथा दोषी विक्रेताओं पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है। साथ ही किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। जैविक खाद, हरी खाद और वैकल्पिक पोषक तत्वों के उपयोग को भी बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है, जिससे रासायनिक उर्वरकों पर अत्यधिक निर्भरता कम हो सके।

बिहार की कृषि व्यवस्था की मजबूती के लिए यूरिया और डीएपी की नियमित, पर्याप्त और समय पर उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। यदि केंद्र और राज्य सरकार बेहतर समन्वय के साथ आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करें, परिवहन और वितरण प्रणाली को प्रभावी बनाएं, कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई करें तथा किसानों को वैज्ञानिक एवं संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूक करें, तो उर्वरक संकट पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है। इससे न केवल कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों की आय बढ़ेगी, मिट्टी की उर्वरता सुरक्षित रहेगी और बिहार की कृषि अर्थव्यवस्था भी अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन सकेगी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# बिना फिटनेस बीमा के संचालित न हों विद्यालय वाहनः जिलाधिकारी

▸ दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड लगाने, राठ चुंगी तिराहे का चौड़ीकरण कराने तथा मार्गों से झाड़ियां हटवाने आदि सम्बन्धित को निर्देश दिए





महोबा, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को आदेश दिये गये। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिन गाडियों की फिटनेस / बीमा की वैद्यता समाप्त हो गयी है, उनका नवीनीकरण शीघ्रता से पूर्ण कराया जायें। जिला अधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि बिना फिटनेस/बीमा का कोई भी वाहन विद्यालय में न रहें एवं उन वाहनों का संचालन किसी भी दशा में न किया जायें।

लोक निर्माण विभाग/ एनएच/ एनएचएआई/नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया गया कि जिन मार्गो में झाँडियों के कारण दुर्घटना होने की सम्भावनायें है, उनको प्राथमिकता से मार्गो से हटवाया जायें, जिससे मार्गो की दृश्यता स्पष्ट हों। लोक निर्माण विभाग/ एनएच/एनएचएआई/ नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया गया कि दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में अभियान चलाकर साईनेज बोर्ड/ रिपलेक्टर/ चेतावनी बोर्ड लगवायें जायें। एनएच झाँसी को डीएम ने निर्देशित किया गया कि राठ रोड पर स्थित संत निरकारी भवन के पास रम्बल स्ट्रिप/टेबल टोप का निर्माण कराया जायें। नगर पालिका परिषद / उपजिलाधिकारी महोबा को निर्देशित किया गया कि राठ चुंगी तिराहे पर स्थित अवैध अतिक्रमण हटवाते हुये तिराहे का चौड़ीकरण कराया जायें एवं तिराहे के सौन्दर्गीकरण का प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित किया जायें। खनिज विभाग को निर्देशित किया गया कि विगत 5 वर्षो में खनिज न्यास निधि से कितने सड़क निर्माण किये गये है, उनके हस्तानांतरण की स्थिति से अवगत कराया जायें। उनहोंने एआरटीओ विभाग को निर्देशित किया कि ओवर लोडिंग के लक्ष्य के सापेक्ष चालानों में प्राप्त राजस्व की रिपोर्ट उपलब्ध करायी जायें। नगर पालिका परिषद / उपजिलाधिकारी महोबा को निर्देशित किया गया कि रामकथा मार्ग तिराहे पर मार्ग के चौडीकरण हेतु निरीक्षण किया जायें। एनएच झाँसी को निर्देशित किया गया कि कुलपहाड़ से पनवाड़ी के मध्य जमाला मोड़ पर अन्धे मोड़ का निरीक्षण किया जायें एवं आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही हेतु रिपोर्ट उपलब्ध करायी जायें। डीएम ने अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग महोबा को निर्देशित किया गया कि झलकारी बाई तिराहे से परमानन्द तिराहे के मध्य निर्माणाधीन सड़क निर्माण का कार्य तीव्र गति से पूर्ण कराया जायें।समस्त सड़क निर्माण विभाग 15 दिनों तक एलर्ट मोड में रहकर सड़क से सम्बन्धित समस्त कमियों को पूरा करेगें। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) कुंवर पंकज, क्षेत्राधिकारी पुलिस महोबा, उपजिलाधिकारी महोबा / चरखारी / कुलपहाड़, अधिशासी अभियन्ता, नि.ख.-1/प्रा.ख., लोनिवि, महोबा, एनएचएआई कानपुर/छतरपुर, यात्री कर अधिकारी परिवहन विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अवर अभियन्ता, एनएच, लोक निर्माण विभाग, झाँसी, सहित दाऊ तिवारी अध्यक्ष आल्हा परिषद महोबा, शिवकुमार गोस्वामी, समाजसेवी, रामजी गुप्ता, अध्यक्ष, व्यापार मण्डल महोबा एवं अन्य अधिकारीगण/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### थाना पनवाड़ी पुलिस ने जिलाबदर अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस सहित किया गिरफ्तार



पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पनवाड़ी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। थानाध्यक्ष पनवाड़ी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित टीम व.उ.नि. महेन्द्र कुमार वर्मा मय हमराह हे.का. राममिलन सिंह व कां. कलीम खान द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान जखा रोड से लोधीपुरा जाने वाली सड़क पर, ग्राम लोधीपुरा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा से जिलाबदर अभियुक्त कल्लू राजपूत पुत्र जयपाल राजपूत उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम सलैया खालसा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया। बताया है कि गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 1 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना पनवाड़ी पर मु.अ.सं. 113/2026 धारा 10 उत्तर प्रदेश गुण्डा अधिनियम व 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय महोबा के समक्ष पेश किया गया।

### गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक ने किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



फतेहपुर। गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की महिलाओं ने सिर पर काली पट्टी बांधकर जमकर प्रदर्शन किया। और जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी प्रेषित किया। इस दौरान पेपर लीक के कारण आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को एक एक करोड़ मुआवजे और शिक्षा मंत्री के इस्तीफा और गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने की मांग की गई। गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में भारी संख्या में महिलाओं और पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण ढंग से नीट पेपर लीक और शिक्षा सुधारों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं तथा बेटियों पर पुलिस प्रशासन द्वारा की गई बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोलों के विरोध में संगठन ने कड़ा आक्रोश जताया। पेपर लीक के मानसिक तनाव के कारण आत्महत्या करने वाले पीड़ित छात्रों के परिवारों को केंद्र सरकार द्वारा तुरंत 1-1 करोड़ रुपये का मुआवजा तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज करने वाले दोषी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को तत्काल निलंबित कर उच्च-स्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सरला सिंह, जिला उपाध्यक्ष मरियम जहां, महासचिव संयोगिता वर्मा, हसवा ब्लाक से अध्यक्ष मीना सिंह, उपाध्यक्ष संगीता देवी, कुशमा, उतरा, सरिता, शहजादी, नजमा, आरती, असीमुन, मेहनाज सहित भारी संख्या में सहयोगी महिलाएं उपस्थित रहीं।

### आर्थिक कमजोर परिवार सबसे ज्यादा बेरोजगार: मिरबाहुल हक



फतेहपुर। अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश कोआर्डिनेटर मिरबाहुल हक ने दिल्ली में युवाओं-युवतियों के शान्तिपूर्ण आन्दोलन को बर्बरतापूर्ण दबाने की पुरजोर निन्दा की। उन्होंने कहा कि बिना अपराध एवं हिंसक आरोप के लाठी चार्ज करना और पैलेट गन का इस्तेमाल कर सैकड़ों बच्चों को घायल किया गया जिसमें एक बेटी शहीद हो गयी। दस वर्षों में 152 बार प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होना गंभीर मुद्दा है जिनका भविष्य अंधकार है और बेरोजगारों के लिए केन्द्र की सत्ता का यह कैसा न्याय है कि जांच तक प्रभावी नहीं? इस दर्द को कांग्रेस पार्टी और जननायक राहुल गांधी ने युवाओं के बीच कई साल से उठाया है। इसके बावजूद देश के युवाओं की न तो आवाज सुनी जा रही है और न उन्हें न्याय दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये उन्हीं परिवारों के बच्चे हैं जो संविदाकर्मी, ठेकेदारी प्रथा से रोजगार, मनरेगा मजदूर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा, असंगठित श्रमिक, कुली, राज मिस्त्री, मोची, मैकेनिक, बढ़ई, गिग वर्कर, सब्जी एवं फल विक्रेता, चाय पान की दुकान, छोटे परचून दुकानदारों के बच्चे, जो बेहतर शिक्षा के साथ रोजगार के अवसर का सपना देख रहे हैं। जिनकी आमदनी लगभग 5 लाख से कम, आबादी का 52 प्रतिशत है। यह संख्या 2014 के बाद बढ़ गई। इसीलिए राहुल गांधी ऐसे परिवारों से मिल चुके हैं। लगातार संवाद संसद से सड़क तक, दुकानों से घर तक समस्या के समाधान के लिए लड़ रहे हैं। ऐसे परिवारों की आर्थिक विकास मजबूत नहीं है।

### खेत पर काम करते सर्पदंश से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम



माधौगढ़ (जालौन)। माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के गालमपुरा गांव में खेत पर काम करते समय जहरीले सर्प के काटने से एक 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गालमपुरा निवासी विवेक कुमार (24 वर्ष) पुत्र मुन्ना गुरुचन को अपने खेत पर फसल की सुरक्षा के लिए तार लगाने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान झाड़ियों के बीच छिपे एक जहरीले सर्प ने उन्हें काट लिया। पहले तो उन्होंने इसे सामान्य समझा, लेकिन कुछ ही देर में उनकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। यह देखकर परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और उन्हें तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज उरई ले जाया गया। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने युवक का उपचार शुरू किया और उसे बचाने के हर संभव प्रयास किए, लेकिन विष का असर अधिक होने के कारण उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मृत्यु की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। माता-पिता और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गुरुवार दोपहर करीब एक बजे परिजनों ने घटना की जानकारी ग्रामीणों और परिचितों को दी। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने उनके घर पहुंचे। गांव में पूरे दिन गमगीन माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने बरसात के मौसम में खेतों और झाड़ियों में जहरीले सर्पों की बढ़ती मौजूदगी पर चिंता जताते हुए किसानों और खेतों में काम करने वाले लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। युवक की असमय मौत से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

### हरिहरगंज ब्रिज के नीचे निर्माण को लेकर विरोध प्रदर्शन



फतेहपुर। हरिहरगंज स्थित ओवर ब्रिज के नीचे नगर पालिका के द्वारा निर्माण कार्य चल रहा है। जिसका व्यापारियों ने विरोध किया। इन लोगों का कहना है कि हरिहरगंज में पूरब एवं पश्चिम पटरी में व्यापारी हैं जिनका व्यापार सुचारू रूप से चल रहा है ओवर ब्रिज के नीचे निर्माण कार्य होने से कुल 12 फीट जगह एक तरफबच रही है। जिससे व्यापारी के दुकानों के सामने ग्राहकों की मोटरसाइकिल एवं चार पहिया वाहन आकर खड़े होते हैं। जिस कारण जाम की स्थिति बनने की समस्या उत्पन्न हो गई है। एवं यह रोड रेलवे स्टेशन के लिए आती जाती है। इन लोगों ने कहा की निर्माण कार्य कराया जाए लेकिन सड़क से ऊंचाई 1 फुट भी ना बढ़ाया जाए तथा सड़क एवं पुल के नीचे निर्माण बराबर रखा जाए जिससे व्यापारियों को तथा स्टेशन आने-जाने वाले लोगों को असुविधा न हो सके। इन लोगों ने यह भी कहा कि अगर उनकी मांग नहीं मानी जाती तो धरना प्रदर्शन जारी रहेगा और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष और जिलाधिकारी से मिलकर उचित कार्रवाई की मांग करेंगे। इस अवसर पर धरना देने वालों में अजय कुमार गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, अतुल गुप्ता, शिमू, ज्ञानेंद्र कुमार, अवनीश गुप्ता, विजय कुमार, संजय गुप्ता, सुरेश चंद्र, वासु गुप्ता, सिराज सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने की विगत वित्तीय वर्ष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक

▸ आगामी कांवड़ यात्रा/ सावन माह को दृष्टिगत उपजिलाधिकारियों को कार्रवाई के दिए निर्देश



महोबा, समृद्धि न्यूज।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सलाहकार कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने विगत वित्तीय वर्ष में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा की गयी प्रवर्तन कार्यवाहियों की समीक्षा की तथा निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी कांवड यात्रा/सावन माह को दृष्टिगत रखते हुए उपजिलाधिकारियों से समन्वय बनाकर ढाबों पर प्रवर्तन कार्यवाही की जाये एवं सुनिश्चित किया जाये कि श्रद्धालुओं को शुद्ध भोजन सामाग्री मिले। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान चलाकर महोबा जनपद में विक्रय हो रहे दूध, घी, मावा, पनीर एवं रंगीन मिठाइयों पर नमूना संग्रहण किया जाये। साथ ही निर्देशित किया कि जनपद महोबा के चरखारी स्थित तालाबों में मछली विक्रेताओं द्वारा मछलियों का अवशिष्ट तालाबों में न डाला जाये। नगर पालिका चरखारी एवं उपजिलाधिकारी चरखारी से समन्वय बनाकर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, अपर जिलाधिकारी(वि/राज) कुंवर पंकज, उपजिलाधिकारी शिवध्यान पाण्डेय एवं अन्य नामित सदस्य/व्यापार मण्डल के प्रतिनिधि सुरेश कुमार शुक्ला, श्याम किशोर गुप्ता, हरिश्चन्द्र साहू एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी अरविन्द कुमार सहायक आयुक्त(खाद्य)-।।, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी चन्द्रकान्त बाजपेयी एवं अन्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# हथगांव पुलिस की गोकशों से हुई मुठभेड़, पैर में गोली लगने से दो आरोपी घायल

▸ आरोपियों के पास से तमंचा, तीन चापड़, चोरी की बाइक बरामद



फतेहपुर। थाना हथगांव पुलिस की गोकशी के आरोपियों से बुधवार देर रात मुठभेड़ हो गई। गोवध निवारण अधिनियम के मामले में फरार दो आरोपियों को पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगी। दोनों घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिए गए और उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। थाना प्रभारी अरुण चतुर्वेदी अपनी टीम के साथ हथगांव अम्बापुर रोड पर आदर्श पब्लिक स्कूल से करीब 200 मीटर आगे आम और महुआ के बाग के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में बाइक सवार दोनों बदमाश घायल हो गए। घायल आरोपियों की पहचान समीम पुत्र स्व. नफीश निवासी रज्जीपुर छिवलाह थाना हथगांव उम्र 28 वर्ष और आफताब आलम पुत्र स्व. अमीर अहमद निवासी पीरनपुर थाना कोतवाली नगर उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई है। समीम के बाएं पैर में और आफताब के दाहिने पैर में गोली लगी है। दोनों के खिलाफथाना हथगांव में गोवध निवारण अधिनियम के तहत मामला पहले से दर्ज है। मुठभेड़ के बाद तलाशी में पुलिस ने दोनों के पास से एक-एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक कारतूस, तीन खोखा, तीन लोहे के चापड़, एक लकड़ी का ठीहा, एक नीली पन्नी और एक चोरी की पैशन प्रो मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट बरामद की है। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

### कैंप शिविर में 15 रेलवे कर्मियों के बनाये गये स्वास्थ्य कार्ड



उरई (जालौन)। गुरुवार को वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व एवं सहायक कार्मिक अधिकारी आदेश मिश्रा के निर्देशन में सेवानिवृत एवं सेवारत रेलवे कर्मचारियों के लिए कार्ड शिविर का आयोजन स्वास्थ्य केंद्र, उरई में किया गया। जिसमें 16 सेवानिवृत एवं 13 सेवारत कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई, कुल 29 कर्मचारियों में से 15 कर्मचारियों के कार्ड आज एप्लीकेशन एप्लाई किया गया एवं 4 कर्मचारियों के दस्तावेज पूर्ण न होने के कारण उन्हें दस्तावेज पूर्ण करवाने के उपरांत उम्मीद कार्ड बनवाने हेतु आश्वस्त किया गया। उम्मीद शिविर में हेल्थ यूनिट उरई के जीडीएमओ डॉक्टर देव कौशिक, फार्मासिस्ट गोवर्धन प्रसाद वर्मा, सीनियर नर्सिंग सुपरइंडेंट अभिषेक उपाध्याय एवं कार्मिक विभाग की तरफसे मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षक अजय मीना, कार्यालय अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, एवं अवधेश कुमार आदि उपस्थित रहे। रेलवे कर्मियों के स्वास्थ्य कार्ड बनाते चिकित्सक।

### थानाध्यक्ष हत्याकांड में नामजद महिला सिपाही को मिली जमानत

उरई (जालौन)। कुठौंद थाना प्रभारी अरुण कुमार राय हत्याकांड में महिला सिपाही मीनाक्षी शर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मंजूर। महिला सिपाही करीब 7 महीने से झांसी जेल में निरुद्ध है। महिला सिपाही को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली। जमानत आदेश के बाद उनकी रिहाई की प्रक्रिया जल्द पूरी होने की संभावना है। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद महिला सिपाही झांसी जेल से रिहा हो सकती हैं। अरुण कुमार राय हत्याकांड प्रदेश के चर्चित मामलों में शामिल रहा है। रिहाई की आधिकारिक तारीख जेल प्रशासन और न्यायालय की प्रक्रिया पूरी होने के बाद तय होगी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 215838282 में मेरा नाम मुंशरीफ अहमद पुत्र संतोषी अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में शरीफ पुत्र संतोख़ी अंकित है यह दोनों नाम मेरे और मेरे पिताजी के हैं। इसलिए मेरे एलआईसी पॉलिसी में शरीफ पुत्र संतोखी अंकित किया जाए। **मुशरिफ अहमद उर्फ शरीफ पुत्र संतोषीउर्फ संतोखी ग्राम बरगान पोस्ट कथरा माफी जिला श्रावस्ती, मो.- 9920701319**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 217005227 में मेरा नाम वीरेंद्र कुमार गुप्ता पुत्र राम लखन गुप्ता अंकित है, जबकि आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में सुखदेव प्रसाद अंकित है, यह दोनों नाम मेरे ही है। इसलिए मेरे एलआईसी पॉलिसी में मेरा नाम सुखदेव प्रसाद अंकित किया जाए। **वीरेंद्र कुमार गुप्ता उर्फ सुखदेव प्रसाद पुत्र राम लखन गुप्ता ग्राम भकरौली मुंगेशपुर पोस्ट कुंडासर कैसरगंज बहराइच, मो.-8548837987**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र मिथुन के गलत चाल-चलन के चलते उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **सुरेश पुत्र सूरज निवासी मो0 अमीन खां, थाना मऊदरवाज, तहसील सदर, जनपद-फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मैंने नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद से अपने पुत्रों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाया था। उसमें उसका नाम त्रुटिवश **उदित** (UDIT)व दूसरे पुत्र का नाम **अदित** (ADIT) अंकित हो गया है, जबकि सही नाम **अभिराज** (ABHIRAJ )व दूसरे पुत्र का नाम **अधिराज** (ADHIRAJ ) है। नगर पालिका परिषद अभिलेखों में पुत्रों का सही नाम दर्ज करने की कृपा करें। मेरे पुत्रों को इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **अनुराग दुबे पुत्र राजबहादुर दुबे निवासी डिग्गीताल शहर, जिला फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मैं अपने पुत्र मोहम्मद मुईद के गलत चाल-चलन के चलते उससे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति/घर से बेदखल करती हूँ। अब उससे मेरा कोई सरोकार वास्ता नहीं होगा। उसके द्वारा किये गये किसी भी गलत कार्य अथवा लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **शकीला बानो पत्नी स्व0 नईम अन्सारी, निवासी मोहल्ला हाजीगंज, ग्राम व पोस्ट याकूतगंज, थाना-फतेहगढ़, जनपद-फर्रुखाबाद।**

सरकार ने बदली रेसिपी

# आंगनवाड़ी में अब नहीं मिलेगा दाल-दलिया और रिफाइंड, अब मिलेगा सिर्फ मिक्स्ड पैकेट पोषाहार

अजय मिश्रा



उरई (जालौन)। आंगनवाड़ी केंद्रों पर दाल-दलिया और रिफाइंड न मिलने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। कई ग्रामीण लाभार्थी अब भी पुराने पोषाहार की मांग करते हैं और मिक्स्ड पैकेट पोषाहार लेने में अनिच्छा जताते हैं। कुछ स्थानों पर इस बात को लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों पर विवाद की स्थिति भी बन जाती है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव ने बताया कि यह किसी स्थानीय स्तर का बदलाव नहीं है, बल्कि प्रदेश स्तर पर पोषाहार की व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। सरकार द्वारा रेसिपी में बदलाव किए जाने के बाद अब दाल-दलिया और रिफाइंड की जगह केवल मिक्स्ड पैकेट पोषाहार ही वितरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले जनपद के कुछ ब्लॉकों में दाल-दलिया और रिफाइंड का वितरण होता था, लेकिन अब जालौन के सभी ब्लॉकों सहित पूरे उत्तर प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिक्स्ड पैकेट पोषाहार ही उपलब्ध कराया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार अधिकांश शिकायतें जानकारी के अभाव में होती हैं। कई लाभार्थी पुरानी व्यवस्था के अनुसार दाल-दलिया और रिफाइंड की मांग करते हैं। जब उन्हें यह उपलब्ध नहीं कराया जाता तो वे शिकायत दर्ज कराते हैं, जबकि यह सामग्री शासन स्तर से ही बंद कर दी गई है। विभाग का कहना है कि लाभार्थियों को नई व्यवस्था की जानकारी देना जरूरी है, ताकि अनावश्यक भ्रम और विवाद की स्थिति ना बने।

**कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर, जनपद-फर्रुखाबाद।**

पत्रांक 240/न0पं0खिम0/2026-27 — दिनांकः- 23/07/2026

**अधिसूचना**

**विषयः ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम 2026, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2022 एवं निर्माण एवं विध्वंस (C&D) अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2025 के प्राविधानों के अनुपालन के सम्बन्ध में।**

मा0 उच्चतम न्यायालय एवं भारत सरकार द्वारा अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (Solid Waste Management) नियम 2026, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (Plastic Waste Management) नियम 2022 (समय-समय पर किए गए संशोधनों सहित) तथा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन (Construction & Demolition Waste Management) नियम 2025 के प्राविधानों के अनुपालन में नगर पंचायत खिमसेपुर, जनपद-फर्रुखाबाद के सम्पूर्ण नगर क्षेत्र हेतु निम्नलिखित अधिसूचित किया जाता है-

1- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (SWM) नियम 2026 के अनुरूप नगर निकाय की उपविधियाँ (Bye-Laws) सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में प्रभावी होंगी तथा समी नागरिक, प्रतिष्ठान एवं सस्थान उनका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

2-प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (PWM) नियम 2022 एवं उसमें समय-समय पर किये गये संसोधनों के सभी प्रावधान सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में लागू होंगे, सभी निर्माता, विक्रेता थोक एवं खुदरा व्यापारियों, संस्थानों एवं नागरिकों द्वारा नियमों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।

3-निर्माण एवं विध्वंस (C&D) अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2025 के अनुसार सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में निर्माण एवं विध्वंस से उत्पन्न मलवे का पृथक संग्रहण, परिवहन, पुनर्चक्रण एवं निस्तारण वैज्ञानिक पद्धति से किया जाएगा। बिना अनुमति सार्वजनिक स्थानों पर गलवा डालना प्रतिबंधिल होगा। उक्त नियम सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में लागू होंगे।

उपरोक्त नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित नियमों एवं नगर निकाय की उपविधियों के अनुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी।;

**(प्रवीण कुमार सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत खिमसेपुर**
**जनपद- फर्रुखाबाद**

**(पुष्पराज सिंह)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत खिमसेपुर**
**जनपद- फर्रुखाबाद**

# पानी की हर एक बूंद बेशकीमतीः जेपी अनुरागी

▸ क्षेत्रीय पुरातत्व विभाग के तत्वावधान में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में 125 छात्रों ने किया प्रतिभाग



कुलपहाड़/महोबा,समृद्धि न्यूज।

मुख्य अतिथि जिला पंचयात अधयक्ष जेपी अनुरागी ने कहा कि जहां पानी है वहां ज़िंदगानी है। कृषक वर्ग को चाहिए कि अपने खेतों की मेड पर खूब पेड़ लगाएं। एक -एक बूंद पानी बचाने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि श्री अनुरागी ने यह विचार आरबीपीएस में आयोजित भूजल सप्ताह महोत्सव के समापन पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए कहे। क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई (झांसी) के तत्वावधान में नगर के रामरतन भुवनेश कुमार पब्लिक स्कूल में भूजल सप्ताह महोत्सव के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता, छाया चित्र प्रदर्शनी व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी झांसी डॉ राजीव कुमार त्रिवेदी के अनुसार यह प्रतिवर्ष चलाई जाने वाली मुहिम है। वर्तमान में गहराते पर्यावरण और जल संकट को देखते हुए यह बेहद आवश्यक है। जिसमें जन-जन की भूमिका अनिवार्य है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि धरती के कई हिस्से जलविहीन घोषित कर दिए गए हैं। बुंदेलखंड डार्क जोन में है . पानी प्रकृति प्रदत्त उपहार है इसकी अहमियत समझनी बेहद जरूरी है अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब दैनिक कार्यों के लिए भी पानी खरीदना पड़ेगा। इसके पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विद्यालय के निदेशक, विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार अग्रवाल एवं विद्यालय की शिक्षिका मधुरिका मेम को क्षेत्रीय पुरातत्व विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### वारंटी शातिर अपराधी गिरफ्तार, कुठौंद पुलिस ने घर के बाहर से दबोचा



कुठौंद (जालौन)। पुलिस अधीक्षक द्वारा शातिर एवं फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कुठौंद थाना पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट के आधार पर एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पीयूष प्रताप सिंह उर्फ रोहित (27 वर्ष) पुत्र रविन्द्र सिंह राठौर, निवासी ग्राम मालपुर, थाना कुठौंद, जनपद जालौन, के विरुद्ध एनबीडब्ल्यू एसटी 64/19, मुकदमा अपराध संख्या 74/19, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के मामले में न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। बताया गया कि अभियुक्त न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहा था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में कुठौंद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को 23 जुलाई 2026 को ग्राम मालपुर स्थित उसके घर के बाहर दरवाजे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध चोरी, अवैध हथियार, एनडीपीएस एक्ट, हत्या के प्रयास, मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हर्षवर्धन त्रिपाठी और कांस्टेबल प्रवीनराज शर्मा शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में की गई। इस कार्रवाई को फरार एवं वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की कड़ी के रूप में देखा जा रहा है।

# डीएम ने आंगनबाड़ी व वृहद गौ संरक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

## जलभराव से प्रभावित वृहद गौ संरक्षण केंद्र का लिया जायजा, स्थायी समाधान एवं शीघ्र संचालन के दिए निर्देश



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने गुरुवार को तहसील फतेहपुर के विकास खंड निन्दूरा अंतर्गत स्थित हेमा का पुरवा आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा संबंधी सेवाओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित बच्चों से आत्मीयता से मुलाकात की, उनका हालचाल एवं दैनिक गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। बच्चों के साथ सहज संवाद करते हुए उन्होंने उनका उत्साहवर्धन भी किया। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ती से केंद्र पर पंजीकृत बच्चों, नियमित उपस्थिति, पूरक पोषाहार वितरण तथा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वीएचएनडी सत्र के माइक्रोप्लान का अवलोकन करते हुए सैम व मैम बच्चों की पहचान, उपचार, फॉलोअप एवं पोषण पुनर्वास की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र बच्चे तक शासन की सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पहुंचे तथा कुपोषण उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य एवं बाल विकास विभाग आपसी समन्वय के साथ नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करें।इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, तहसीलदार फतेहपुर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के अगले चरण में जिलाधिकारी ने ग्राम अगासण्ड स्थित वृहद गौ संरक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि जलभराव की समस्या के कारण गौ संरक्षण केंद्र का संचालन प्रभावित है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए गौ संरक्षण केंद्र को पुनः संचालित करने के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बाढ़ कार्यखंड को स्थल का तकनीकी निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, जिससे जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए जिससे भविष्य में वर्षाकाल के दौरान भी गौ संरक्षण केंद्र का संचालन निर्बाध रूप से जारी रह सके।

# एसडीएम ने उर्वरक केंद्रों का किया निरीक्षण



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने और कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से गुरुवार सुबह प्रशासन ने खाद दुकानों का औचक निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने सुबह करीब साढ़े सात बजे मरकामऊ और बदोसराय क्षेत्र की खाद दुकानों का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एक खाद दुकान बंद मिली। इस पर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए दुकानदारों को निर्देश दिया कि सभी खाद की दुकानें निर्धारित समय पर खोल दी जाएं,जिससे किसानों को खाद लेने के लिए परेशान न होना पड़े।इसके बाद एसडीएम मरकामऊ स्थित यादव खाद दुकान पहुंचे,जहां खाद लेने के लिए किसानों की भीड़ लगी हुई थी। उन्होंने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और खाद वितरण व्यवस्था की जानकारी ली।

### बीडीओ की अध्यक्षता में संपन्न हुई टास्क फोर्स की बैठक

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक का संचालन सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरिफ सिद्दीकी ने किया। बुधवार को बैठक में स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा की गई। इसमें 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाने और स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। संचारी रोग अभियान के तहत झाड़ी कटाई और छिड़काव पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, आयुष्मान कार्ड बनाने में पंचायत सहायकों का सहयोग लेने तथा टीकाकरण में सुधार करने के निर्देश भी दिए गए।

### नाबालिग से बलात्संग के अभियुक्त को बीस साल की कठोर सजा, 26 हजार जुर्माना

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप न्यायालय द्वारा नाबालिग से बलात्संग की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त को 20 वर्ष कठोर कारावास व 26,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। पुलिस महानिदेशक द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में प्रभावी पैरवी व साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को प्रस्तुत कराकर न्यूनतम समय में अधिकतम सजा दिलाये जाने की यह कार्यवाही की गई है।

# ग्राम्यांचल में तहसील बार के पदाधिकारियों का हुआ भव्य स्वागत



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** ग्राम्यांचल विधि महाविद्यालय के संरक्षक आशुतोष अवस्थी टिंकू द्वारा गुरुवार को महाविद्यालय परिसर में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह एवं महामंत्री संतोष शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी एवं अधिवक्ताओं का फूल माला अंग वस्त्र एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालो में अध्यक्ष संजय सिंह, महामंत्री संतोष शुक्ला, मिश्रण वर्मा,अखिलेश अवस्थी, धर्मेंद्र यादव, कुंवर देवन्द्र सिंह, धर्मेंद्र वर्मा, अंजनी श्रीवास्तव, बृजेन्द्र प्रताप सिंह बिज्जू,विजय राज सिंह,अनुराग शुक्ला, उमेश सोनी,विष्णु शंकर पाण्डेय, विनोद चौहान आदि शामिल है।

### गैंग बनाकर अपराध करने वाले डी गैंग रजिस्टर

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा गैंग की क्रियाकलापों पर सूक्ष्म एवं पैनी दृष्टि रखने के उद्देश्य से डिस्ट्रिक्ट गैंग (डी-गैंग) का पंजीकरण किया गया है। ऐसा गिरोह जिनके सदस्यों द्वारा मिलकर चोरी करने जैसा गम्भीर अपराध कारित किया जाता है। उनके विरुद्ध पुलिस अधीक्षक द्वारा डिस्ट्रिक्ट गैंग का पंजीकरण कर उन्हें डी-श्रेणी में रखकर सूचीबद्ध किया जाता है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक फतेहपुर की आख्या के आधार पर गैंग की क्रियाकलापों पर सूक्ष्म एवं पैनी दृष्टि रखने के उद्देश्य से डिस्ट्रिक्ट गैंग (डी-गैंग) का पंजीकरण किया गया है।


# रामसनेहीघाट में बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण



- एडीएम ने राहत कार्यों का लिया जायजा

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** घाघरा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के कई गांवों में बाढ़ का खतरा गहरा गया है। गुरुवार को अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह ने उपजिलाधिकारी बृजेन्द्र उपाध्याय के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। अधिकारियों ने विकास खंड पूरेडलई के ढेमा, गुनौली, कोयलावर, जलालपुर और टिकरी गांवों का दौरा किया। इस दौरान बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने राहत शिविरों में भोजन, पेयजल, दवाओं और नावों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित लोगों तक राहत सामग्री बिना किसी विलंब के पहुंचाई जाए और भोजन, चिकित्सा सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहने पाए। अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन बाढ़ की स्थिति पर 24 घंटे नजर बनाए हुए है। उन्होंने निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से एहतियात बरतने और आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घाघरा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और सभी विभागों के अधिकारी समन्वय के साथ राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे हैं।

# लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे पर धू-धू कर जली बस



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ के चौबीसी गांव के निकट मुर्गी दाना फैक्टी के सामने लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे पर बुधवार की रात एक बस में आग लग गई। पूरी बस जल गई।बस में सवार चालक व कण्डक्टर व मालिक बाल-बाल बच गए। थाना सुबेहा क्षेत्र के ओहरामऊ गांव निवासी ललित कुमार की निजी बस शंकरगंज से दिल्ली सवारियां लेकर जाती है।बस में खराबी के कारण भिखरा गांव स्थित वर्कशाप में बनने के लिए लाई गई।बस ठीक हो जाने के बाद बुधवार की रात लगभग बारह बजे मालिक ललित कुमार, ड्राइवर सोनू एवं क्लीनर अभिषेक मिश्रा बस लेकर शंकरगंज जा रहे थे। इन्हौना में बस में खराबी आ जाने के कारण चालक बस को वापस भिखरा ला रहा था। मुर्गी दाना फैक्ट्री के सामने पहुंचने पर बस में आग लग गई। मालिक,चालक व क्लीनर ने कूदकर जान बचाई।मौके पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझाई। तब तक बस पूरी तरह जल गई।

## खबरें एक नजर में


### दिव्यांग छात्राओं को मिलेगी ई-ट्राइसाइकिल ऑनलाइन होगा आवेदन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कमलेश कुमार वर्मा ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा ई-ट्राइसाइकिल योजना संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत जनपद की ऐसी दिव्यांग छात्राओं को ई-ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई जाएगी, जिनकी आयु 16 वर्ष या उससे अधिक है तथा जो किसी विद्यालय, महाविद्यालय अथवा प्रशिक्षण संस्थान में अध्ययनरत या प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जिन दिव्यांग छात्राओं को दैनिक रूप से कक्षाओं, लाइब्रेरी, लैब, हॉस्टल आदि तक सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध नहीं है, उन्हें इस योजना के माध्यम से ई-ट्राइसाइकिल प्रदान कर उनके शैक्षिक पुनर्वास को प्रोत्साहित किया जाएगा। योजना के तहत प्रति ई-ट्राइसाइकिल अधिकतम 65 हजार रुपये की धनराशि अनुमन्य की गई है। उन्होंने बताया कि यह सुविधा मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, स्ट्रोक, सेरेब्रल पाल्सी, हीमोफीलिया आदि से प्रभावित ऐसी दिव्यांग छात्राओं को दी जाएगी, जिनकी दृष्टि एवं मानसिक स्थिति सामान्य हो तथा जो ई-ट्राइसाइकिल चलाने में सक्षम हों। लाभार्थी के पास मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी यूडीआईडी दिव्यांग प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है। गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों को विशेष प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। साथ ही, पिछले पांच वर्षों में किसी भी स्रोत से ई-ट्राइसाइकिल प्राप्त कर चुकी छात्राएं इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगी। आवेदन के लिए संबंधित शिक्षण अथवा प्रशिक्षण संस्थान से अध्ययनरत होने का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन रखी गई है।

### रेउसाः सचिव संतलाल पर गंभीर आरोप, कार्रवाई कब?

**सीतापुर।** विकासखंड रेउसा में तैनात सचिव संतलाल पटेल पर वित्तीय अनियमितताओं और कथित फर्जी भुगतानों के गंभीर आरोप एक बार फिर चर्चा में हैं। सूत्रों के अनुसार, सचिव ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में कथित तौर पर दूसरे व्यक्तियों की डोंगल का उपयोग कर भुगतान किए, जबकि सीमित संख्या में कुछ व्यक्तियों के नाम पर लाखों रुपये का भुगतान दर्शाया गया। सूत्रों का दावा है कि कई शिकायतों और जांच के निर्देशों के बावजूद अब तक सचिव के विरुद्ध कोई ठोस विभागीय कार्रवाई नहीं हुई। आरोप यह भी है कि विकासखंड स्तर पर जांच केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। सूत्रों के मुताबिक, खंड विकास अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी के बयानों में भी विरोधाभास देखने को मिल रहा है। इससे जांच की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। कुछ सूत्र यह भी आरोप लगा रहे हैं कि ब्लॉक स्तर पर मिलीभगत के कारण कार्रवाई लंबित है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। अब सवाल यह उठ रहा है कि यदि शिकायतें और जांच के निर्देश पहले ही दिए जा चुके हैं, तो सचिव के विरुद्ध अब तक विभागीय कार्रवाई या निलंबन की प्रक्रिया क्यों आगे नहीं बढ़ी। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी से पूरे प्रकरण की स्वतंत्र एवं समयबद्ध जांच कर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

# जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की शिकायतें



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक 27 जुलाई को

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, अभय कुमार सुमन ने अवगत कराया कि माह जुलाई की जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति, औद्योगिक सुरक्षा फोरम समिति, व्यापार बंधु, श्रम बंधु, एमएसएमई क्रियान्वयन इकाई तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई की संयुक्त बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 27 जुलाई को अपराह्न 12:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक में जनपद के संबंधित विभागीय अधिकारियों, उद्यमियों, व्यापारिक संगठनों तथा निवेशकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

# फर्राटा पंखे में उतरे करंट से नवविवाहिता की मौत



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के नेमचर पंडित का पुरवा गांव में एक बेहद दुखद हादसा सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, घर में चल रहे फर्राटा पंखे में अचानक करंट उतर आया, जिसकी चपेट में आने से नवविवाहिता पुष्पा गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने बिना देर किए उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और पूरे गांव में शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि पुष्पा की शादी लगभग तीन वर्ष पहले हुई थी। उनके परिवार में 9 माह का एक मासूम बच्चा भी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। घटना के कारणों की भी जांच की जा रही है। यह हादसा सभी के लिए एक महत्वपूर्ण सीख है कि घरों में लगे बिजली के उपकरणों, वायरिंग और अर्थिंग की समय-समय पर जांच कराना बेहद जरूरी है। थोड़ी सी सावधानी बड़े हादसों को टाल सकती है और परिवारों को सुरक्षित रख सकती है।

### डीएम ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बृहस्पतिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा तहसील गौरीगंज परिसर में स्थित ई.वी.एम. एवं वी.वी. पैट वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उक्त वेयर हाउस में विधानसभा क्षेत्र- अमेठी, गौरीगंज, तिलोई व जगदीशपुर निर्वाचन क्षेत्र की ई.वी.एम./वी.वी. पैट मशीने लॉक के अन्दर संरक्षित हैं। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय। इस अवसर पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व जिला निर्वाचन कार्यालय के स्टाफगण उपस्थित रहे।

# सीएचसी बनीकोडर में महिला आयोग सदस्य का आकस्मिक निरीक्षण

- एक साल से बंद मिली अस्पताल की कैंटीन
- दो रसोइयों की तैनाती के बावजूद बाहर से मंगाया जा रहा था भोजन



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बनीकोडर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान मरीजों के भोजन, साफ-सफाई और कर्मचारियों की उपस्थिति में खामियां मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। एक वर्ष से अधिक समय से अस्पताल की कैंटीन बंद होने और मरीजों का भोजन बाहर से मंगाए जाने पर उन्होंने जांच के निर्देश दिए। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अस्पताल पहुंचीं आयोग सदस्य ने इमरजेंसी, ऑपरेशन थिएटर, एक्स-रे कक्ष, महिला एवं पुरुष वार्ड, आईटीसी वार्ड तथा जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) वार्ड का निरीक्षण किया। अचानक हुए निरीक्षण से अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। जेएसवाई वार्ड में भर्ती महिलाओं ने भोजन की गुणवत्ता को लेकर शिकायत की। इस पर आयोग सदस्य ने प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रमेश चंद्र से पूछा कि जब अस्पताल में दो रसोइए तैनात हैं, तो कैंटीन एक वर्ष से बंद क्यों है और मरीजों का भोजन बाहर से क्यों मंगाया जा रहा है। उन्होंने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए व्यवस्था तत्काल दुरुस्त करने और पूरे प्रकरण की जांच कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण में अस्पताल परिसर की साफ-सफाई भी संतोषजनक नहीं मिली। कई स्थानों पर गंदगी मिलने पर उन्होंने नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को स्वच्छ वातावरण और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए। उपस्थिति पंजिका की जांच में डेंटल हाइजीनिस्ट श्वेता श्रीवास्तव, एक्स-रे टेक्नीशियन बाल मुकुंद, डॉ. स्वाती श्रीवास्तव और एनसीडी काउंसलर मयंक शुक्ला बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित मिले। इस पर आयोग सदस्य ने संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी सेवा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### 27 जुलाई को डॉ. प्रियंका मौर्या करेंगी महिला जनसुनवाई



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनहित में महिलाओं से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से उ.प्र. राज्य महिला आयोग द्वारा अमेठी में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 27 जुलाई को राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या का जनपद भ्रमण प्रस्तावित है। कार्यक्रम के तहत महिला उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न तथा घरेलू हिंसा से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए तहसील सभागार, गौरीगंज में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न एक बजे तक महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक एवं निरीक्षण कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। जिला प्रशासन ने जनपद की महिलाओं से अपील की है कि यदि उन्हें महिला उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न या घरेलू हिंसा से संबंधित कोई शिकायत है तो वे निर्धारित समय पर जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी समस्या प्रस्तुत कर सकती हैं, जिससे उनका त्वरित निस्तारण कराया जा सके।

# बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का एसडीएम ने किया दौरा



**समृद्धि न्यूज़, रामनगर बाराबंकी।** सरयू नदी में बढ़ रहे जलस्तर से तराई क्षेत्र के ग्रामीणों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ साफ दिखाई देने लगी है।जिसके मद्देनजर उपजिलाधिकारी आकांक्षा गुप्ता और तहसीलदार विपुल कुमार सिंह ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का जायजा लिया।उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी।एसडीएम ने कहा प्रशासन बराबर जायजा ले रहा है।जलस्तर पर निरन्तर नजर रखी जा रही है।किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए, राजस्व पुलिस और अन्य संबंधित विभागों की टीमें अलर्ट मोड पर है।उन्होंने ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए तैयार रहने को कहा। नदी का पानी बढ़ने से तलहटी में खेती कर रहे किसानों की चिंता बढ़ गई है।किसानों को फसलों के डूबने का डर सताने लगा है।जलस्तर यदि इसी गति से बढ़ता रहा तो तपेसिपाह कोरिनपुरवा सहित दर्जनों गांवों की किसानों की फसलें डूबने की संभावना बढ़ सकती हैं।प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है और हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है।

**खतरे के निशान से आठ सेमी ऊपर पहुंचा पानी**

सरयू नदी के एल्गिन ब्रिज पर वृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे जल स्तर 106.070 से 6 सेंटीमीटर तथा शाम पांच बजे नदी का जलस्तर 106.150 मीटर पाया गया।जो खतरे के निशान से 8 सेंटीमीटर ऊपर रहा।जलस्तर में लगातार एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वृद्धि दर्ज की जा रही है।

# बीएसए का एक्शन: 2 शिक्षक निलंबित, 7 की सेवा समाप्त



**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बेहटा ब्लॉक के विद्यालयों और बीईओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय सुमेर में समय से पहले स्कूल बंद मिलने, शिक्षकों की अनुपस्थिति, गंदगी व अभिलेखों में अनियमितता पर सभी शिक्षकों का एक दिन का वेतन रोकते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए गए। प्राथमिक विद्यालय ऊंचगांव में भी साफ-सफाई की कमी मिलने पर सुधार के निर्देश दिए गए। विद्यालय में पुराने फटे रजिस्टर और कागजात जलाने के मामले की जांच के बाद इंचार्ज प्रधानाध्यापक रणविजय सिंह और सहायक अध्यापक जीतपाल सिंह को निलंबित कर दिया गया। वहीं, टीईटी एवं डीएलएड के कथित फर्जी अंकपत्रों के आधार पर नियुक्त 7 सहायक अध्यापकों की सेवा समाप्त करते हुए संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए।

# करोड़ रुपए से अधिक की लागत से कराए गए कार्य का नहीं मिल रहा लाभ



**रामनगर बाराबंकी।** सरयू नदी की कटान रोकने के लिए बाढ़ विभाग ने तपेसिपाह कोरिन पुरवा के पास एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत से कराया पर्कोपाईन कार्य से कोई विशेष लाभ मिलता हुआ दिखाई नहीं पड़ रहा है।नदी की तेज धारा पर कोई प्रभावी रोक न हो पाने की ग्रामीण संभावना जता रहे हैं।कम पानी में थोड़ी कटान हुई है पानी बढ़ने पर इसके धराशायी होने की पूरी संभावना जताई जा रही है।ग्रामीणों का आरोप है कि भारी-भरकम खर्च के बावजूद कटान रोकने में विभागीय योजना पूरी तरह विफल साबित हो रही है।बढ़ रहे जलस्तर ने भविष्य को लेकर नई चिंता खड़ी कर दी है।चिंताजनक स्थिति तपेसिपाह और सरयू पुल के दोनों ओर है जहां नदी ने जमीन को निगलने की शुरुआत की है। लोगों में सवाल यह है कि जब करोड़ों रुपये व्यय होने के बावजूद कोई विशेष लाभ मिलता हुआ दिखाई नहीं पड़ रहा है।

# नए प्राइवेट आईटीआई को मिली डीजीटी की मान्यता

- चार ट्रेडों में 240 सीटों पर होगा प्रशिक्षण
- युवाओं के लिए उच्च शिक्षा के साथ तकनीकी कौशल अर्जित करने का मिलेगा अवसर

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में अच्छी खबर है। गुगरापुर क्षेत्र के रघुराजनगर (चांदापुर) स्थित अविका प्राइवेट आईटीआई को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन निदेशालय सामान्य प्रशिक्षण (डीजीटी) की 32वीं स्टैंडिंग कमेटी से कोर्स संचालन की मान्यता मिल गई है। इसके साथ ही संस्थान में चार ट्रेडों में कुल 240 सीटों पर प्रशिक्षण शुरू करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। संस्थान में इलेक्ट्रिशियन और फिटर ट्रेड में 80- 80 सीटों, जबकि सोलर टेक्नीशियन तथा हेल्थ एंड सैनिटरी इंस्पेक्टर ट्रेड में 40- 40 सीटों पर प्रवेश दिए जाएंगे।

विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा के साथ रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। संस्थान प्रबंधन के अनुसार नई शिक्षा नीति के तहत सायंकालीन शिफ्ट में विद्यार्थी स्नातक की पढ़ाई के साथ- साथ आईटीआई का प्रशिक्षण भी प्राप्त कर सकेंगे। इससे युवाओं के लिए उच्च शिक्षा के साथ तकनीकी कौशल अर्जित करने का अवसर मिलेगा और उनकी रोजगार क्षमता बढ़ेगी। संस्थान के निदेशक राजीव कुमार यादव ने कहा कि डीजीटी से मान्यता मिलना जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। संस्थान का उद्देश्य युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है।

उन्होंने विश्वास जताया कि अविका प्राइवेट आईटीआई आने वाले समय में कन्नौज और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनेगा तथा कौशल विकास और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**समय- समय पर रोजगार के अवसर होते है उपलब्ध**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।** उपनिदेशक डॉ. अभिषेक शेखर ने बताया कि इलेक्ट्रिशियन और फिटर जैसे ट्रेडों के प्रशिक्षित अभ्यर्थियों के लिए रेलवे, सेना, मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज (एमईएस), एनटीपीसी समेत विभिन्न सरकारी और निजी संस्थानों में समय- समय पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होते हैं। इसके अलावा प्रशिक्षित युवा स्वरोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में भी बेहतर संभावनाएं तलाश सकते हैं।

## महिलाओं को सुरक्षा, सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** थाना विशुनगढ़ पुलिस ने गुरुवार को सरैया गांव में मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उपनिरीक्षक हृदयराज उपाध्याय के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मिशन शक्ति और एंटी रोमियो अभियान की जानकारी दी गई। महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताते हुए वीमेन पावर लाइन 1090, यूपी-112, ऑपरेशन कवच, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और महिला रात्रि एस्कॉर्ट सुरक्षा योजना की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में पुलिसकर्मी सुचेता, बीना, माधुरी और मधु मौजूद रहीं तथा महिलाओं से आवश्यकता पड़ने पर बिना संकोच पुलिस सहायता लेने की अपील की गई।

# पेट्रोल पंप पर इन आउट डेली नीड स्टोर का शुभारंभ

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



पूर्वी बाईपास स्थित बलवीर सिंह सरदारा सिंह पेट्रोल पंप पर भारत पेट्रोलियम के डेली नीड स्टोर (इन आउट) का भव्य शुभारंभ किया गया। लखनऊ से आए भारत पेट्रोलियम के सेल्स हेड विवेक सिंघल और मार्केटिंग मैनेजर राधिका जैन ने फीता काटकर स्टोर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भारत पेट्रोलियम के सप्लाई चेन मैनेजर नवीन कुमार ने कहा कि रूरल क्षेत्र का हर सामान, बस एक ही दुकान के स्लोगन के साथ शुरू हुए इस स्टोर में दैनिक उपयोग की हर वस्तु उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेगी। मार्केटिंग मैनेजर विपुल कुमार ने बताया कि पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देशानुसार पेट्रोल पंप परिसर में ई-व्हीकल के लिए फास्ट चार्जिंग सिस्टम स्थापित किया गया है। चार्जिंग की सुविधा से चार पहिया वाहनों की चार्जिंग मात्र 15 से 30 मिनट में पूरी हो जाएगी। इस दौरान उपभोक्ता डेली नीड स्टोर में अपनी जरूरत का सामान खरीद सकेंगे। स्टोर में कोल्ड ड्रिंक्स, स्नैक्स, किराना सामान तथा घरेलू उपयोग की अन्य वस्तुएं उपलब्ध रहेंगी। यह सुविधा आम नागरिकों के लिए भी खुली रहेगी। पेट्रोल पंप पार्टनर सचिन दुबे ने बताया कि फैम कंपनी का फास्ट चार्जिंग सिस्टम लगाया गया है। इसके लिए 25 किलोवाट बिजली कनेक्शन प्राप्त हो चुका है। विद्युत विभाग द्वारा मीटर लगाए जाने के बाद चार्जिंग सुविधा पूर्ण रूप से शुरू हो जाएगी। पार्टनर सतीश चतुर्वेदी ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अशोक चतुर्वेदी, अनुपम दुबे बल्ले, रमाशंकर मिश्रा, डॉ. गणेश चतुर्वेदी, मनु चतुर्वेदी, महेंद्र सिंह निम, नदीम जमा खान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास से मनाया चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिवस



- वीरेंद्र पब्लिक स्कूल में हुआ आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

वीरेंद्र पब्लिक स्कूल में चंद्रशेखर आजाद और बाल गंगाधर तिलक का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इन दोनों देशभक्तों की वेशभूषा में तैयार बच्चों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए तो पूरा प्रांगण गूंज उठा। प्रधानाचार्य असिम मंसूर ने चंद्रशेखर आजाद और बाल गंगाधर तिलक के चित्रों पर तिलक करके माल्यार्पण किया। विद्यालय के प्रबंधक विमलेश दुबे ने अपने संदेश में कहा कि महापुरुष हमारे बीच में सदा जीवित रहेंगे। उनका त्याग, समर्पण, बलिदान हमेशा याद रखा जायेगा। आज जरुरत है विद्यार्थियों को ऐसे महापुरुषों के पद चिन्हों पर चलने की जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो। प्रधानाचार्य असिम मंसूर ने कहा कि महापुरुषों के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने देश के लिए समर्पित रहना चाहिए। ऐसे महापुरुष हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है। मेरा रंग दे बसंती चोला और वंदे मातरम जैसे देशभक्ति गीतों पर बच्चों ने प्रस्तुति दी। कक्षा 12 के विद्यार्थी पिरोष और अभव्या दुबे ने अपने भाषण से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। बाल गंगाधर तिलक का अभिनय अमृतांश और चंद्रशेखर आजाद का अभिनय हिमांश ने प्रस्तुत किया। इसी के साथ भारत के वीर सिपाहियों की भूमिका में कक्षा पांच (ब) के विद्यार्थियों आर्यन पाल, रूद्र, अभिषेक शर्मा, अनुराग यादव, आर्यन प्रताप, कुश, अर्थन पाठक, हार्दिक पाल, हार्दिक राजपूत ने अभिनय किया। शिक्षिका सुरभि गोस्वामी के निर्देशन में सभी शिक्षक-शिक्षिका मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में विवाद के बाद स्कूल रहा सूना, अभिभावकों का प्रदर्शन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** विकास खंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नगला बंजारन (नगला हरदयाल) में पोषण आहार की जांच के दौरान हुए विवाद और मारपीट का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। घटना के अगले दिन विद्यालय में छात्र-छात्राएं पढ़ने नहीं पहुंचे, जिससे पूरे परिसर में सन्नाटा पसरा रहा। स्थिति से नाराज ग्रामीणों और अभिभावकों ने विद्यालय के बाहर प्रदर्शन कर प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की। उधर प्रधानाचार्य शिवमंगल सिंह ने कहा कि विद्यालय में मारपीट की घटना हुई थी, जिसके कारण बच्चे स्कूल नहीं आए। उन्होंने मिड-डे मील, भोजन की गुणवत्ता और ड्रेस की धनराशि में गड़बड़ी संबंधी ग्रामीणों के सभी आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और प्रशासनिक जांच की मांग तेज हो गई है। प्रदर्शन में विवेक कुमार, रंजीत सिंह, राजेश मिश्रा, वरुण मिश्रा, रमेश मिश्रा, विजय मिश्रा, मिथलेश तिवारी, धर्मेंद्र दीक्षित, प्राण दीक्षित, चमन मिश्रा सहित बच्चे और गांव के कई पुरुष तथा महिलाएं मौजूद रहीं।

# बिजली और पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

- सफेद हाथी बना पानी की टंकी, ऊपर से ट्रांसफार्मर फुंका

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड क्षेत्र के खोजीपुर मौजा के अंतर्गत ग्राम महुअन नगला और ब्राह्मण नगला के ग्रामीण जल संकट और बिजली की समस्या से परेशान हैं।

नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ रोष जताया।

ग्रामीणों ने बताया कि करीब दो वर्ष पहले गांव में पानी की टंकी बनाकर एक बार जलापूर्ति शुरू की गई थी, लेकिन उसके बाद आज तक दोबारा पानी नहीं छोड़ा गया। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। वहीं महुअन नगला में एक सप्ताह से अधिक समय से बिजली आपूर्ति ठप है। गांव के दोनों ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं। एक ट्रांसफार्मर बदले जाने के बावजूद अब तक बिजली चालू नहीं हो सकी है। इससे ग्रामीणों को मोबाइल चार्ज करने तक के लिए दूसरे गांव जाना पड़ रहा है। पेयजल की व्यवस्था के लिए ग्रामीणों ने चंदा जुटाकर जनरेटर मंगाया और समरसिबल चलाकर पानी भरना शुरू किया। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों ने ओवरलोडिंग का हवाला दिया, जबकि उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा। उन्होंने जल्द बिजली और पेयजल व्यवस्था बहाल करने की मांग की।

## खबरें एक नजर में

### राज्य स्तर पर पहुंचेगी कन्नौज की कठपुतली कला



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के गीत-नाट्य प्रभाग ने प्राथमिक विद्यालय मुरली नगला के सहायक अध्यापक एवं सांस्कृतिक दल अभ्युदय के संयोजक सुमित कुमार गुप्ता को कठपुतली कला (पपेट शो) के ऑडिशन के लिए आमंत्रित किया है। विभागीय ऑडिशन 24 अगस्त 2026 को प्रातः 10 बजे सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, 16 पार्क रोड, लखनऊ स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। टीम में एआरपी छिबरामऊ अच्युत त्रिपाठी तथा कंपोजिट विद्यालय नसरापुर की शिक्षिका शैली मिश्रा भी शामिल रहेंगी। इस संबंध में सूचना निदेशक एवं प्रभारी गीत-नाट्य अशोक कुमार सिंह ने आमंत्रण पत्र जारी किया है। कन्नौज की यह टीम लंबे समय से कठपुतली प्रस्तुतियों के माध्यम से लैंगिक समानता, शिक्षा के महत्व और सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर प्रभावी संदेश देती रही है। सुमित कुमार गुप्ता को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा यूनिसेफ सहित अनेक राज्य एवं राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रस्तुति देने का अवसर भी मिल चुका है।

### व्यापार मंडल से बृजेश गुप्ता का हुआ निष्कासन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राम जी अग्रवाल ने वरिष्ठ पदाधिकारियों की आम सहमति से बृजेश गुप्ता प्रोपराइटर लक्ष्मी ट्रेडर्स आयल डीलर पुरानी गल्ला मण्डी छिबरामऊ को संगठन विरोधी गतिविधियों के कारण उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की जिला कार्यकारिणी के सदस्य पद व प्रांतीय सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। निष्कासन पत्र की प्रतिलिपि प्रदेश अध्यक्ष को भी भेजी गई है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बाल गंगाधर तिलककी मनाई गई जयंती



चन्द्रशेखर जयंती मनाते शिक्षक मौजूद बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक चन्द्रशेखर आजाद की जयंती एक साथ बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनायी गई। विद्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं एवं आचार्यों ने बढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ तिलक एवं चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके जीवन एवं बलिदान को याद किया गया। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता प्रदीप सिंह ने तिलक को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए तथा उनके जीवन में किए संघर्षों, भारत माता के प्रति बलिदान को याद किया गया। प्रधानाचार्य ने तिलक एवं चंद्रशेखर आजाद की जीवन उनके संघर्ष एवं स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। इन महान विभूतियों के आदर्श आज भी वहां को देश सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा भाषण, कविता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिनमें उपस्थित सभी लोगों ने कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को देशभक्त, अनुशासन एवं कर्तव्य निष्ठा का संदेश दिया। सभी ने तिलक एवं चंद्रशेखर के आधार पर चलने एवं राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देने का आवाहन किया। इस अवसर पर आर्तिका शुक्ला, सीमा शुक्ला, मीनू मिश्रा, सरल कश्यप, लक्ष्मी शुक्ला, वंशिका, प्रदीप शर्मा, रामानंद पांडे, वीरेश कुमार, कृष्ण कुमार कटियार, शिवकुमार यादव, बृजपाल सिंह, आलोक सिंह, गोविंद प्रसाद, संजीव कुमार, अजय प्रताप, अनिरुद्ध प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# परीक्षा केद्रों की सुविधाओं का नोडल अधिकारी ने किया भौतिक सत्यापन

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

वर्ष 2027 की बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए गुरुवार को नोडल अधिकारी हरिओम गुप्ता ने नगर सहित क्षेत्र के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया।

इस दौरान मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज, महर्षि निशंक इंटर कॉलेज नेवादा, हाईस्कूल श्यामनगर कन्नौज और जेएम यूनिक हाईस्कूल मिरगावा का निरीक्षण किया गया। नोडल अधिकारी हरिओम गुप्ता ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरा, परीक्षा कक्षों की संख्या, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, अग्निशमन यंत्र, फर्नीचर, वॉइस रिकॉर्डर, विद्युत जनरेटर सहित विद्यालय की अन्य सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।




नोडल अधिकारी हरिओम गुप्ता ने कहा कि बोर्ड परीक्षा की तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है। सभी परीक्षा केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं पूरी होनी चाहिए। सीसीटीवी, पेयजल, शौचालय और अग्निशमन जैसी व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्यालयों की निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर 30 जुलाई तक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को सौंप दी जाएगी। उन्होंने प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए कि शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं की ऑनलाइन उपस्थिति परिषद की वेबसाइट पर समय से भेजी जाए। साथ ही परिषद द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार ही पढ़ाई कराई जाए। डॉ. अमीर हम्ज़ा ने कहा कि विद्यालय प्रशासन बोर्ड परीक्षा की सभी गाइडलाइन का पालन कर रहा है। परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा और सुविधा के सभी मानक पूरे किए गए हैं। छात्रों को बेहतर माहौल देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता, वरिष्ठ प्रवक्ता बृजेश गंगवार, सुनील सिंह, लेखाकार आनंद राजन, रमेश चंद्र कुशवाहा, अवनीश पटेल, शशि देवी सहित विद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

- छात्रों को बेहतर माहौल देने के लिए हम हैं प्रतिबद्ध

# इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अध्यक्ष पद के लिए डॉ. सरित द्विवेदी ने किया नामांकन



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए गुरुवार को डॉ. सरित द्विवेदी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चंद्र, एसीएमओ डॉ. के.पी. त्रिपाठी, डॉ. मंजुल, डॉ. रवि, डॉ. सर्वेश पांडे, शालू खान सहित कई चिकित्सक और गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने डॉ. सरित द्विवेदी को शुभकामनाएं देते हुए उनके प्रति अपना समर्थन और विश्वास व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. द्विवेदी ने सभी वरिष्ठ चिकित्सकों, सहयोगियों और शुभचिंतकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें सेवा का अवसर मिला तो इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से मानव सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता, रक्तदान, आपदा राहत और सामाजिक कल्याण से जुड़े कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा।

# शिक्षक अपहरण फिरौती मामले में पुलिस ने चार अभियुक्त को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**तालग्राम कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में सरकारी शिक्षक के अपहरण और 10 लाख रुपये की फिरौती मांगने के मामले में तालग्राम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत तालग्राम पुलिस ने विवेचना के दौरान प्रकाश में आए चार और अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी नगर शिल्पा वर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को की गई इस कार्रवाई से पूरे गैंग का पर्दाफाश हुआ है। 14. जुलाई को ग्राम कटरा बहसार थाना तिर्वा निवासी देशराज सिंह ने तहरीर देकर बताया था कि उनके पुत्र राहुल कुमार राजपूत उम्र 31 वर्ष, जो सरकारी शिक्षक हैं, स्कूल पढ़ाकर घर वापस नहीं लौटे।

इस संबंध में गुमशुदगी संख्या 30/2026 दर्ज की गई थी। जांच के दौरान 20.07.2026 को देशराज सिंह ने बताया कि अविनाश राजपूत, सर्वेन्द्र कुमार कुशवाहा, केशव पंडित और सागर ने उनके बेटे का अपहरण कर मारपीट की और 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी। इस पर गुमशुदगी को तरमीम कर थाना तालग्राम में मु0अ0सं0 102/2026 धारा 140 (2)/115(2)/3(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया। पहले 20.07.2026 को अविनाश राजपूत, सर्वेन्द्र कुमार कुशवाहा और केशव पंडित उर्फ केशव अवस्थी को गिरफ्तार किया गया था। 22.07.2026 को प्रमेश पुत्र जगदीश सिंह को भी पकड़ा गया। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के खिलाफ धारा 61(2) बीएनएस बढ़ाकर अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक रंजना पाण्डेय, निरीक्षक संतोष सिंह चंदेल, आरक्षी गबरुद्दीन, आरक्षी सुंदर सागर, आरक्षी मनीष कुमार और आरक्षी अवधेश गिरि। पुलिस अब पूरे नेटवर्क और फिरौती की रकम के बारे में पूछताछ कर रही है।

# धूमधाम से मनी पीएन किड्स प्ले स्कूल में मैंगो पार्टी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के सर्विस रोड स्थित पीएन किड्स प्ले स्कूल में शनिवार को बच्चों के लिए उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मैंगो पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पीले एवं रंग-बिरंगे परिधानों में अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद बच्चों ने आम थीम पर आधारित गतिविधियों, डांस, कविता, गीत एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल को आनंदमय बना दिया। स्कूल परिसर बच्चों की खिलखिलाहट और तालियों की गूंज से सराबोर रहा।




विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेमनारायण पाल ने कहा कि मैंगो पार्टी का उद्देश्य बच्चों को फलों के महत्व से परिचित कराना, उनमें स्वस्थ खान-पान की आदत विकसित करना तथा मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से उनका आत्मविश्वास बढ़ाना है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा एवं संस्कारों में सहयोग करने की अपील भी की। कार्यक्रम में बच्चों के लिए खेलकूद एवं मनोरंजन की भी विशेष व्यवस्था की गई। अंत में सभी बच्चों को आम एवं उपहार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विनय पाल, रजनी पाल, तान्या व अभिभावक उपस्थित रहे। जिसमें वंश, आद्वित, आकृति, अयान, उन्नति, अथर्वांश, कृष्णा, हर्षित चौरसिया, मयंक, अयांश, अंश, मानवी गुप्ता, ओम जी, अविक, आदित्य, साक्षी, सुगंध, सूरज, शिवाय, देवांश, आर्यन, आयुषी, गोविन्द, देवराज, प्रियंशी, अभि, आर्या आदि छात्र उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरा नाम आधार कार्ड में विजलेश कुमारी पत्नी रामरतन सिंह मोहल्ला शास्त्री नगर अंकित है। वहीं बैंक रिकॉर्ड में मधू दर्ज है। विजलेश कुमारी एवं मधू पत्नी रामरतन सिंह एक ही नाम है।

**विजलेश कुमारी, पत्नी रामरतन सिंह मोहल्ला-शास्त्री नगर, तिर्वा जनपद-कन्नौज।**

**सूचना**

मेरी पुत्री आकांक्षा का आचरण अच्छा न होने पर उससे संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।

**सुषमा रानी पत्नी स्वर्गीय रमेश चंद्र शारदा निवासी ग्राम सराय गूजरमल, छिबरामऊ (कन्नौज)।**

# कार्यालय सहायक के सेवानिवृत पर दी विदाई

**सिकन्दरपुर, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय शिक्षा सदन इण्टर कालेज के कार्यालय सहायक महेन्द्र प्रताप सिंह 41 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त, विदाई समारोह में उमड़ा विद्यालय परिवार के सदस्यों ने उनका शाल उड़ाकर भव्य स्वागत किया। भारतीय शिक्षा सदन इण्टर कालेज सिकन्दरपुर के कार्यालय सहायक महेन्द्र प्रताप सिंह का विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महेंद्र प्रताप सिंह ने इस विद्यालय में 01/05/1985 को कार्यभार ग्रहण किया था और 41 वर्षों तक निरन्तर सेवा देने के पश्चात 30/06/2026 को सेवा निवृत्त हुए। 22/07/2026 को विद्यालय परिवार ने एक परिवार के सदस्य के सेवानिवृत्त होने को यादगार बनाने के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। इस गौरवशाली पलों में शामिल होने के लिए प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेश मिश्रा, प्रबंधक एडवोकेट दिनेश सिंह, उपप्रबंधक सर्वेन्द्र कुमार मिश्रा, राजेश त्रिपाठी, कार्यकारणी समिति के सदस्य कौशलेंद्र यादव व अन्य सदस्यों के साथ सेवा निवृत्त शिक्षक एवं सहयोगी भी उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों एवं सहयोगियों ने महेन्द्र प्रताप सिंह को माल्यार्पण कर अनेकों उपहार देकर बैण्डबाजों के साथ विद्यालय से विदा किया। इस शुभ वेला के अवसर पर उनके परिवार के सदस्य भी शामिल हुए। योगेंद्र कुमार प्रधानाचार्य ने अभिनन्दन पत्र दिया जिसमें उल्लेख किया कि उनके परिवार के पूर्वजों ने अपनी भूमि को इस विद्यालय के लिये दान कर इसकी नींव रखी जिससे नगर पंचायत के लाखों छात्रों के जीवन में शिक्षा रूपी उजाला होता आया है और होता रहेगा। इस कड़ी में मंच का संचालन कर रहे दिव्य दीपक दीक्षित, प्रवेश कुमार, योगेन्द्र प्रकाश शुक्ला, सप्तऋषि त्रिपाठी, डॉ. के.के. झा, राहुल दुबे, सुनील सिंह भदौरिया, राधेश्याम, सुश्री अन्जना वाजपेयी, नीरजा कुमारी, अन्जना भारती, पूनम गौतम एवं प्रधान लिपिक समरेश सिंह कटियार, इन्द्र जीत ने भी अपने विचारों से प्रभावित कर विदाई को और यादगार बनाया।



# आकाश एजुकेशन में आयोजित हुई साइबर सुरक्षा पाठशाला

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के लिए आज आकाश एजुकेशन सेंटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुरसहायगंज में साइबर सुरक्षा पाठशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को इंटरनेट व सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में थाना गुरसहायगंज से उप निरीक्षक विकल्प चतुर्वेदी, हेड कांस्टेबल तौफीक खान और उनकी टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने के जोखिम, सोशल मीडिया सुरक्षा और डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों से बचने के प्रभावी उपाय बताए।



अधिकारियों ने छात्रों को सलाह दी कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, अपनी व्यक्तिगत और बैंकिंग जानकारी किसी से साझा न करें। यदि कभी साइबर ठगी का शिकार हों तो तुरंत पुलिस या संबंधित अधिकारियों को सूचना दें। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम देशभर में छात्रों को सुरक्षित डिजिटल नागरिक बनाने के लिए चलाए जा रहे हैं। विद्यालय प्रबंधक आरके कटियार ने इस अवसर पर कहा, कि आज का समय पूरी तरह डिजिटल हो चुका है। ऐसे में विद्यार्थियों को सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि साइबर सुरक्षा की समझ भी देना हमारी जिम्मेदारी है। पुलिस विभाग के साथ मिलकर हमने यह पहल की है ताकि हमारे बच्चे ऑनलाइन ठगी और भ्रामक सूचनाओं का शिकार न हों। मेरा मानना है कि जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। हम आगे भी ऐसे कार्यक्रम कराते रहेंगे। विद्यालय की ओर से निदेशक आकाश कटियार, प्रधानाचार्य अरविंद कुशवाहा भावना कटिहार और समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछे, जिनके जवाब पुलिस टीम ने सरल उदाहरणों के साथ दिए।

# मॉडल कम्पोजिट आवासीय विद्यालय का विधायक ने किया भूमि पूजन

▸ सिवारा खास में बनेगा 25 करोड़ की लागत से विद्यालय

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। ग्राम पंचायत सिवारा खास में करीब 25 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मॉडल कम्पोजिट आवासीय विद्यालय का गुरुवार को भूमि पूजन विधायक डॉ0 सुरभि ने किया। विद्यालय में प्री-नर्सरी से कक्षा 12 तक की पढ़ाई एक ही परिसर में होगी। भूमि पूजन के दौरान विधायक डॉ0 सुरभि ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विद्यालय की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी शहरों के प्रतिष्ठित विद्यालयों जैसी गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना है।

विद्यालय बनने से बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा और अभिभावकों को भी सुविधा होगी। करीब 25 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस मॉडल कम्पोजिट आवासीय विद्यालय का निर्माण दिसंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विद्यालय के शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुविधा मिल सकेगी। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्व प्रताप सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष निर्मल कश्यप, मंडल मंत्री उत्कर्ष शुक्ला, ग्राम प्रधान संतोष शुक्ला, बबलू शुक्ला, शिवम सोनी, महेश चंद्र शाक्य, सुग्रीव शाक्य, सत्यवर्धन सिंह, मोनू मिश्रा, राजन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट आवासीय विद्यालय की प्रमुख विशेषताएं:-


भूमि पूजन करतीं विधायक

**कम्पिल।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। विद्यालय में प्री-प्राइमरी (बाल वाटिका) से कक्षा 12 तक की पढ़ाई एक ही परिसर में होगी। प्रत्येक विद्यालय 5 से 10 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा। स्मार्ट क्लास, विज्ञान एवं कंप्यूटर लैब, समृद्ध पुस्तकालय, खेल मैदान, मल्टीपरपज हॉल और डिजिटल शिक्षण जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। छात्र-छात्राओं के लिए सुरक्षित परिसर, स्वच्छ पेयजल, पृथक शौचालय तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था रहेगी। विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा भी विकसित की जाएगी। योजना का उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों को शहरों के प्रतिष्ठित विद्यालयों जैसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराना है।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक का पैर कटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


अस्पताल में भर्ती युवक

फतेहगढ़-फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन के बीच श्याम नगर क्रॉसिंग के पास बीती रात एक युवक का मालगाड़ी की चपेट में आने से उसका एक पैर कट गया।

रेलवे कर्मचारियों ने घायल युवक को देखा और 108 एंबुलेंस की मदद से लोहिया अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार श्याम नगर निवासी सोनू बीती रात मालगाड़ी की चपेट में आने से उसका एक पैर कट गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गये। उपचार के लिए लोहिया में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

▸ मायके वालों ने ससुरालियों पर मारपीट कर हत्या का लगाया आरोप

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

शादी के पांच वर्ष बाद विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुरालियों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने और मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर पलनापुर निवासी बृजेश चंद्र ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री वंदना का विवाह करीब पांच वर्ष पूर्व कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नोनियमगंज निवासी अनिकेत के साथ किया था। उनका आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद से ही पति समेत ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर वंदना का उत्पीड़न करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी।


मृतका का फाइल फोटो

करीब दस दिन पहले पति अनिकेत ने वंदना के साथ बेरहमी से मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया था। घायल अवस्था में वह मायके पहुंची, जहां उसका उपचार कराया जा रहा था। बुधवार सुबह अचानक उसकी तबीयत अधिक बिगड़ गई। स्वजन उसे उपचार के लिए ले जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। बेटी की मौत के बाद मायके पक्ष में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतका के स्वजनों ने पति सहित ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। दरोगा उमेश यादव ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक सांड से टकरायी, मां-बेटा घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** आवारा पशुओं का आतंक एक बार फिर सड़क पर देखने को मिला। कायमगंज-कंम्पिल मार्ग पर मेदपुर पुलिया के पास अन्ना सांड से बाइक टकराने से एक महिला और उसका 1 साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। कायमगंज तहसील क्षेत्र के गांव हल्दी खेड़ा निवासी सीमित पुत्र दशरथ सिंह अपनी पत्नी रुचि और 1 वर्षीय बेटे सोव्रत के साथ फर्रुखाबाद से घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक मेदपुर पुलिया के पास पहुंची, तभी अचानक एक अन्ना सांड सड़क पर आ गया।


अस्पताल में भर्ती महिला

बाइक चालक संभल नहीं पाया और सीधे सांड से जा टकराया। हादसे में बाइक सवार तीनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में रुचि को गंभीर चोटें आईं, जबकि 1 वर्षीय पुत्र सोव्रत भी घायल हो गया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज ले गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक डॉ0 जितेंद्र बहादुर सिंह ने रुचि की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। बालक का इलाज सीएचसी में ही चल रहा है स्थानीय लोगों ने आवारा पशुओं के कारण लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर रोष जताया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में रोडवेज बस स्टैण्ड पर युवक की मौत

▸ हरियाणा के पानीपत से घर लौट रहा था युवक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रोडवेज बस स्टैण्ड फर्रुखाबाद पर युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिससे बस स्टैण्ड पर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने बताया कि युवक हरियाणा के पानीपत से अपने घर लौट रहा था। कानपुर जाने वाली बस में बैठते ही उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उसे खून की उल्टी हुई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। कुछ देर बाद मृतक के परिजन भी पहुंच गये और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

जानकारी के अनुसार जनपद कन्नौज के गुरसहायगंज निवासी 19 वर्षीय मनीष पुत्र शिवरतन सिंह पानीपत में रहकर निजी कंपनी में नौकरी करता था। गुरुवार सुबह वह अपने दो साथियों सुंदरम और सनी के साथ घर लौट रहा था। गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे तीनों फर्रुखाबाद रोडवेज बस स्टॉप से कानपुर जाने वाली बस में सवार हुए थे। तबियत बिगड़ने पर साथी उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी युवक ने दम तोड़ दिया। साथियों ने बताया कि बस में बैठने के कुछ ही देर बाद मनीष की हालत बिगड़ गई और उसे खून की उल्टी होने लगी थी। घटना की सूचना तुरंत उसके परिजनों को दी गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव को अपने साथ घर ले गए। परिजनों का कहना है कि युवक का शव करीब आधे घंटे तक रोडवेज इंक्वायरी कार्यालय के पास पड़ा रहा। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।


मौके पर मौजूद लोग

# कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन सतर्क, डीएम ने सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के दिये निर्देश

▸ डीएम ने सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा एवं नियंत्रण कक्ष की व्यवस्थाओं की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में श्रावण मास के दौरान आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।


बैठक लेती डीएम मौजूद अधिकारीगण

बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि भीड़भाड़ वाले दिनों में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु आवश्यकता के अनुसार रूट डायवर्जन लागू किया जाए तथा इसकी प्रभावी सूचना आमजन तक समय से पहुंचाई जाए। उन्होंने गंगा घाट पर कंट्रोल रूम स्थापित कर समस्त व्यवस्थाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गंगा घाटों पर पर्याप्त संख्या में अग्निशामक यंत्र स्थापित किए जाएं। विद्युत दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए बिजली के पोलों को सुरक्षित रूप से पॉलीथिन से कवर कराया जाए तथा विद्युत लाइनों की नियमित जांच कराई जाए। उन्होंने घाटों पर चिकित्सा टीम, चिकित्सकों, एंबुलेंस एवं आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को गंगा घाट पर बने पुल का नियमित निरीक्षण एवं आवश्यक रखरखाव कराए जाने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हुए कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं।

बैठक में अवगत कराया गया कि श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार तथा महाशिवरात्रि के अवसर पर जनपद एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा घाटों से गंगाजल लेकर गोला गोकर्णनाथ स्थित भगवान शिव के शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए प्रस्थान करते हैं। श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर सुरक्षा एवं सुविधाओं की कार्ययोजना तैयार की गई है। बैठक में संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# समाजवादी निःशुल्क आरोग्य संकल्प शिविर मुजहा में आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर 193 विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव के निर्देशन में डोर-टू-डोर समाजवादी निःशुल्क आरोग्य संकल्प शिविर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 24 जुलाई दिन शुक्रवार को अमृतपुर विधानसभा के क्षेत्र मुजहा में निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक किया जायेगा। शिविर में निःशुल्क सुविधायें, जैसे-निःशुल्क चिकित्सक परामर्श, ब्लड प्रेशर जांच, बीएमआई जांच, जोड़ों का दर्द, घुटनों में सूजन, रीड़ की हड्डी में दर्द, गर्दन की हड्डी में दर्द, सिर दर्द जैसी बीमारियों के मरीजों को चिकित्सक देखेंगे।

# दबंगों से परेशान महिला ने वीडियो जारी कर दी आत्महत्या की चेतावनी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र की गायत्री गली निवासी किरन पत्नी आनंद कुमार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। वीडियो में महिला ने दबंगों और पुलिस की कार्यप्रणाली से आहत होकर आत्महत्या करने की बात कही है। इसके बाद पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, किरन ने कुछ माह पूर्व गांव बीरपुर में जमीन खरीदी थी। उनका आरोप है कि निर्माण के लिए रखी गई ईंटें और बुनियाद को कुछ लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर उनके साथ अभद्रता और धमकी दी गई। मामले की शिकायत उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से भी की थी।

**पुलिस तलाश में जुटी**

महिला का कहना है कि शिकायतों के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिला। हाल ही में उन्होंने अपने घर के बाहर मकान व प्लॉट बिकाऊ है का पोस्टर लगाकर विरोध भी जताया था। इसके बाद बुधवार को उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसमें उन्होंने उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या की चेतावनी दी। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महिला के घर पहुंची। परिजनों ने बताया कि वह घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटी हैं। पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है और विभिन्न माध्यमों से उनकी लोकेशन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिला की सुरक्षित बरामदगी प्राथमिकता है। साथ ही मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट व तोड़फोड़, एसपी से लगायी न्याय की गुहार

**नवाबगंज,समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के बरतल वाली गली निवासी राजरानी खटिक ने पड़ोस के कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़, आगजनी और पुश्तैनी जमीन पर कब्जे का प्रयास करने का आरोप लगाया है। मामले में पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

राजरानी का आरोप है कि बुधवार रात करीब 8 बजे कई लोग लाठी-डंडों के साथ उनके घर पहुंचे और पुश्तैनी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर उनके साथ मारपीट की, सामान में तोड़फोड़ की और झोपड़ी में आग लगा दी। जिससे उसमें रखा सामान जलकर नष्ट हो गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के दौरान उनके साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। महिला के अनुसार शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। घटना की सूचना डायल-112 पर दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उनकी शिकायत पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपियों के खिलाफसंबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# कलेक्ट्रेट में देर रात भारी हंगामा, भाकियू टिकैत जिलाध्यक्ष समेत कई गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ 50-60 पर मुकदमा दर्ज, सिपाही से मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा का आरोप
▸ मांगों को लेकर किसान यूनियन का चल रहा था धरना प्रदर्शन

कलेक्ट्रेट परिसर में देर रात जबरन घुसने का प्रयास कर रहे भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नेताओं और उनके कार्यकर्ताओं पर ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल के साथ अभद्रता, धक्का-मुक्की और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित सिपाही ने थाना कोतवाली फतेहगढ़ में भाकियू जिलाध्यक्ष अजय कुमार कटियार सहित कई प्रमुख पदाधिकारियों व 50-60 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली फतेहगढ़ में दी गई तहरीर के अनुसार, कलेक्ट्रेट परिसर के मुख्य गेट पर हेड कांस्टेबिल शिवपूजन की ड्यूटी लगी हुई थी। 22 जुलाई की रात लगभग 8:30 बजे भाकियू (टिकैत) के जिलाध्यक्ष अजय कुमार कटियार अपने अन्य पदाधिकारियों और लगभग 50 से 60 समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट के एनआईसी गेट पर पहुंचे। समर्थक कार, मोटरसाइकिल और ट्रैक्टरों पर सवार होकर आए थे और उनके हाथों में लाठी-डंडे मौजूद थे। ड्यूटी पर मौजूद सिपाही शिवपूजन ने सुरक्षा कारणों से गेट खोलने से इनकार करते हुए पूछा कि इस समय कलेक्ट्रेट में कोई अधिकारी मौजूद नहीं है, तो वे अंदर क्यों जाना चाहते हैं। सिपाही के मना करने पर प्रदर्शनकारी उग्र हो गए और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे।

जब सिपाही ने छोटे गेट से उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो भीड़ ने उसके साथ धक्का-मुक्की की, जिससे सिपाही को अंदरूनी चोटें आईं। आरोप है कि भाकियू जिलाध्यक्ष अजय कटियार व अन्य लोगों ने सिपाही को धमकी देते हुए कहा एक तरफ हट जाए नहीं तो तुझे इतना पीटेंगे कि चलने लायक नहीं रहेगा। धमकी देने के बाद कुछ समर्थकों ने कलेक्ट्रेट के अंदर जाकर एनआईसी गेट खोल दिया। इसके बाद जिलाध्यक्ष अजय कटियार अपने सभी समर्थकों और वाहनों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में दाखिल हो गए तथा देर रात ही नारेबाजी और धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे परिसर की शांति-व्यवस्था प्रभावित हुई।


गिरफ्तारी के दौरान फतेहगढ़ कोतवाली में मौजूद किसान नेता

पीड़ित सिपाही द्वारा दी गई तहरीर में अजय कुमार कटियार जिलाध्यक्ष भाकियू टिकैत, अभय यादव महासचिव, अनुज राजपूत युवा जिलाध्यक्ष, अरविंद शाक्य, बृजेश गंगवार, शिवराम शाक्य, अंकित गंगवार करीब 50-60 अन्य अज्ञात समर्थक शामिल है। पीड़ित हेड कांस्टेबल शिवपूजन ने कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस से सरकारी कार्य में बाधा डालने, बल प्रयोग करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।


अस्पताल में भर्ती घायल

# बाइक की टक्कर से छात्रा घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील रोड पर एक तेज रफ्तार बाइक ने स्कूल जा रही 9 साल की बच्ची को टक्कर मार दी। उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। कोतवाली क्षेत्र नगर मोहल्ला सधवाड़ा निवासी रेशमी उम्र 9 वर्षीय पुत्री नागेन्द्र जो की रामसिंह इंटर कॉलेज में कक्षा 3 की छात्रा है। वह रोज की भाति पैदल स्कूल जा रही थी जैसे ही वह जामा मस्जिद के निकट पहुची, तभी तेज रफ्तार बाइक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बच्ची दूर जाकर गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उसे सीएचसी कायमगंज ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया।

# शमसाबाद में कृषि विभाग की कार्यशाला का हुआ आयोजन

▸ बाढ़ से फसलों के बचाव और नई धान प्रजाति पर दिया गया जोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड शमसाबाद में कृषि विभाग द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के किसानों के लिए एक भव्य किसान गोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 19 गांवों के 106 से अधिक किसानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को बाढ़ से फसलों के बचाव और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान वित्तीय सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। कृषि विभाग द्वारा क्षेत्र में पहली बार धान की नई बाढ़-सहिष्णु प्रजाति पेश की गई, जो जलभराव वाले क्षेत्रों में भी बेहतर उपज देने में सक्षम है। प्राकृतिक आपदा या बाढ़ से फसल बर्बाद होने की स्थिति में किसानों को आर्थिक सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए फसल बीमा को अनिवार्य रूप से कराने पर विशेष बल दिया गया। गोष्ठी में विभिन्न अधिकारियों और विशेषज्ञों ने कृषकों को उन्नत खेती के गुर सिखाए। पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की। उप कृषि निदेशक अरविन्द मिश्र ने बाढ़ से फसलों के बचाव, उन्नत कृषि रणनीतियों, मिलेट्स मोटे अनाज की खेती और धान की नई प्रजाति की विशेषताओं की जानकारी दी। साथ ही किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने के लाभों से भी अवगत कराया। खण्ड विकास अधिकारी शमसाबाद राधेश्याम ने किसानों को वर्मी कम्पोस्ट और जीरो बजट खेती के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जितेन्द्र कुमार कुशवाह ने जैविक विधि से सब्जियां उगाने और गृह वाटिका किचन गार्डन से कृषकों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में बताया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आपदा के समय केवल समय पर कराया गया फसल बीमा ही किसानों को उचित क्षतिपूर्ति दिला सकता है। उप कृषि निदेशक के निर्देशन में आयोजित इस गोष्ठी ने किसानों में एक नई उम्मीद जगाई है और उपस्थित सभी किसानों ने कृषि विभाग की इन कल्याणकारी पहलों का पूरा लाभ उठाने का संकल्प लिया।


बैठक में मौजूद कृषक

# पंचायत भवन में हुई चोरी का मामला पुलिस ने नहीं किया दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनों विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में अज्ञात चोरों के द्वारा ताले तोड़कर चोरी कर ली थी। इसी मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जिसके बाद ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करायी गई। विकासखंड क्षेत्र के मेरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोकापुर में बीते दिनों अज्ञात चोरों के द्वारा पंचायत भवन के ताले तोड़कर काफी कीमती सामान चोरी कर लिए गए थे। जिस पर जब सुबह पंचायत सहायक ग्राम प्रधान पंचायत भवन पहुंचे तो ताले टूटे पड़े थे और वहां से कीमती सामान बैटरा, इनवर्टर अन्य उपकरण चोरी कर लिए गए थे। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक ने थाना पुलिस को दी थी, लेकिन थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिससे यह लगता है कि जब एक सरकारी काम की रिपोर्ट दर्ज नहीं होगी तो फिर आम जनमानस का क्या होगा। काफी इंतजार करने के बाद विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने अपने पंचायत सहायक तथा ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम प्रधान को ऑनलाइन रिपोर्ट करने की सलाह दी और विकासखंड अधिकारी के निर्देशन में जब ऑनलाइन रिपोर्ट कराई गई तब थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरोध मुकदमा पंजीकृत कर जांच अचरा चौकी इंचार्ज अजय सिंह को सौंप दी। विकासखंड अधिकारी अमरेश सिंह चौहान ने बताया कि जब हम सरकारी तंत्र के लोग हैं, जब हमारी रिपोर्ट दर्ज नहीं पुलिस कर रही है तो आम जनमानस के साथ क्या व्यवहार करती होगी।

# सीएमओ ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- बच्चों को डायरिया से बचाने के लिए जागरूकता जरूरी
- बच्चों का मल साफ करने के बाद, भोजन बनाने और खिलाने से पहले हाथों को साबुन-पानी से अच्छी तरह धुलें



प्रचार वाहन को झण्डी दिखाते सीएमओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डायरिया के प्रति जन जागरूकता के लिए गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय ने तीन प्रचार वाहनों को कार्यालय से रवाना किया। यह प्रचार वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर शून्य से पांच साल तक के बच्चों में डायरिया के लक्षण, कारण और बचाव आदि के बारे में प्रचार-प्रसार करेंगे।

सीएमओ ने कहा कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने के लिए जन जागरूकता बहुत जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए डायरिया के प्रति जागरूकता सम्बन्धी संदेशों वाले पोस्टर-बैनर से सुसज्जित यह प्रचार वाहन जन-जन तक डायरिया से डरने नहीं बल्कि सतर्क रहने का सन्देश पहुंचाएंगे।

उन्होंने कहा कि जिले में इस समय डायरिया रोको अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.सर्वेश यादव ने कहा कि बारिश और उमस में बच्चे डायरिया की चपेट में कई कारणों से आ सकते हैं।

दूषित जल पीने से, दूषित हाथों से भोजन बनाने या बच्चे को खाना खिलाने, खुले में शौच करने या बच्चों के मल का ठीक से निस्तारण न करने आदि से। इसलिए शौच और बच्चों का मल साफ करने के बाद, भोजन बनाने और खिलाने से पहले हाथों को साबुन-पानी से अच्छी तरह अवश्य धुलें। डायरिया का सही इलाज ओआरएस का घोल और जिंक के टेबलेट हैं।

इस मौके पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरसी माथुर, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक कंचन बाला, डीसीपीएम रणविजय प्रताप सिंह, पीएसआई इंडिया से अमरीश पाण्डे, अनुपम मिश्र मौजूद रहे।

# एनएकेपी इं.का. में 15 छात्राओं को लगायी गई एचपीवी वैक्सीन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम एवं किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से गुरुवार को एनएकेपी बालिका इंटर कालेज लोहाई रोड में एचपीवी टीकाकरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की कुल 15 छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का एक प्रभावी एवं सुरक्षित माध्यम है। इस दौरान छात्राओं को वैक्सीन के महत्व एवं इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में भी जागरूक किया गया तथा उन्हें भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण के लिए प्रेरित किया गया। टीकाकरण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में डॉ. नवनीत गुप्ता, अधीक्षक डॉ. राणा प्रताप, स्टाफ नर्स रेखा राजपूत एवं एएनएम अर्पणा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।


कैम्प में मौजूद चिकित्सक व छात्रायें

विद्यालय की छात्राओं को टीकाकरण के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने में डॉ. नवनीत गुप्ता तथा प्रधानाचार्या इंदू मिश्रा का विशेष एवं सराहनीय सहयोग रहा। सभी अभिभावकों से अपील की जाती है कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की प्रत्येक छात्रा को एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएँ, ताकि उन्हें भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। डॉ0 नवनीत गुप्ता ने कहा है किसी भी संसय के लिए मोबाइल 9454985875 पर संपर्क किया जा सकता है।

# जनसत्ता दल लोकतांत्रिक अधिवक्ता प्रकोष्ठ की कमेटी घोषित



मनोनयन पत्र प्राप्त करते शिवम त्रिपाठी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र मोहन मिश्रा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय, फतेहगढ़ पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से अधिवक्ताओं को पदाधिकारी बनाकर मनोयन पत्र वितरित किये गये। शिवेन्द्र मोहन मिश्रा ने कहा कि संगठन का विस्तार लगातार जारी है। आगामी विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी जनपद में प्रत्याशी उतारेगी। जिसके लिए अभी से तैयारियां शुरु कर दी गई है। शहर से लेकर गांव व वार्ड एवं ब्लाक तक संगठन तैयार किया जा रहा है। बड़ी संख्या में युवा जुड़ रहे है।

कमेटी का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र मोहन मिश्रा ने अधिवक्ता किशन परमार को महासचिव मनोनित किया। आशुतोष दुबे आशु को जिला उपाध्यक्ष, शिवम त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष बनाया। सचिव की जिम्मेदारी दिवाकर दुबे व संदीप बाजपेई, शिवम सिंह राठौर, सचिन दिलीप पाल, अमन सिंह सिसोदिया, सौरव यादव को जिम्मेदी दी गई। कुमार रमन सिंह राठौर व विकास दीक्षित महासचिव बने। अमित गोस्वामी सदस्य बने। जिला अध्यक्ष शिवेंद्र मोहन मिश्रा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष को पदाधिकारियों मनोनयन की जानकारी दी और जनहित के मुद्दे प्रभावी ढंग से कार्य करने का संकल्प दिलाया।

## जल ही प्रकृति का सबसे बड़ा उपहारः सुमन त्रिपाठी


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज में प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी की अध्यक्षता में भू-जल सप्ताह का आयोजन हुआ। जल संरक्षण जागरुकता अभियान के अन्तर्गत रैली को प्रबंधक सुनील अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने हरी झण्डी दिखायी। विज्ञान प्रभारी एवं ईको क्लब सदस्य दर्शना शुक्ला ने वर्षा जल संचयन, जल का समुचित उपयोग, पुनर्चक्रण, संरक्षण के विषय में विस्तृत जानकारी दी। जागरुकता के लिए निबंध, भाषण, पोषण, कविता, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रेन वाटर हार्वेस्टिंग अपनाने पर विचार साझा किये गये। छत के पानी को व्यर्थ न बहाये। विभिन्न प्रयास साझा किये गये। कार्यक्रम में पूनम शुक्ला, पारुल जैन, सुनीता पाण्डेय, राधा दीक्षित, कुसुमलता मौजूद रही। छात्रा ताहिरा, सृष्टि, अदिति, संस्कृति, कनिष्का शर्मा, कनिष्का वर्मा, प्रतिभा, हिमांशी, चेतना, वंशिका आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# विश्व हिन्दू महासंघ ने मनाई चन्द्रशेखर आजाद व बाल गंगाधर तिलक की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्व हिन्दू महासंघ के तत्वाधान में अमर शहीद क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती मनाई गयी।

बद्री विशाल महाविद्यालय पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पौधे लगाये गये। कार्यकर्ताओं ने अशोक का पौधा लगाकर आजाद की स्मृतियों में पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया।


चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग

अन्तर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने कहा कि जिले में इतने संगठन होने के बावजूद भी आजाद की प्रतिमा सूनी पड़ी हुई है। देश के प्रति क्रांतिकारियों के बलिदान को लोग भूलते जा रहे है। जिलाध्यक्ष रवि बाजपेयी ने कहा कि आजाद ने अपनी मातृभूमि की स्वाधीनता को आजाद कराने का एक मात्र लक्ष्य बनाकर अपना सर्वस्व राष्ट्र को समर्पित कर दिया। विपिन अवस्थी ने कहा कि आजाद ने क्रांतिकारियों की ऐसी पीढ़ी तैयार की जो विदेशी हुकुमत की नींद उड़ गयी।

इस मौके पर कुलभूषण श्रीवास्तव, अभि सिंह, रामू मिश्रा, राजेश कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### चोरों ने समर का स्टार्टर किया चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव कुतुबुद्दीनपुर निवासी अंशू के खेत में फसलों की सिंचाई के लिए समर सेबिल लगी है। सोमवार रात चोरों ने खेत पर लगी समर सेबिल का स्टार्टर चोरी कर लिया। मंगलवार सुबह खेत पर गए अंशू को स्टार्टर गायब मिला। थाने पहुंचे अंशू ने पुलिस को चोरों के खिलाफतहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### युवक लापता, भतीजे ने दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव कछपुरा निवासी वीरेंद्र सिंह का 32 वर्षीय पुत्र अजय कुमार 15 जुलाई को लगभग 11 बजे घर से कहीं चला गया। परिजनों ने तमाम रिश्तेदारियों में खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। खोजबीन के बाद बुधवार भतीजे अभिषेक कुमार ने थाने पहुंचकर पुलिस को चाचा अजय कुमार के लापता होने की लिखित सूचना दी। पुलिस ने परिजनों को खोजबीन करने की सलाह व कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की व्यवस्था में सुधार किये जाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हिन्दू सेना के प्रदेश महामंत्री शिवम त्रिपाठी ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर खानपुर में बनी पानी की टंकी व नलों में पानी छोड़े जाने की मांग की है। बढ़पुर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सभा खानपुर में जल जीवन मिशन द्वारा करीब तीन वर्ष पूर्व पानी की टंकी बनाई गयी, लेकिन पेयजल व्यवस्था में काई सुधार न होने पर पीड़ितों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की, तो नलों में टोटियां लगाकर दो-चार बार पानी छोड़ दिया गया, लेकिन जल जीवन मिशन द्वारा कार्य को पूरा न कर सरकार की मंशा के अनुरुप कार्य नहीं हुआ है। हर घर जल हंसी का पात्र बना हुआ है। कई बार संबंधित अधिकारियों को सूचना दी गई। वस दिखवा लूंगा कहकर पल्ला झाड़ लिया गया। ऐसे में नलों में पानी व्यवस्था कराई जाये, जिससे लोगों को जल जीवन मिशन के तहत पेयजल उपलब्ध हो सके।

### छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में लोकतांत्रिक जनसत्ता दल ने शिक्षा मंत्री को भेजा पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री पेपर लीक की घटनाओं पर प्रभावी कार्यवाही एवं विरोध कर रहे छात्रों पर कथित लाठी चार्ज के विरोध में लोकतांत्रिक जनसत्ता दल के जिलाध्यक्ष सुशील सिंह चौहान व अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र मोहन मिश्रा ने कहा कि ऐसे मामलों में संवाद होना जरुरी है और संवेदनशीलता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री को भेजे गये ज्ञापन में दर्शाया कि देश भर में लगातार सामने आ रही पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों छात्रों के भविष्य विश्वास और मेहनत पर गंभीर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। वर्षों की तैयारी के बाद परीक्षा देने वाले छात्रों के साथ अन्याय दुर्भाग्यपूर्ण है। इसी विषय को लेकर जब छात्र लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाने के लिए शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, तब उन पर कथित रूप से लाठीचार्ज और बल प्रयोग की खबरें सामने आई। लोकतंत्र में छात्रों को अपनी बात शांतिपूर्वक रखने का संवैधानिक अधिकार है। ऐसे मामलों में संवाद और संवेदनशीलता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। पेपर लिखकर सभी घटनाओं की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो तथा फास्ट ट्रैक कोर्ट बने प्रभावित छात्रों के हितों की रक्षा छात्रों पर कथित लाठीचार्ज एवं बल प्रयोग की निष्पक्ष जांच कराई जाए, भविष्य में छात्रों की समस्याओं का समाधान बल प्रयोग की बजाय संवाद और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से किया जाए।

# भाकियू महात्मा टिकैत ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा के नेतृत्व में गुरुवार को किसानों ने राष्ट्रपति संबोधित सात सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार शशांक सिंह को सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह मांगपत्र किसानों, छात्रों और आम जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर दिया गया है। यदि सरकार ने शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की तो भारतीय किसान यूनियन आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

ज्ञापन में किसानों ने सबसे पहले भारत-अमेरिका डील को निरस्त करने की मांग उठाई। इसके साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाने तथा छात्रों पर लाठीचार्ज कराने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की गई। किसानों का कहना था कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वाले छात्रों पर बल प्रयोग किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। संगठन ने कहा कि खरीफ सीजन के दौरान किसानों को यूरिया एवं डीएपी खाद की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। समय पर खाद उपलब्ध न होने से फसलों की बुवाई और उत्पादन प्रभावित हो रहा है। इसलिए सभी सहकारी समितियों और बिक्री केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसानों को परेशान न होना पड़े। ज्ञापन में किसानों के लिए प्रतिदिन कम से कम 10 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। साथ ही प्रदेश में बढ़ती आवारा पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान करते हुए उन्हें गौशालाओं में भेजने की मांग उठाई गई। किसानों का कहना है कि आवारा पशु खेतों में खड़ी फसलों को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। जनपद में प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेसवे की जद में आने वाले किसानों के मकानों को न तोड़े जाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई। संगठन का कहना है कि किसानों के आशियाने सुरक्षित रखे जाएं तथा किसी भी कार्रवाई से पहले उनकी समस्याओं का न्यायपूर्ण समाधान किया जाए। नीट परीक्षा के पेपर लीक मामले का भी उल्लेख करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने कहा कि किसान लंबे समय से अपनी समस्याओं को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है।


तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश सचिव कुलदीप अवस्थी, मनीष मिश्रा, रामवरण, पवन जोशी, हरिओम मिश्रा, सर्वेश तिवारी, करुणाशंकर तिवारी, राजवीर सिंह, अभिषेक बाजपेई, अनुराग सिंह कुशवाहा, डॉ0 आरबी पहलवान, शिवशंकर निषाद, हरिहर सिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रबोधिका पत्रिका का विमोचन समारोह आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रबोधिका का उदय हिन्दी साहित्य एवं भाषा की श्रीवृद्धि एवं प्रचार-प्रसार के लिए हुआ है। प्रबोधिका पत्रिका का विमोचन एवं लोकार्पण होगा। समारोह में डॉ. दिनेश पाठक शशि मथुरा को प्रबोधिका रत्न सम्मान दिया जायेगा। वहीं रायबरेली के नीरज पाण्डेय को शीतला प्रसाद गंगवार स्मृति सम्मान दिया जायेगा। रामशंकर अवस्थी अबोध को जगुनाथ सिंह कटियार स्मृति सम्मान से अलंकृत किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन दुर्गा नारायण महाविद्यालय के सभागार फतेहगढ़ में 24 जुलाई शुक्रवार को प्रातः 11 बजे होगा। मुख्य अतिथि राजकीय परास्नातक महाविद्यालय जलेसर एटा के प्राचार्य डॉ. ओमकार सिंह यादव होंगे। विशिष्ठ अतिथि नीलम यादव होंगी। कार्यक्रम अध्यक्ष राजकुमार सिंह व स्वागताध्यक्ष अनिल कुमार कटियार, सचिव जवाहर सिंह गंगवार मौजूद रहेंगे।

### कायमगंज की 100 बेटियां बनेंगी आत्मरक्षा में माहिर

**कायमगंज,समृद्धि न्यूज।** बेटियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से नगर में शहर अंगना-एक वीरांगना अभियान के तहत तीन दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। कायमगंज जेसीज एलुमनाई के सहयोग से सीपी यात्री निवास में आयोजित शिविर में शिव शक्ति अखाड़े की 100 से अधिक बालिकाएं प्रशिक्षण ले रही हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ शिव शक्ति अखाड़े की बालिकाओं द्वारा मां काली की स्तुति पर प्रस्तुत शक्तिशाली नृत्य से हुआ। नृत्य देखकर पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। डॉ. मिथलेश अग्रवाल और पूर्व पालिकाध्यक्ष रीता गंगवार ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया। शिविर में मध्य प्रदेश के रतलाम से आए प्रसिद्ध मार्शल आर्ट प्रशिक्षक बलवंत देवड़ा बालिकाओं को आत्मरक्षा की तकनीकें सिखाएंगे। आयुषी सिंघल एवं सरस्वती बंदना, तनिष्ठा सिंघल व भुविका अग्रवाल व माँ भवानी नृत्य सान्वी जैन द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं ने आकर्षक व मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत की। जेसी सचिव जेसी रोहित गुप्ता द्वारा सचिवीय आख्या एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मंच संचालन जेसी सोनल जैन ने किया। कार्यक्रम हर आंगन में एक वीरांगना एक आत्मरक्षा तीन दिवसीय शिविर है। मुख्य परीक्षक मास्टर बलवंत सिंह देवड़ा भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित है होंगे। शिविर के दौरान प्रतिभागी बालिकाएं लगातार तीन दिनों तक सुबह और शाम, दोनों सत्रों में तीन-तीन घंटे मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण लेंगी। प्रशिक्षण में आत्मरक्षा के व्यावहारिक तरीके, मानसिक सतर्कता और आपात स्थिति में स्वयं की सुरक्षा के उपाय सिखाए जाएंगे। प्रशिक्षक बलवंत देवड़ा ने कहा कि हमारा मकसद हर बेटी को इतना सक्षम बनाना है कि वह किसी भी परिस्थिति में अपना बचाव कर सके। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राजन गुप्ता, रसिक अग्रवाल, शशांक गुप्ता, आशीष गुप्ता, अवनीश श्रीवास्तव, किशन गुप्ता, रोहित गुप्ता, अमन जैन, निशा गुप्ता, नेहा गुप्ता, पलक अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# टेम्पो चालकों की मनमानी से पुलगालिब पुलिया पर रोज लगता है भीषण जाम


जाम लगाये टेंपो चालक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के पुल गालिब पुलिया चौराहे के निकट टेम्पो चालकों की मनमानी से रोजाना भीषण जाम की स्थिति बन रही है। पुल गालिव के ठीक पास अवैध रूप से टेम्पो खड़े करने के कारण यहां दिनभर जाम लगा रहता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि टेम्पों चालक सड़क के बीचों-बीच सवारी बैठाते और उतारते हैं। इससे पुलिया पर आने-जाने वाले वाहनों की रफ्तार थम जाती है। सुबह-शाम स्कूल और कार्यालय जाने वालों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। पुल गालिब पुलिया का मुख्य मार्ग है, इसी रास्ते से दर्जनों स्कूलों की बसें और अस्पताल जाने वाले मरीज गुजरते हैं। जाम के कारण कई बार एंबुलेंस और स्कूली बच्चे घंटों फंसे रहते हैं। आसपास के दुकानदारों का कहना है कि शिकायत के बाद भी प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। यदि जल्द ही व्यवस्था नहीं सुधरी तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद-फर्रुखाबाद।

**पत्रांक 962/न0पं0कम्पिल/2026-27** **दिनांकः- 23/07/2026**

### अधिसूचना

**विषयः ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम 2026, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2022 एवं निर्माण एवं विध्वंस (C&D) अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2025 के प्राविधानों के अनुपालन के सम्बन्ध में।**

मा0 उच्चतम न्यायालय एवं भारत सरकार द्वारा अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (Solid Waste Management) नियम 2026, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (Plastic Waste Management) नियम 2022 (समय-समय पर किए गए संशोधनों सहित) तथा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन (Construction & Demolition Waste Management) नियम 2025 के प्राविधानों के अनुपालन में नगर पंचायत कम्पिल, जनपद-फर्रुखाबाद के सम्पूर्ण नगर क्षेत्र हेतु निम्नलिखित अधिसूचित किया जाता है-

1- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (SWM) नियम 2026 के अनुरूप नगर निकाय की उपविधियाँ (Bye-Laws) सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में प्रभावी होंगी तथा समी नागरिक, प्रतिष्ठान एवं सस्थान उनका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

2-प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (PWM) नियम 2022 एवं उसमें समय-समय पर किये गये संसोधनों के सभी प्रावधान सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में लागू होंगे, सभी निर्माता, विक्रेता थोक एवं खुदरा व्यापारियों, संस्थानों एवं नागरिकों द्वारा नियमों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।

3-निर्माण एवं विध्वंस (C&D) अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2025 के अनुसार सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में निर्माण एवं विध्वंस से उत्पन्न मलवे का पृथक संग्रहण, परिवहन, पुनर्चक्रण एवं निस्तारण वैज्ञानिक पद्धति से किया जाएगा। बिना अनुमति सार्वजनिक स्थानों पर गलवा डालना प्रतिबंधिल होगा। उक्त नियम सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में लागू होंगे।

उपरोक्त नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित नियमों एवं नगर निकाय की उपविधियों के अनुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी।;

**( अवनीश कुमार )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कम्पिल, फर्रु**

**(राजवती यादव)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कम्पिल, फर्रु**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद।

**पत्रांक 563/ओएस/2026-27** **दिनांकः- 23 जुलाई 2026**

### अधिसूचना

विषयः ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम 2026, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2022 एवं निर्माण एवं विध्वंस (C&D) अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2025 के प्राविधानों के अनुपालन के सम्बन्ध में।

मा0 उच्चतम न्यायालय एवं भारत सरकार द्वारा अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (Solid Waste Management) नियम 2026, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (Plastic Waste Management) नियम 2022 (समय-समय पर किए गए संशोधनों सहित) तथा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन (Construction & Demolition Waste Management) नियम 2025 के प्राविधानों के अनुपालन में नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद सीमान्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचित किया जाता है-

1- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (SWM) नियम 2026 के अनुरूप नगर निकाय की उपविधियाँ (Bye-Laws) सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में प्रभावी होंगी तथा समी नागरिक, प्रतिष्ठान एवं सस्थान उनका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

2-प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (PWM) नियम 2022 एवं उसमें समय-समय पर किये गये संसोधनों के सभी प्रावधान सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में लागू होंगे, सभी निर्माता, विक्रेता थोक एवं खुदरा व्यापारियों, संस्थानों एवं नागरिकों द्वारा नियमों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।

3-निर्माण एवं विध्वंस (C&D) अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2025 के अनुसार सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में निर्माण एवं विध्वंस से उत्पन्न मलवे का पृथक संग्रहण, परिवहन, पुनर्चक्रण एवं निस्तारण वैज्ञानिक पद्धति से किया जाएगा। बिना अनुमति सार्वजनिक स्थानों पर गलवा डालना प्रतिबंधिल होगा। उक्त नियम सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में लागू होंगे।

उपरोक्त नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित नियमों एवं नगर निकाय की उपविधियों के अनुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

**( विनोद कुमार )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**जनपद- फर्रुखाबाद**

**(वत्सला अग्रवाल )**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**जनपद- फर्रुखाबाद**

## कथित गलत इलाज से प्रसूता की मौत, एक माह पहले की शिकायत पर क्यों नहीं हुई कार्रवाई

# चिकित्साधिकारियों के संरक्षण में संचालित गोला का अवैध हिंद हॉस्पिटल

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ (खीरी)।**




मोहम्मदी रोड स्थित यूनियन बैंक के पास संचालित हिंद हॉस्पिटल एक बार फिर गंभीर विवादों में घिर गया है। आरोप है कि अस्पताल में कथित गलत इलाज के चलते एक प्रसूता की मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में आ गई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार करीब एक माह पूर्व भी इसी अस्पताल के खिलाफ गलत इलाज की शिकायत की गई थी। शिकायत मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अस्पताल प्रबंधन को नोटिस भी जारी किया गया था, लेकिन इसके बाद भी अस्पताल का संचालन जारी रहा। अब प्रसूता की मौत के बाद लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई होती तो शायद यह घटना टाली जा सकती थी। लोगों का आरोप है कि पहले हिंद हॉस्पिटल के नाम से संचालित यह अस्पताल अब उसी भवन के भूतल से ऊपरी मंजिल पर शिफ्ट होकर बिना किसी नाम-पट्ट (बोर्ड) के संचालित किया जा रहा था। इससे अस्पताल की वैधता और संचालन को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि यह पहला मामला नहीं है। उनका कहना है कि अस्पताल प्रबंधन पूर्व में भी नगर के अलग-अलग स्थानों पर अस्पताल संचालित कर चुका है। जब किसी मामले में विवाद बढ़ता है या विभागीय कार्रवाई होती है तो अस्पताल का नाम अथवा ठिकाना बदलकर दोबारा संचालन शुरू कर दिया जाता है। लोगों का दावा है कि वर्तमान में भी इसी तरीके से अस्पताल का संचालन किया जा रहा था। घटना के बाद अस्पताल बंद होने और संचालकों के मौके से गायब होने की भी चर्चा है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

**स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई का दिया आश्वासन**

सीएचसी गोला के प्रभारी अधीक्षक डॉ. अजय वर्मा ने बताया कि पूर्व में अस्पताल से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजकर जांच कराई गई थी और अस्पताल संचालक को नोटिस जारी किया गया था। अब दोबारा शिकायत मिली है। मामले को संज्ञान में लेकर नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पेड़ काटने की जानकारी न मिलने पर डीएफओ को दोबारा अपील पत्र, आवेदक ने मांगी सूचना

## सूचना अधिकार अधिनियम का खुलेआम उल्लंघन कर रहे जिम्मेदार अधिकारी

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

जनपद खीरी के मोहल्ला किशोर नगर कॉलोनी पिपरिया सीतापुर रोड निवासी अमर पाल सिंह पुत्र कमलेश कुमार सिंह ने प्रभागीय वनाधिकारी डीएफओ को एक बार फिर अपील पत्र भेजा है।उन्होंने ग्राम पंचायत सेमराजानीपुर विकास खंड पसगवां तहसील मोहम्मदी में काटे गए पेड़ों से संबंधित सूचनाएं जल्द से जल्द उपलब्ध कराने की मांग की है।आवेदक अमर पाल सिंह ने बताया कि उन्होंने पूर्व में वन विभाग के अधिकारी अखिलेश सिंह को दिनांक 17 जनवरी 2026 को एक अनुरोध पत्र भेजकर पेड़ काटने के मामले में जानकारी मांगी थी। जब तय समय पर सूचनाएं प्राप्त नहीं हुई, तो आवेदक ने 19 फरवरी 2026 को पुनः अनुरोध पत्र भेजा और सूचनाएं देने का अनुरोध किया।आरोप है कि विभागीय अधिकारियों ने सूचना अधिकार अधिनियम का मज़ाक बनाते हुए फिर सूचनाएं नहीं दीं। इसके बाद अब पीड़ित आवेदक द्वारा डीएफओ खीरी को अपील भेजकर सूचनाएं देने की मांग की गई है। डीएफओ खीरी को दिए गए पत्र के साथ मांगी गई सूचनाओं के पत्र की छाया प्रति भी संलग्न की गई है।कई महीने बीत जाने के बाद भी वनाधिकारी कार्यालय की ओर से उन्हें कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। जानकारी न मिलने से क्षुब्ध होकर उन्होंने अब अपील के रूप में दोबारा यह अनुरोध पत्र भेजा है। अमर पाल सिंह ने यह पत्र 21 जुलाई 2026 को स्पीड पोस्ट के माध्यम से डीएफओ कार्यालय लखीमपुर खीरी को भेजा है। उन्होंने पत्र में वनाधिकारी से अनुरोध किया है कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मांगी गई सभी जरूरी जानकारियां उन्हें तुरंत उपलब्ध कराई जाएं।

## खबरें एक नजर में

### अगर मानव के अंदर इंसानियत है तो भगवान साथ देगा: शिव राजपूत




**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** सायकिल से चार धाम, 12ज्योर्तिलिंग के दर्शन करने के पश्चात पूरा भारत भ्रमण करने के पश्चात धानी बाजार के मुख्य चौराहे पर मिले शिवराजपूत ने बताया कि उक्त यात्रा तीन साल आठ माह, पांच दिन में पूरा किया है। बातचीत के दौरान शिव राजपूत ने बताया कि जनपद मुजफ्फरनगर के खेरा मस्तान गांव का निवासी हूं। मेरे जिले के अगल बगल शामली व बागपत भी है।पहली यात्रा जगन्नाथपुरीसेशुरू किया और चार धाम 12ज्योर्तिलिंग का दर्शन करने के पश्चात पूरे भारत की यात्रा कर पुनः जगन्नाथ जी के दरबार में पहुंच कर दर्शन वन्दन कर उक्त यात्रा को पूरा किया। पुनः बताया कि नेपाल में पहुंच कर पशुपति नाथ, मुक्तिनाथ,का दर्शन करने के पश्चात अयोध्या, हरिद्वार दर्शन करते घर को निकल जायेंगे। अपने यात्रा के वृतांत का उल्लेख करते हुए कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने चेन्नई से लेकर कन्याकुमारी तक रहने खाने की व्यवस्था दी थी, अपने पूरे परिवार से मुलाकात कराकर खुशी का इजहार किया और गोल्ड मेडल देकर सम्मानित भी किया। उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि बतौर अभिभावक के रूप में उन्होंने आश्वासन दिया कि रास्ते में किसी प्रकार की दिक्कत होगी तो मुझे काल करना जिससे मुझे एक बहुत बड़ा आत्मबल मिला और अन्य लोगों के लिए एक उदाहरण पेश किया। शिव राजपूत ने बताया कि हैदराबाद में एक पेट्रोल पंप से मेरी सायकिल सामान सहित रात्रि विश्राम के दौरान चोरी हो गई मुझे पैदल चलते देख एक बुजुर्ग ने सारा वृत्तांत पूछ कर मानवता का मिशाल पेश करते हुए सायकिल और मोबाइल सहित अन्य सामान को उपलब्ध कराया इससे साबित होता है कि अगर इंसानियत है तो भगवान साथ देता है।शिव राजपूत की सायकिल यात्रा जब अरुणाचल पहुंची तो एक मंदिर का दर्शन करने के पश्चात गीता पढ रहे मंदिर के एक पुजारी ने बताया कि महादेव सबको नहीं बुलाते जिसको बुलाते वहीं आता है। यात्रा करने को लेकर हुई बातचीत में शिव राजपूत ने बताया कि रास्ते में देवाधिदेव महादेव की कृपा से दो बंदे सुबह शाम मिलते थे नाश्ता -भोजन देकर कहां चले जाते थे इसकी मुझे जानकारी नहीं हो पाई। रास्ते में सायकिल बहुत बिगड़ी लेकिन हिम्मत नहीं हारा यह तीसरी सायकिल है। यह भी बताया कि जानवर देखने की इच्छा थी लेकिन केवल हाथी देखने को मिला। केरल -कर्नाटक का वार्डर है वैरनाड वहीं पर हाथी देखने को मिला। यह तो भी बताया कि रास्ते में मैंने किसी व्यक्ति से कुछ नहीं मांगा है जो भी मदद मिल रही थी महादेव के कृपा से। परिवार की चर्चा पर बताया कि घर में मम्मी पापा,दो भाई एक बहन है बड़े भाई की शादी हो चुकी है लेकिन मैं आजीवन अविवाहित रहूंगा। लौटते समय जनपद संतकबीर के कुडवा गांव में रात्रि विश्राम किया सुबह धानी बाजार में मुलाकात हुई तो बड़े गर्व से साथ बताया कि तीन साल आठ माह पांच दिन में चार धाम 12ज्योर्तिलिंग के दर्शन के पश्चात भारत भ्रमण यात्रा में जगह जगह भाई चारा देखने को मिला। इससे साबित होता है कि भारत धर्मो का देश रहा है आज भी भारतीय संस्कृति की परम्परा में दया धर्म श्रद्धा, त्याग समर्पण विश्वास मानवता, भाईचारा कायम है। इसे देख मन बड़ा गदगद हुआ।

### गुंडा एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई, तीन शातिर छह माह के लिए जिला बदर

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** जनपद में अपराध एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस प्रशासन ने गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत बड़ी कार्रवाई की है। सक्षम प्राधिकारी के आदेश पर तीन आदतन अपराधियों को छह माह के लिए जिला बदर कर दिया गया है, जबकि एक अन्य आरोपित को आगामी छह माह तक प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को संबंधित थाने में अनिवार्य रूप से हाजिरी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार जिला बदर किए गए आरोपितों में कोतवाली क्षेत्र के पिपरा बाबू अंसारी टोला निवासी अजमल अंसारी, घुघली थाना क्षेत्र के रामपुर बलडीहा निवासी गुड्डू यादव उर्फ अनिल यादव तथा पनियरा थाना क्षेत्र के मंजूरी निवासी विद्यासागर शामिल हैं। वहीं ठूठीबारी थाना क्षेत्र के बेलवा निवासी श्रवण को छह माह तक प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को थाना ठूठीबारी में उपस्थित होकर हाजिरी दर्ज कराने का आदेश दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी आरोपितों के विरुद्ध पूर्व से विभिन्न आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उनकी लगातार आपराधिक गतिविधियों एवं जनशांति और कानून-व्यवस्था पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत यह निवारक कार्रवाई की गई है। प्रशासन का मानना है कि ऐसे अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण से आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी तथा अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने कहा कि जनपद में संगठित अपराध, आदतन अपराधियों तथा समाज में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा करने वाले तत्वों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत लगातार कठोर कार्रवाई की जा रही है।

# खुरपका-मुंहपका से बचाव के लिए 40 दिवसीय टीकाकरण अभियान शुरू

▸ 48,839 पशुओं को लगेगा मुफ्त टीका

**समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।**



पशुओं को खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) जैसी संक्रामक एवं जानलेवा बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से बुधवार को निघासन ब्लॉक परिसर से राष्ट्रव्यापी वार्षिक एफएमडी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) जयेश कुमार सिंह ने टीकाकरण अभियान में लगी विशेष वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सौरभ सिंघई ने बताया कि यह अभियान बुधवार से शुरू होकर अगले 40 दिनों तक चलेगा। अभियान के तहत निघासन तहसील क्षेत्र के कुल 48,839 छोटे-बड़े मवेशियों को निःशुल्क खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) का टीका लगाया जाएगा। इसके लिए विभाग की टीम गांव-गांव पहुंचकर पशुपालकों के घरों एवं पशुशालाओं में जाकर टीकाकरण करेगी।

उन्होंने बताया कि खुरपका-मुंहपका एक अत्यंत संक्रामक वायरल रोग है, जो गाय, भैंस, बकरी सहित अन्य दुधारू एवं खुर वाले पशुओं को प्रभावित करता है। इस बीमारी से पशुओं में तेज बुखार, मुंह और खुरों में छाले पड़ जाते हैं, जिससे दूध उत्पादन में भारी गिरावट आती है और पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। समय पर टीकाकरण से इस बीमारी की रोकथाम संभव है।

डॉ. सिंघई ने क्षेत्र के सभी पशुपालकों से अपील की कि जब टीकाकरण टीम उनके गांव पहुंचे तो अपने सभी पात्र पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित और निःशुल्क है तथा पशुओं के स्वास्थ्य एवं पशुपालकों की आजीविका की सुरक्षा के लिए बेहद आवश्यक है।

अभियान के शुभारंभ के अवसर पर वेटरनरी फार्मासिस्ट सियाराम राणा, पशुधन प्रसार अधिकारी मोहन सिंह राणा, सहित विभाग के पैरावेट, वैक्सीनेटर एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए विभाग पूरी तत्परता से कार्य करेगा, ताकि क्षेत्र के सभी लक्षित पशुओं का समयबद्ध टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके।

# बूथ की मजबूती से ही होगी संगठन की मजबूती: संजीव राय




**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** फरेंदा कस्बे में स्थित पटवा मैरेज हाल में आज बुधवार को भाजपा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गोरखपुर संजीव राय रहे। उन्होंने बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों एवं कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए भाजपा की नीतियों व विकास कार्यो को जन जन तक पहुंचने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की वास्तविक शक्ति हमारे बूथ अध्यक्ष एवं समर्पित कार्यकर्ता हैं। बूथ की मजबूती ही संगठन की मजबूती है और सशक्त संगठन ही विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का आधार है। प्रत्येक कार्यकर्ता केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने, समाज के प्रत्येक वर्ग से सतत संवाद बनाए रखने तथा संगठन के प्रत्येक अभियान को पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं उत्साह के साथ सफल बनाने का संकल्प लेकर कार्य करें।

# ‘आस्था रहेगी, जोखिम नहीं’ जालिमनगर घाट का डीएम व एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण, स्नान पर रहेगी रोक

## कटान क्षेत्र का जायजा लेकर बोले डीएम: ‘श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि, स्नान की जगह उपलब्ध कराया जाएगा पवित्र जल’

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी**



आगामी श्रावण माह में श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीएम अंजनी कुमार सिंह एवं एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने तहसील एवं थाना धौरहरा क्षेत्र अंतर्गत जालिमनगर घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कटान प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेने के साथ ग्रामीणों से संवाद कर वर्तमान परिस्थितियों की जानकारी लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सेनानायक द्वितीय वाहिनी पीएसी सीतापुर/बाढ़ आपदा बचाव राहत दल संतोष कुमार मीणा, एएसपी (पूर्वी) पवन गौतम, एसडीएम राशि कृष्णा, सीओ शमशेर बहादुर सिंह, बीडीओ सर्वेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों एवं नदी के कटान को देखते हुए श्रद्धालुओं के नदी में स्नान पर रोक रहेगी। श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए प्रशासन द्वारा नदी का पवित्र जल उपलब्ध कराने की समुचित वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाट क्षेत्र में जनजागरूकता के लिए पर्याप्त संख्या में बैनर एवं फ्लेक्स लगाए जाएं, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य सभी सुरक्षा संबंधी प्रबंध समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि मानव जीवन की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस वर्ष गत वर्षो की अपेक्षा अधिक सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं से प्रशासन द्वारा निर्धारित व्यवस्थाओं का पालन करने तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। एसपी डॉ.ख्याति गर्ग ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत जालिमनगर घाट पर व्यापक पुलिस प्रबंध किए जाएंगे। संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी तथा किसी भी व्यक्ति को प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमें लगातार निगरानी रखेंगी और सभी व्यवस्थाओं का सतत अनुश्रवण किया जाएगा। डीएम-एसपी ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे नदी में स्नान करने का प्रयास न करें। प्रशासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा निर्देशों का पूर्ण पालन करें। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल पुलिस अथवा प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दें।श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं शांतिपूर्ण ढंग से श्रावण मेले का आयोजन सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# प्रत्येक गर्भवती महिला की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए: डॉ. रेनू

**समृद्धि न्यूज़, जालौन (उरई)।** मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन का तकनीकी मूल्यांकन किया गया। लखनऊ तकनीकी सहायता इकाई की विशेषज्ञ टीम ने अस्पताल की विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम ने विशेष रूप से एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, उपचार और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने पर जोर दिया। लखनऊ से आई तकनीकी सहायता इकाई की सदस्य डॉ. रेनू, डॉ. दीक्षा और डॉ. सुरभि ने अस्पताल पहुंचकर लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर, ओपीडी, प्रसवोत्तर वार्ड (पीएनसी), जनरल वार्ड, एनबीएसयू, लैब और महिला चिकित्सक डॉ. गरिमा सिंह के कक्ष का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, साफ, सफाई, आवश्यक उपकरणों, दवाओं की उपलब्धता और उपचार व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, नियमित प्रसव पूर्व जांच, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान और रेफरल व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान खून की कमी (एनीमिया) मातृ मृत्यु का एक प्रमुख कारण है।

# बिजुआ में सामाजिक समरसता सम्मेलन, भाजपा ने भरी चुनावी हुंकार

▸ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर कार्यक्रम, संगठन विस्तार और बूथ सशक्तीकरण पर जोर

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी**



भारतीय जनता पार्टी की ओर से गुरुवार को बिजुआ में सामाजिक समरसता सम्मेलन का आयोजन किया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मेलन में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा एवं भाजपा नेता विपिन मिश्रा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए दिए गए योगदान को याद किया।

मुख्य अतिथि अजय मिश्रा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पार्टी की नीतियां पहुंचाने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों को देखते हुए बूथ स्तर पर संगठन को और सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया।

अपने संबोधन में अजय मिश्रा ने भाजपा नेता विपिन मिश्रा की कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें क्षेत्र का सक्रिय और ऊर्जावान नेतृत्व बताया तथा कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया। सम्मेलन में पूर्व मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान ‘भारत माता की जय’ और ‘डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहें’ के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। अंत में कार्यकर्ताओं ने सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने, संगठन के विस्तार और आगामी चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

# वेतन वृद्धि व स्थायी सेवा की मांग को लेकर गरजे ग्राम प्रहरी, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**



ग्राम प्रहरी (ग्रामीण चौकीदार) संघ ने गुरुवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। संघ ने ग्राम प्रहरियों का मानदेय बढ़ाने, राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, सेवाएं नियमित करने तथा खाकी वर्दी उपलब्ध कराने की मांग उठाई। संघ के जिलाध्यक्ष इन्द्रजीत ने कहा कि ग्राम प्रहरियों से आज भी वर्ष 1873 के ब्रिटिशकालीन कानून के तहत कार्य कराया जा रहा है, जबकि समय के साथ उनकी जिम्मेदारियां लगातार बढ़ी हैं। गांवों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने, अपराध नियंत्रण में पुलिस का सहयोग करने तथा विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में अहम भूमिका निभाने के बावजूद उन्हें पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में ग्राम प्रहरियों को मात्र 2,500 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है, जो बढ़ती महंगाई के बीच जीवन-यापन के लिए नाकाफी है। मांग की गई कि अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के मानकों के अनुरूप न्यूनतम 24,400 रुपये प्रतिमाह मानदेय निर्धारित किया जाए तथा ग्राम प्रहरियों को राज्य कर्मचारी घोषित कर उनकी सेवाएं स्थायी की जाएं।

जिलाध्यक्ष ने यह भी मांग की कि ग्राम प्रहरियों को लाल साफे के स्थान पर खाकी पैंट-शर्ट, लाल टोपी, बेल्ट, जूते तथा ‘ग्राम प्रहरी’ अंकित पहचान चिह्न उपलब्ध कराया जाए, जिससे उन्हें पुलिस व्यवस्था का अभिन्न अंग होने की पहचान मिल सके।

प्रदेश संयुक्त सचिव शिव कुमार कन्नौजिया ने कहा कि पुलिस रेगुलेशन के अनुसार ग्राम प्रहरियों का मुख्य दायित्व गांवों में चौबीसों घंटे निगरानी रखना है, लेकिन उनसे थानों में अतिरिक्त ड्यूटी भी कराई जाती है। उन्होंने प्रतिदिन छह से आठ घंटे की नियमित ड्यूटी निर्धारित करने तथा बेगार जैसी व्यवस्था समाप्त करने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान सीधई यादव, योगेंद्र, रघुनाथ, जलाउद्दीन, सज्जाद, फूलबदन, अनिल, विनोद, कौशल्या, नीमा देवी, किशनावती, सुमित्रा सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रहरी मौजूद रहे।

# टीएससीटी समूह ने स्व. रविन्द्र के परिवार को लगभग 51 लाख रुपए का किया सहयोग



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** विकास खंड फरेंदा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मधुकरपुर महदेवा द्वितीय में कार्यरत रहे शिक्षक स्व0रविन्द्र जी के परिवार को टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने लगभग 51 लाख रु. का सहयोग कर मानवता का मिशाल पेश किया है। बताते चलें कि रविन्द्र का असामयिक निधन विगत वर्ष हो गया था , वे टीएससीटी परिवार के नियमित सदस्य थे उन्होंने टीम से जुड़ने के सभी सदस्यों ने सहयोग किया है। टीएससीटी प्रदेश के शिक्षकों का आपसी सहयोग एवं समन्वय से बनी यह एक एक ऐसी टीम है जो अपने सदस्यों के असामयिक निधन पर उनके परिवार को लगभग 50 लाख से अधिक का सहयोग प्रति माह कराती आ रही है । इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय मधुकरपुर में खण्ड शिक्षा अधिकारी फरेन्दा अगनित कुमार गौड़ की अध्यक्षता में स्व0 रविन्द्र जी की श्रद्धाजंलि सभा आज विकास खंड फरेंदा के सभागार में आयोजित की गई और सभी शिक्षकों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए परिवार के साथ खड़े रहने का सम्बल दिया है। स्व0 रविन्द्र के पुण्य स्मृति में उनकी पत्नी गुड़िया देवी द्वारा विद्यालय परिसर में ट्रीगार्ड के साथ तीन फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया गया एवं बच्चों हेतु विद्यालय में इन्वर्टर भी लगवाया गया ।